RNI NO.: MAHHIM/2013/52540

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 11 ■ अंक 257 ■ नाशिक, बुधवार 24 सितंबर 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



टैरिफ चुनौती के बीच आर्थिक रफ्तार

पेज-4



अधिकृत एजेंसी से होगी आउटसोर्स कार्मिकों की भर्ती : योगी सरकार

पेज-6



बैलेंस लाइफ जीती थीं शेफाली : पराग त्यागी

पेज-10

शारदीय नवरात्रि तीसरा दिन

मां चंद्रघंटा



पूजा मंत्र :

पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघंटेति विश्रुता॥

पेज-8

# भारत-पाक युद्ध रुकवाया: ट्रंप

## भारत-चीन पर साधा निशाना, युद्ध की फंडिंग का लगाया आरोप

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भाषण दिया। यहां ट्रंप ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने का श्रेय लिया। साथ ही रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत और चीन पर निशाना साधा। इसके अलावा उन्होंने टैरिफ, परमाणु हथियार, अवैध अप्रवासन समेत कई मुद्दों पर बात की।

**'रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन में युद्ध की फंडिंग कर रहे चीन और भारत'**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन में चल रहे रूसी युद्ध की फंडिंग कर रहे हैं। चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर इस युद्ध को वित्तपोषित करने वाले मुख्य देश हैं।

**नाटो देशों की आलोचना की, रूस को दी धमकी**

ट्रंप ने कहा कि नाटो देशों ने भी रूसी ऊर्जा और रूसी ऊर्जा उत्पादों पर ज्यादा रोक नहीं लगाई है। मुझे लगभग



दो सप्ताह पहले यह पता चला और मैं इससे खुश नहीं था। वे अपने ही खिलाफ युद्ध की फंडिंग कर रहे हैं। किसने इसके बारे में सुना है? अगर रूस युद्ध समाप्त करने के लिए कोई समझौता करने को तैयार नहीं होता तो अमेरिका उस पर कड़े टैरिफ़ लगाने के लिए पूरी तरह तैयार है। मेरा मानना है कि इससे रक्तपात बहुत जल्दी रुक जाएगा। इन टैरिफ्स के प्रभावी होने के लिए यूरोपीय देशों को हमारे साथ मिलकर ठीक यही उपाय अपनाने होंगे।

**संयुक्त राष्ट्र की आलोचना की**

ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में अपार क्षमता है। लेकिन यह उस क्षमता के करीब भी नहीं पहुंच पा रहा है। कम से कम अभी तो ऐसा लगता है कि वे बस एक बहुत ही कड़े शब्दों वाला पत्र लिखते हैं और फिर उस पर अमल नहीं करते। संयुक्त राष्ट्र खोखला हो गया और खोखले शब्दों से युद्ध हल नहीं होते। संयुक्त राष्ट्र को युद्धों को समाप्त करने पर ध्यान देना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र हमारे लिए नहीं है। अगर सदस्य देश इसका प्रभावी ढंग से उपयोग करने को तैयार हों, तो इस संगठन में काफी ताकत है।

शेष पेज 7 पर

### लोग चाहते हैं मुझे नोबेल शांति पुरस्कार मिले

ट्रंप ने कहा कि हर कोई कहता है कि मुझे युद्ध विराम की उपलब्धियों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। लेकिन मेरे लिए असली पुरस्कार वे बेटे और बेटियां होंगे जो अपने माता-पिता के साथ बड़े होंगे क्योंकि लाखों लोग अब अंतहीन और अपमानजनक युद्धों में नहीं मारे जा रहे हैं। मुझे पुरस्कार जीतने की नहीं, बल्कि जान बचाने की परवाह है। हमने सात युद्धों में लाखों लोगों की जान बचाई। और हमारे पास और भी हैं जिन पर हम काम कर रहे हैं।

### सात युद्ध रुकवाने का लिया श्रेय

ट्रंप ने कहा कि मैंने अपने सात महीने के प्रशासन में सात देशों में चल रहे अकल्पनीय युद्ध को समाप्त कराया। इनमें कंबोडिया-थाईलैंड, कोसोवो-सर्बिया, कांगो-रवांडा, भारत-पाकिस्तान, इस्राइल-ईरान, मिस्र और इथोपिया और आर्मेनिया-अजरबैजान शामिल हैं। यह बहुत बुरा है कि ये काम संयुक्त राष्ट्र के बजाय मुझे करने पड़े। दुख की बात है कि इन सभी मामलों में संयुक्त राष्ट्र ने इनमें से किसी में भी मदद करने की कोशिश नहीं की।





### मोहनलाल को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

नेशनल फिल्म अवॉर्ड सेरेमनी मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मलयालम एक्टर मोहनलाल को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके अलावा शाहरुख खान को फिल्म जवान और विक्रांत मैसी को फिल्म 12th फेल के लिए बेस्ट एक्टर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। रानी मुखर्जी ने मिसेस चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड हासिल किया। शाहरुख खान, विक्रांत मैसी और रानी का यह पहला नेशनल अवॉर्ड है।

विस्तृत पेज 10 पर

**Short News** एक नजर

### भारतीय हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानों के लिए जारी रहेगी 'No Entry'

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद रखने की समयसीमा को फिर से बढ़ा दिया है। पड़ोसी मुल्क के सैन्य या नागरिक विमान 24 अक्टूबर तक भारत के एयरस्पेस में एंट्री नहीं कर सकेंगे। पाकिस्तान ने भी भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस 24 अक्टूबर तक बंद रखने की घोषणा कर दी है। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद किया था, जिसके बाद पाकिस्तान ने भी भारतीय विमानों के लिए एयरस्पेस बंद रखने का एलान कर दिया था।

### चार दोस्तों सहित 5 की जिंदा जलकर मौत



**अलीगढ़।** अलीगढ़-कानपुर हाईवे पर गोपी ओवरब्रिज पर मंगलवार सुबह भीषण हादसा घटित हुआ। एक कार डिवाइडर पार कर सामने से आ रहे टैंकर से टकरा गई जिससे दोनों वाहनों में आग लग गई। कार में सवार चार लोग और टैंकर ड्राइवर की मृत्यु हो गई। कार सवार एक व्यक्ति को लोगों ने बचा लिया उसे अस्पताल भेजा गया है।

### एम करुणानिधि की मूर्ति लगाने पर रोक

**चेन्नई।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि नेताओं का महिमामंडन करने के लिए जनता के पैसों का



इस्तेमाल क्यों किया जाए? राज्य सरकार पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि की मूर्ति लगाने की परमिशन के लिए याचिका लेकर पहुंची थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा- इसकी अनुमति नहीं है। आप अपने पूर्व नेताओं के महिमामंडन के लिए जनता के पैसों का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं?

### भारत का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी फटा


**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान-निकोबार के बैरन आइलैंड में बीते 8 दिनों के भीतर दो बार हल्के ज्वालामुखी विस्फोट हुए हैं। यहां भारत का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी है। यह ज्वालामुखी 13 और 20 सितंबर को फटा, हालांकि दोनों बार विस्फोट हल्के दर्जे के थे और आसपास के इलाकों पर किसी तरह का खतरा नहीं है। बैरन आइलैंड पोर्ट ब्लेयर से करीब 138 किलोमीटर दूर है और यह दक्षिण एशिया का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी है। यह लगभग 3 वर्ग किलोमीटर का निर्जन द्वीप है, जिस पर ज्वालामुखी की राख और पत्थर फैले रहते हैं। यह द्वीप 354 मीटर ऊंचा है और अंडमान-निकोबार की खास पहचान माना जाता है।

# बारिश ने कोलकाता को किया बेहाल

## आठ लोगों की मौत, ट्रेन-फ्लाइट रद्द, स्कूल-कॉलेज बंद...

**महानगर नेटवर्क**
**कोलकाता**

कोलकाता में भारी बारिश के कारण हालात खराब हो गए हैं। मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश ने शहर में तबाही मचा दी है। बारिश के कारण बिजली का करंट लगने से आठ लोगों की जान चली गई। लगभग 3 साल बाद इतनी बारिश हुई है। भारी बारिश होने से हवाई, रेल और सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। आलम यह है कि ममता बनर्जी की सरकार को दुर्गा पूजा की छुट्टियां दो दिन पहले ही घोषित करनी पड़ी हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस स्थिति को अभूतपूर्व बताया है और लोगों से घरों में रहने की अपील की



है। इसके साथ ही उन्होंने कंट्रोल रूम बनाने की घोषणा की है। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब तक की हमारी रिपोर्ट के अनुसार, बिजली का करंट लगने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है। कोलकाता एयरपोर्ट चालू रहा। हालांकि, यात्रियों को एयरपोर्ट तक पहुंचने में काफी दिक्कत हुई। शहर के कई पायलट और केबिन क्रू भी समय पर हवाई अड्डे नहीं पहुंच पाए। कोलकाता से हर सुबह कई उड़ानें रवाना होती हैं। चालक दल के सदस्य समय पर नहीं पहुंच सके, जिसके कारण उस दिन लगभग 40 उड़ानें देरी से रवाना हुईं।

### ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी: ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारी बारिश को अभूतपूर्व बताया और फरक्का बैराज से गाद न निकालने और निजी बिजली कंपनी सीईएससी की चूक की आलोचना की। साथ ही उन्होंने लोगों से अपनी सुरक्षा के लिए घरों के अंदर रहने की अपील की। उन्होंने कहा ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी। उन्होंने कोलकाता में आई बाढ़ के लिए यूपी-बिहार को भी जिम्मेदार ठहरा दिया। ममता ने लोगों को घरों से काम करने की सलाह दी है। ममता ने किसी तरह के मुआवजे का ऐलान नहीं किया है।

### युवराज सिंह से ईडी ने की पूछताछ



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह मंगलवार को वनएक्सबेट नामक एक ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुए। वह अपनी कानूनी टीम के साथ दोपहर करीब 12 बजे मध्य दिल्ली स्थित एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। जांच अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की और प्रीवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज किया। इसी मामले में पूछताछ के लिए अन्वेषी जैन नाम की एक इंटरनेट मीडिया इंफ्लूएंसर भी ईडी के सामने पेश हुई।

# राहुल बोले- वोट चोरी, बेरोजगारी का सीधा रिश्ता

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को फिर से बीजेपी पर वोट चोरी के आरोप लगाए। उन्होंने X पर लिखा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। उन्होंने बिहार के बेरोजगार युवाओं का वीडियो शेयर कर लिखा- जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना। लेकिन BJP चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती। वो वोट चोरी और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बने रहते हैं। इसीलिए बेरोजगारी 45 साल के हाई लेवल पर पहुंच चुकी है।



### युवा नौकरी की लूट नहीं सहेंगे

राहुल ने कहा कि अब हालात बदल रहे हैं। भारत का युवा समझ चुका है कि असली लड़ाई सिर्फ नौकरियों की नहीं, बल्कि वोट चोरी के खिलाफ है। क्योंकि जब तक चुनाव चोरी होते रहेंगे, तब तक बेरोजगारी और भ्रष्टाचार भी बढ़ते रहेंगे। अब युवा न नौकरी की लूट सहेंगे, न वोट की चोरी। भारत को बेरोजगारी और वोट चोरी से मुक्त करना ही अब सबसे बड़ी देशभक्ति है।

# ड्रोन और काउंटर-ड्रोन का अभ्यास

### एयर मार्शल बोले- पाकिस्तान की हमारे जैसे बनने की कोशिश, हमें एक कदम आगे रहना होगा

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत अक्टूबर के पहले हफ्ते में 'कोल्ड स्टार्ट' नाम का बड़ा सैन्य अभ्यास करने वाला है। ये एक्सरसाइज ड्रोन और उन्हें रोकने वाली तकनीक यानी काउंटर-ड्रोन सिस्टम की जांच के लिए होगी। इस ड्रिल में ये परखा जाएगा कि हमारी एयर डिफेंस सिस्टम कितनी मजबूत है और किन जगहों पर सुधार की जरूरत है। ये ड्रिल ऑपरेशन सिंदूर के बाद की सबसे बड़ी तैयारी होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इस अभ्यास का मकसद नए हवाई खतरों के खिलाफ सेनाओं की तैयारियों का परीक्षण करना है।



दिल्ली में मंगलवार को आयोजित "काउंटर UAVs और एयर डिफेंस सिस्टम्स" सम्मेलन में एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कहा कि वे भी भारत जैसा बनने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हमें हमेशा एक कदम आगे रहना होगा। एयर मार्शल ने कहा कि PHD चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (PHDCCI) के आकलन के मुताबिक आने वाले 5-6 साल में भारत में 10 हजार से ज्यादा ड्रोन होंगे। यह अनुमान मुख्यालय आईडीएस (HQ IDS) की टेक्नोलॉजी रोडमैप रिपोर्ट के आधार पर लगाया गया है। एयर मार्शल दीक्षित ने आगे कहा कि सम्मेलन में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भी चर्चा हुई, जिसमें भारत की काउंटर-ड्रोन और एयर डिफेंस तकनीकों की सफलता पर जोर दिया गया।

### इटली में फिलिस्तीन समर्थकों ने तोड़फोड़-आगजनी की

**रोम।** इटली में हजारों लोग हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने फिलिस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने से इनकार कर दिया है। सोमवार से शुरू हुए विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए मिलान समेत कई प्रमुख शहरों में सड़कें ब्लॉक कर दी गईं और पोर्ट बंद कर दिए गए। सबसे बड़ी भीड़ मिलान और राजधानी रोम में दिखाई



दी। मिलान में करीब 20 हजार लोग सेंट्रल स्टेशन पर इकट्ठा हो गए और बस-रेलवे स्टेशनों में तोड़फोड़ की। पुलिस पर प्रदर्शनकारियों ने स्मोक बम, बोतलें, पत्थर फेंके और मेलोनी के खिलाफ नारेबाजी की। इसमें 60 पुलिसकर्मी घायल हो गए।
रोम में भी हजारों लोगों ने इकट्ठा होकर फ्री फिलिस्तीन के नारे लगाए। उन्होंने यहां अमेरिकी झंडा भी जलाया। इसके अलावा बोलोग्ना, ट्यूरिन, फ्लोरेंस, नेपल्स और सिसिली में भी विरोध प्रदर्शन हुए।

PM मोदी का आपत्तिजनक फोटो शेयर करने पर भड़के

# भाजपाइयों ने कांग्रेस नेता को साड़ी पहनाई

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

कल्याण में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ता को साड़ी पहनाई और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की। कांग्रेस कार्यकर्ता प्रकाश पगारे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साड़ी में मॉर्फ (छेड़छाड़) की हुई तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की थी।
इसके जवाब में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पगारे को बुलाया और उन्हें साड़ी पहनने के लिए मजबूर किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा के कल्याण जिला अध्यक्ष नंदू परब ने किया।
इधर, कांग्रेस ने भाजपा की कार्रवाई की कड़ी आलोचना की। कल्याण जिला कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पोते ने



इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया। घटना के बाद दोनों पार्टियों के बीच सड़क पर बहस और विरोध प्रदर्शन देखने को मिला।

**कांग्रेस अध्यक्ष बोले- भाजपा नेताओं पर कार्रवाई नहीं होती**

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पोते ने कहा कि पगारे 73 साल के वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता हैं। अगर उन्होंने कुछ गलत पोस्ट किया है, तो भाजपा को उन्हें भ्रमित करके साड़ी पहनाने की बजाय पुलिस में शिकायत करनी चाहिए थी। उन्होंने पुलिस से मांग की कि इस मामले में उचित कार्रवाई की जाए।

# दिवाली हो या छठ... अब मिलेगी कन्फर्म टिकट

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- रेलवे चला रहा 12000 स्पेशल ट्रेन

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

दिवाली और छठ जैसे बड़े त्योहारों में बिहार और उत्तर भारत से भारी संख्या में लोग यात्रा करते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि इस बार त्योहारों के दौरान 12 हजार स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।
यह फैसला रेल मंत्री की बिहार एनडीए नेताओं के साथ हुई बैठक के बाद लिया गया।
उन्होंने कहा कि राज्य के नेताओं से बातचीत कर लोगों की यात्रा जरूरतों को देखते हुए न सिर्फ नई ट्रेनें बल्कि कई और



योजनाएं और परियोजनाएं शुरू की गई हैं।
रेल मंत्री ने बताया कि त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए चार नई अमृत भारत ट्रेनें शुरू की जाएंगी। ये ट्रेनें दिल्ली-गया, सहरसा-अमृतसर, छपरा-दिल्ली और मुजफ्फरपुर-हैदराबाद के बीच चलेंगी। इनका मकसद जनरल क्लास के यात्रियों को बेहतर सुविधा देना है। दिल्ली में हुई बैठक में बिहार एनडीए के नेताओं ने रेल मंत्री से त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राज्य के यात्रियों की सुविधाओं पर खास ध्यान देने का आग्रह किया। इस मौके पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन पर्वों पर पिछले साल हमने 7500 स्पेशल ट्रेनें संचालित की थीं और इस बार हम अपनी क्षमता को और भी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार छठ और दिवाली पर यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए इंडियन रेलवे का लक्ष्य 12 हजार स्पेशल ट्रेनें चलाने का है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इंडियन रेलवे की ओर से अभी तक 10 हजार स्पेशल ट्रेनों की अधिसूचना जारी की जा चुकी है। छठ-दिवाली के लिए चलाई जाने वाली इन स्पेशल ट्रेनों में 150 ट्रेनें पूरी तरह से अनारक्षित कैटेगरी की होंगी और ये ट्रेनें अंतिम समय में चलाई जाएंगी।

### किराए में 20% की छूट

रेल मंत्री ने एक नई प्रयोगात्मक योजना की भी जानकारी दी। इसके तहत 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक यात्रा करने वाले यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलेगा। वहीं, 17 नवंबर से 1 दिसंबर तक वापसी यात्रा करने पर किराए में 20% की छूट दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन अगले महीने की पहली तारीख यानी 1 अक्टूबर से शुरू होगा और 15 नवंबर तक किया जाएगा।

ट्रम्प की पार्टी के नेता बोले-

# हनुमानजी झूठे भगवान

**महानगर नेटवर्क**
**टेक्सास**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के नेता अलेक्जेंडर डंकन ने भगवान हनुमान की प्रतिमा पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने इसे झूठे भगवान की झूठी प्रतिमा कहा है। डंकन ने X पर लिखा-हम टेक्सास में एक झूठे हिंदू भगवान की झूठी मूर्ति क्यों लगने दे रहे हैं? हम एक ईसाई राष्ट्र हैं। डंकन के इस बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (HAF) ने इसे लेकर विरोध किया और इसे हिंदू विरोधी बताया। कई अन्य संगठनों ने भी इसे धार्मिक आस्था पर हमला बताते हुए माफी की मांग की है। अमेरिकी नागरिकों ने भी इसकी घोर निंदा की है। फिलहाल डंकन की ओर से कोई आधिकारिक सफाई नहीं दी गई है।

**टेक्सास में भगवान हनुमान की 90 फीट ऊंची मूर्ति**

अमेरिका के टेक्सास राज्य के शुगर लैंड में मौजूद श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में भगवान हनुमान की 90 फीट ऊंची कांसे की मूर्ति है। इसे 'स्टैच्यू ऑफ यूनियन' कहा जाता है। यह भारत के बाहर हनुमानजी की सबसे ऊंची मूर्ति है। मूर्ति का वजन 90 टन है और इसे पांच धातुओं के मिश्रण से बनाया गया है। हनुमानजी को अभय मुद्रा में हाथ आगे करके और गदा के साथ दिखाया गया है।

# कर्नाटक में जातीय जनगणना पर विवाद

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में जातियों की सामाजिक-आर्थिक सर्वे शुरू होने के साथ ही यह विवाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। लिंगायत, वोक्कालिगा और ब्राह्मण जैसे समुदायों के संगठनों ने राज्य सरकार के सर्वेक्षण कराने के अधिकार को चुनौती दी है। अखिल कर्नाटक ब्राह्मण महासभा, कर्नाटक वोक्कालिगा संघ और वीर शिवा लिंगायत महासभा समेत कई संगठनों ने याचिका दायर कर सर्वेक्षण पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सरकार का यह कदम संविधान के आर्टिकल 342 (A) का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सरकार डेटा इकट्ठा करने के लिए जियो-टैगिंग और आधार कार्ड को लिंक करने जैसा तरीका अपना रही है, वह आधार एक्ट के नियमों का उल्लंघन है। कर्नाटक में जाति के हिसाब से आर्थिक सर्वेक्षण पर विवाद बढ़ता जा रहा है। राज्य की कई जातियों ने इसे गैरजरूरी बताते हुए कहा है कि यह राजनीति से प्रेरित होकर किया जा रहा है।

# भिवंडी में खाद माफिया पर बड़ी कार्रवाई, 78 लाख की यूरिया जब्त



महानगर संवाददाता

भिवंडी

भिवंडी तालुका में कृषि विभाग और पडघा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए खाद माफियाओं के गोरखधंधे का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कुरुंद गांव स्थित एक गोदाम से 2668 बैग में रखे 78 लाख 11 हजार 736 रुपये मूल्य के सब्सिडी वाले यूरिया खाद का अवैध स्टॉक जब्त किया है। इस मामले में कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर पडघा पुलिस स्टेशन और ठाणे ग्रामीण अपराध शाखा की टीम ने मुंबई-नाशिक राजमार्ग पर भोईरपाड़ा गांव के पास जाल बिछाकर दो ट्रकों (क्रमांक K.A.16/AA/4849 और K.A.16/AA/4846) को रोका। जांच में पता चला कि कृषि उपयोग के लिए निर्धारित यूरिया को औद्योगिक उपयोग हेतु सफेद बोरियों में दोबारा पैक किया जा रहा था। सूचना की पुष्टि होते ही कृषि विभाग के अधिकारी और गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक मौके पर पहुंचे। इसके बाद कुरुंद स्थित के-स्क्वायर लॉजिस्टिक पार्क के गोदाम क्रमांक D-8 पर छापा मारा गया। यहां री-पैकिंग की बड़ी खेप बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि मौके से 9 मजदूर और 3 ट्रक चालकों को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में 1217 बोरे यूरिया (कीमत 35 लाख 90 हजार रुपये), खाली पीली-सफेद बोरियां, सिलाई मशीन, नायलॉन रस्सी और दो ट्रक समेत कुल 1 करोड़ 28 लाख 31 हजार 736 रुपये का माल जब्त किया गया है। कृषि अधिकारी की शिकायत पर पडघा थाने में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# नवरात्रि में डांडिया-गरबा पर सख्त नजर

- छेड़छाड़ और चोरी रोकने के लिए कल्याण पुलिस तैनात

महानगर संवाददाता

ठाणे

नवरात्रि उत्सव की धूम पूरे शहर में देखने को मिल रही है। सार्वजनिक उत्सवों के तहत खुले मैदानों और हॉल में डांडिया और गरबा का आयोजन किया जा रहा है। देवी की आराधना के साथ ही युवाओं का उत्साह गरबा-डांडिया खेलने में भी चरम पर है। ऐसे में भीड़ का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व छेड़छाड़ और चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश करते हैं। इन घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस उपायुक्त अतुल डोंडे के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस बंदोबस्त किए गए हैं।

गरबा और डांडिया के दौरान महिलाओं और युवतियों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार रोकने के लिए विशेष महिला पुलिस टीम तैनात की गई है। अगर किसी स्थल पर छेड़छाड़ होती है तो पीड़ित महिलाएँ नज़दीकी पुलिस थाने या विशेष पुलिस टीम से तुरंत संपर्क कर सकती हैं। पुलिस ने अपील की है कि महिलाएँ और युवतियाँ



रात में गरबा-डांडिया खेलते समय एक जगह से दूसरी जगह जाते हुए सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें। भीड़ में चोरी की घटनाएँ रोकने के लिए पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। गरबा स्थलों पर मोबाइल फोन चोरी की घटनाएँ बढ़ सकती हैं, इसलिए मोबाइल का ध्यान रखना बेहद ज़रूरी है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चोर हार और गहने छीनने की भी कोशिश करते हैं। पुलिस ने सुझाव दिया है कि गरबा स्थल पर असली गहनों का इस्तेमाल न करें, क्योंकि वे चोरी हो सकते हैं या खेलते समय गिरकर खो सकते हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत शहर में 2 पुलिस उपायुक्त, 3 सहायक पुलिस आयुक्त, 22 पुलिस निरीक्षक, 75 सहायक निरीक्षक और उपनिरीक्षक, 11 महिला अधिकारी, 502 पुलिस अंमलदार, 160 महिला पुलिस अंमलदार और 1 एसआरपीएफ प्लाटून तैनात किया गया है। इसके अलावा गरबा-डांडिया स्थलों और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस गश्त करेगी। मूर्तियों से छेड़छाड़ और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि को रोकने के लिए एक विशेष महिला पुलिस दल तैयार रखा गया है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नवरात्रि उत्सव को शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से मनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। श्रद्धालुओं और युवाओं से अपील की गई है कि वे नवरात्रि के आनंद में शामिल हों, लेकिन पूरी सतर्कता और जागरूकता के साथ।

# कोल्हापुर में 'स्मार्ट पार्किंग' व्यवस्था शुरू

**यातायात प्रबंधन को नई दिशा : पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई**

महानगर संवाददाता

मुंबई



महाराष्ट्र के प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र कोल्हापुर में बढ़ती भीड़ खासकर नवरात्रोत्सव के दौरान होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए, राज्य के पर्यटन विभाग ने अत्याधुनिक 'स्मार्ट पार्किंग' प्रणाली शुरू की है। पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई ने बताया कि इस महत्त्वाकांक्षी पहल से यातायात जाम कम होगा और पर्यटकों को सुविधाजनक तथा सुखद अनुभव मिलेगा।

पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा कि कोल्हापुर महाराष्ट्र की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है। स्मार्ट पार्किंग प्रणाली से पर्यटकों का अनुभव समृद्ध होगा, पर्यावरण का संरक्षण होगा और यातायात प्रबंधन को नई दिशा मिलेगी। राज्य सरकार की योजना इसे अन्य पर्यटन स्थलों पर भी लागू करने की है। इस प्रणाली का उद्देश्य शहर के मध्यवर्ती भाग में आसानी से पार्किंग उपलब्ध कराना और यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित करना है। मोबाइल ऐप आधारित इस प्रणाली से पर्यटक और स्थानीय नागरिक पार्किंग की जगह खोजकर पहले से ही बुक कर सकेंगे।

उन्होंने आगे बताया कि यह परियोजना पर्यटन विभाग, जिलाधिकारी कार्यालय कोल्हापुर और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सफलतापूर्वक कार्यान्वित की गई है। इससे कोल्हापुर का सांस्कृतिक और पर्यटन अनुभव और भी सुविधाजनक और सुखद होगा।

**इस प्रणाली की मुख्य विशेषताएं**

ऑनलाइन बुकिंग : पर्यटक मोबाइल ऐप या क्यूआर कोड से पार्किंग की जगह पहले से बुक कर सकेंगे। रियल-टाइम अपडेट्स : उपलब्ध पार्किंग स्थलों की जानकारी लगातार अपडेट होती रहेगी। जाम में कमी : गाड़ियों के लिए पार्किंग खोजने में समय बर्बाद नहीं होगा, जिससे ट्रैफिक जाम घटेगा। सुरक्षा : पार्किंग व्यवस्था अधिक सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनेगी।

पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव डॉ. अतुल पाटणे ने कहा कि यह प्रणाली जिम्मेदार और शाश्वत पर्यटन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से पर्यटकों को सुविधाजनक सेवा प्रदान करना और उनके अनुभव को सुखद बनाना ही हमारा उद्देश्य है।

**पर्यटकों के लिए वरदान - निदेशक डॉ. बी. एन. पाटिल**

इस प्रणाली के उपयोग में आसान ऐप और रियल-टाइम अपडेट्स पर्यटकों के लिए वरदान साबित होंगे। इससे प्राप्त होने वाली जानकारी भविष्य की सुविधाओं के विकास के लिए मार्गदर्शक बनेगी।

# महावितरण की लापरवाही से 6 साल की बच्ची की दर्दनाक मौत, एक घायल

महानगर संवाददाता

नालासोपारा

नालासोपारा के डांगेवाड़ी इलाके में महावितरण की कथित लापरवाही ने एक बार फिर एक मासूम की जान ले ली। सोमवार की रात एक जर्जर ट्रांसफॉर्मर में लगी भीषण आग में झुलसने से 6 साल की नसरीन परवीन शेख की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में एक और लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। इस घटना से स्थानीय लोगों में महावितरण के खिलाफ भारी गुस्सा है और उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह दिल दहला देने वाली घटना सोमवार रात करीब 7:30 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डांगेवाड़ी में लगा महावितरण का ट्रांसफॉर्मर अचानक आग की लपटों में घिर गया। इस हादसे में नसरीन परवीन शेख बुरी तरह झुलस गई। उसे तुरंत

**नागरिकों में भारी आक्रोश**



बोळींज महापालिका अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से उसे मुंबई के कस्तूरबा अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्य से, मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे नसरीन ने दम तोड़ दिया।

**नागरिकों का फूटा गुस्सा**

इस दुखद घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने सड़कों पर उतरकर महावितरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि उन्होंने कई बार ट्रांसफॉर्मर की खराब हालत के बारे में महावितरण को शिकायत की थी, लेकिन उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया गया। नागरिकों का कहना है कि अगर समय रहते ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत की जाती, तो यह हादसा टाला जा सकता था और मासूम की जान बच सकती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब महावितरण की लापरवाही के कारण किसी की जान गई हो। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले विरार में भी इसी तरह के एक हादसे में एक युवक, जयेश घरत, की मौत हो गई थी। बार-बार हो रही ऐसी घटनाएं महावितरण के रखरखाव और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर गंभीर सवाल उठाती हैं।इस मामले पर नालासोपारा के सहायक पुलिस आयुक्त सुनील जायभाये ने एडीआर दर्ज कर जांच शुरू करने का आश्वासन दिया है।

# बादशाह लाउंज और अवैध हुक्का पार्लर पर पुलिस की कार्रवाई

**काशीमीरा।** वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर अपराध प्रकटीकरण शाखा 1 के प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार शिंदे एवं उनकी टीम ने अवैध हुक्का पार्लरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत भायंदर पूर्व, गोल्डन नेस्ट स्थित बादशाह लाउंज पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान यह पाया गया कि ग्राहकों को तंबाकू मिश्रित गैर-तंबाकू हुक्के और महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रतिबंधित फ्लेवर उपलब्ध कराए जा रहे थे। साथ ही बिना अनुमति के विदेशी शराब की बिक्री भी की जा रही थी। पुलिस की कार्रवाई में मीरा-भायंदर, मुंबई, ठाणे और नासिक शहरों से आए लगभग 110 युवा ग्राहक लाउंज में मौजूद मिले। मौके पर यह भी स्पष्ट हुआ कि प्रतिष्ठान के कर्मचारी ग्राहकों को प्रतिबंधित पदार्थ और शराब परोस रहे थे। इस कार्रवाई में अवैध हुक्का पार्लर एवं बार



के संचालक इरफान खान उर्फ गुड्डू और यश तिवारी, मैनेजर, कैशियर और वेटर सहित कुल 8 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नवघर पुलिस में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों और जब्त की गई सामग्री को आगे की कानूनी प्रक्रिया हेतु नवघर पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।

# अंधेरी सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर का म्हाडा करेगी पुनर्विकास

- मंत्रिमंडल की बैठक में परियोजना को मिली मंजूरी
- कॉलोनी में 498 भूखंड तो 4,973 फ्लैट

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में अंधेरी पश्चिम के सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलोनी के पुनर्विकास को मंजूरी दी गई। कॉलोनी का पुनर्विकास म्हाडा के माध्यम से किया जाएगा। इस कॉलोनी में कुल 498 भूखंड करीब 4,973 फ्लैट हैं। इसमें 98 ऐसे आवास हैं, जो साल 1993 में विश्व बैंक परियोजना के तहत लोगों को आवंटित किया गया था। जबकि उच्च आय वर्ग के 24 भूखंड हैं। इसके अलावा 60 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की जमीन पर 62 और 100 वर्ग मीटर क्षेत्रफल पर 245 भूखंड हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर के पुनर्विकास के लिए मुंबई मनपा की तरफ से म्हाडा को प्रस्ताव दिया गया था। जिस पर चर्चा करने के बाद मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। इस सामूहिक पुनर्विकास होने पर निवासियों को बड़ा घर उपलब्ध कराए जाएंगे। एकीकृत योजना से अधिक हरित क्षेत्र, स्कूल, स्वास्थ्य सुविधाएं, व्यावसायिक स्थानों को टाउनशिप तरीके से नियोजित किया जा सकेगा। खेल के मैदान, मनोरंजन के मैदान, व्यायामशाला, स्विमिंग पूल, सभागार, संगठन कार्यालय शामिल होंगे। जलापूर्ति, सीवेज निपटान, बिजली और अन्य सुविधाएं भी आधुनिक रूप में उपलब्ध कराई जाएंगी। ग्रीन बिल्डिंग डिजाइन जिसमें सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट प्रबंधन जैसी सुविधाएं भी शामिल करने पर विचार किया जा सकता है। म्हाडा के पुनर्विकास को बांद्रा रिक्लेमेशन और आदर्श नगर, वर्ली पुनर्विकास परियोजनाओं की तर्ज पर लागू करेगा।

# किसानों का डिजिटल साथी बना 'महाविस्टार एआई' ऐप

**खेती की हर जानकारी अब मोबाइल पर**

**ठाणे।** राज्य सरकार के कृषि विभाग ने किसानों के लिए डिजिटल युग में बड़ा कदम उठाते हुए 'महाविस्टार एआई' नामक नया मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप को किसानों का "डिजिटल दोस्त" बताया जा रहा है क्योंकि इसकी मदद से किसान अब अपने खेत और खेती से जुड़ी हर महत्वपूर्ण जानकारी एक क्लिक में अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकेंगे। ज़िला कृषि अधीक्षक रामेश्वर पाचे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस ऐप से किसानों को मौसम पूर्वानुमान, फसल प्रबंधन, उचित उर्वरक खुराक, रोग और कीट नियंत्रण से संबंधित मार्गदर्शन आसानी से मिलेगा। साथ ही, ऐप में क्षेत्रीय बाज़ार भाव, लीज़ पर उपलब्ध कृषि मशीनरी और नज़दीकी बैंक की जानकारी भी शामिल की गई है, जिससे किसानों को आर्थिक और तकनीकी दोनों स्तर पर सहायता मिलेगी। इस ऐप के ज़रिए किसान महाडीबीटी पर उपलब्ध सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी, आवेदन की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेज़ों का विवरण भी देख सकेंगे।

# पुलिस ने गांजा तस्करों को पिस्तौल समेत दबोचा, 4.8 किलो गांजा बरामद

महानगर संवाददाता

मुंबई

**भिवंडी।** भिवंडी अपराध शाखा पुलिस (घटक-2) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 4 किलो 827 ग्राम गांजा, यामाहा स्कूटर कुल 3.54 लाख रुपये का माल जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रशांत उर्फ सलाड सुरेश तायडे (27), निवासी टिटवाला, ठाणे और सोहेल उर्फ पित्तल इरफान अली अंसारी (20), निवसी भिवंडी के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ



एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत भिवंडी शहर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान पुलिस ने प्रशांत तायडे के घर से एक अवैध माउज़र पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया। पुलिस के अनुसार, इनकी कीमत लगभग 3.85 लाख रुपये आंकी गई है। यह खुलासा करता है कि आरोपी सिर्फ गांजा तस्करी ही नहीं, बल्कि हथियारों की अवैध गतिविधियों में भी शामिल थे। दोनों आरोपी फिलहाल बुधवार 24 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है और उनसे इस मामले की गहन पूछताछ की जा रही है।

## दिनदहाड़े महिला से लूटपाट

**भिवंडी।** भिवंडी में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब वे दिनदहाड़े भी महिलाओं को निशाना बनाने से नहीं डर रहे। ताजा मामला निजामपुरा थाना क्षेत्र के कोमलपाड़ा का है, जहां बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एक महिला से 1.16 लाख रुपये मूल्य का सोने का मंगलसूत्र और चेन लूट लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता विमल नारायण निवले (60) शनिवार सुबह करीब 6:45 बजे कोमडपाड़ा से छत्रपति शिवाजी महाराज चौक की ओर जा रही थीं। तभी सामने से आई एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया।

# नवी मुंबई हवाई अड्डे से 15 शहरों के लिए 20 दैनिक उड़ानें, एयर इंडिया की ठोस योजना

**नवी मुंबई।** एयर इंडिया समूह ने मंगलवार को नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करने की योजना की घोषणा की, जो हवाई अड्डे के संचालन के पहले चरण से शुरू होने की संभावना है। इस हवाई अड्डे का संचालन अदानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा किया जाता है। यह सहयोग घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संपर्क बढ़ाने और 2030 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा हवाई यात्री बाजार बनने के भारत के सपने को साकार करने के लिए एयर इंडिया समूह की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नए हवाई अड्डे के संचालन के शुरुआती चरण के दौरान, एयर इंडिया समूह की मूल्यवान एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस, NMIA से NMIA तक 20 दैनिक उड़ानें या 40 एयर ट्रैफिक मूवमेंट (ATM) संचालित करेगी, जो 15 भारतीय शहरों को जोड़ेगी। एयर इंडिया समूह 2026 के मध्य तक इसे बढ़ाकर 55 दैनिक उड़ानें (110 ATM) करने की संभावना है। इसमें NMIA से प्रतिदिन 5 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं।

एयर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक, कैंपबेल विल्सन ने कहा



"हम नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन शुरू करने को लेकर उत्साहित हैं, क्योंकि मुंबई दुनिया के उन शहरों की सूची में शामिल हो गया है जहाँ एक से अधिक हवाई अड्डे हैं। नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा न केवल शेष भारत के लिए एक संपर्क मार्ग होगा, बल्कि हमें अदाणी एयरपोर्ट्स के साथ मिलकर देश को यात्रियों और कार्गो दोनों के लिए एक प्रमुख वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने में खुशी हो रही है। एयर इंडिया समूह में, हमें भारत को पश्चिम, पूर्व और उससे आगे से जोड़ने पर गर्व है, और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में हमारा विस्तार एक वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में भारत के विकास में सहायक होगा।"

अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के सीईओ अरुण बंसल ने बताया है कि हमें अपने एक मूल्यवान एयरलाइन पार्टनर के रूप में नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया समूह का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उनकी महत्वाकांक्षी विस्तार योजनाएं और वैश्विक दृष्टिकोण एनएमआईए को वैश्विक विमानन में एक मानक बनाने के हमारे लक्ष्य के साथ पूरी तरह से संरेखित हैं। यह साझेदारी मुंबई के कनेक्टिविटी परिदृश्य को नए सिरे से परिभाषित करेगी और भारत की दोहरी हवाई अड्डा नीति को सुदृढ़ करेगी, जो आने वाले दशकों में निर्बाध और बेहतर यात्रा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी क्योंकि एनएमआईए दक्षता और सर्वश्रेष्ठ यात्री अनुभव को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाता है।

# ट्रैफिक पुलिस की कथित वसूली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**भिवंडी।** भिवंडी में हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें ट्रैफिक पुलिस पर आरोप लगाया गया है कि वह भारी वाहनों से 300 रुपये वसूलकर उन्हें प्रतिबंधित समय में प्रवेश दे रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि भिवंडी के गोदामों की ओर जाने वाले ट्रक चालक इस वसूली का विरोध कर रहे हैं, लेकिन पुलिस ने उनसे शुल्क वसूल कर सड़क पर जाने दिया। भिवंडी में यातायात जाम की समस्या काफी गंभीर है। शहर के पास स्थित ग्रामीण क्षेत्रों और गोदामों में भारी वाहनों की आवाजाही के कारण अंजुरफाटा, काल्हेर, काशेली, वलगांव, दापोड़े, मानकोली और मुंबई-नासिक राजमार्ग तक लंबा जाम लगता है। यातायात को सुचारू बनाने के लिए परिवहन विभाग ने भारी वाहनों के प्रवेश पर समय-सारिणी के अनुसार प्रतिबंध लगाया है।हालांकि वायरल वीडियो में देखा गया कि ट्रक चालकों से 300 रुपये लेकर ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों को नियमों के बावजूद सड़क पर जाने दिया। इस वीडियो को भिवंडी के वकील एड. भारद्वाज चौधरी ने लाइव स्ट्रीमिंग करते हुए सोशल मीडिया पर साझा किया।

# परे के 12 कर्मचारियों को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया

महानगर संवाददाता

मुंबई

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता ने पश्चिम रेलवे मुख्यालय, मुंबई में 12 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया, जिनके योगदान से सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित हो सका। ये कर्मचारी अगस्त, 2025 माह के दौरान ड्यूटी में सतर्कता बरतते हुए किसी भी अप्रिय घटना को टालने में सफल रहे। इन 12 कर्मचारियों में मुंबई सेंट्रल, वडोदरा, रतलाम, अहमदाबाद, राजकोट एवं भावनगर मंडल से दो-दो कर्मचारी शामिल हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, श्री गुप्ता ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की सतर्कता की



सराहना करते हुए कहा कि ये सभी कर्मचारी अपने कार्य के प्रति समर्पित रहकर दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बने हैं। इन कर्मचारियों ने संरक्षा के विविध क्षेत्रों जैसे टूटे हुए बोल्ट का पता लगाना, कोच/इंजन के नीचे धुएँ और चिंगारी का पता लगाना, ट्रैक में फ्रैक्चर, टूटी हुई कपलर बॉडी, वैगनों और दुर्घटना राहत ट्रेन (ART) में लटकती वस्तुओं का पता लगाना, किसी खुले लेवल क्रॉस गेट से पहले आपातकालीन ब्रेक लगाकर अप्रिय घटनाओं से बचाव आदि में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण दिखाई। पश्चिम रेलवे को इन सभी कर्मचारियों पर गर्व है, जिन्होंने अपनी त्वरित कार्रवाई और सतर्कता से किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को समय रहते रोकने में सहायता की।

## पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर-गोंडा और-आनंद नगर सेक्शन पर ब्लॉक के कारण परे की ट्रेनें प्रभावित

**मुंबई।** पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर-गोंडा सेक्शन और गोरखपुर-आनंद नगर सेक्शन पर ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की ट्रेनें प्रभावित गोरखपुर–गोंडा खंड में गोरखपुर–डोमिनगढ़ स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन के शुरू होने तथा पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर–आनंद नगर खंड में गोरखपुर–नकहा जंगल स्टेशनों के बीच दोहरीकरण कार्य के चलते 22 से 26 सितंबर, 2025 तक ब्लॉक लिया जाएगा। उपर्युक्त ब्लॉक के कारण 28 सितंबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 05560 उधना-रक्सौल स्पेशल निरस्त रहेगी। इसी प्रकार, 27 सितंबर, 2025 को शुरू होने वाली ट्रेन संख्या 05559 रक्सौल-उधना स्पेशल निरस्त रहेगी।

# परे महिला कल्याण संगठन द्वारा निबंध ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (WRWWO) की कार्यकारी समिति द्वारा पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष नीना गुप्ता के नेतृत्व में मुंबई के चर्चगेट स्थित गोडबोले हॉल में पश्चिम रेलवे मुख्यालय के रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए 14 सितंबर, 2025 को निबंध प्रतियोगिता और 21 सितंबर, 2025 को ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। दोनों प्रतियोगिताओं में 150 से अधिक बच्चों ने पूरे उत्साह और लगन से भाग लिया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, निबंध और ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएँ मुख्यालय सहित पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों में एक ही दिन आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं के विषय आयु वर्ग के अनुसार सभी मंडलों में एक समान थे, जिससे एकरूपता सुनिश्चित हुई। इन प्रतियोगिताओं को सभी मंडलों में भारी प्रतिक्रिया



मिली, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया और प्रतिभागियों ने उच्च स्तर की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया। निबंध प्रतियोगिता के लिए 6-9 वर्ष आयु वर्ग के लिए विषय थे - मेरा पसंदीदा व्यंजन या मेरे दादा-दादी के घर पर एक मजेदार दिन। 10-12 वर्ष आयु वर्ग के लिए विषय थे - मैं अपना रविवार कैसे बिताता हूं या मेरा पसंदीदा भारतीय त्योहार। 13-15 वर्ष आयु वर्ग के लिए विषय थे - क्या एआई भविष्य के लिए खतरा बनेगा या लाभदायक? या 2047 में भारत के बारे में मेरा विज़न। ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए 6-9 वर्ष आयु वर्ग के के लिए विषय थे - पारिवारिक सैर या मेरा पसंदीदा जानवर। 10-12 वर्ष आयु वर्ग के लिए विषय थे - मेरा सुपर हीरो या अंतरिक्ष यान या अंतरिक्ष यात्री। 13 से 15 वर्ष आयु वर्ग के लिए विषय थे - आपकी पसंद का त्योहार (उत्सव) या जानवरों के साथ जंगल का दृश्य। पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा नीना गुप्ता और अन्य कार्यकारी सदस्यों ने बच्चों की भागीदारी और रचनात्मकता की सराहना की। प्रशंसा स्वरूप, सभी बच्चों को पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा की ओर से उपहार प्रदान किए गए। क्षेत्रीय स्तर के विजेताओं को एक साथ समूहबद्ध किया जाएगा और चयनित विजेता भारतीय रेल के सभी प्रतिभागियों में से राष्ट्रीय स्तर के विजेता बनेंगे।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए फडणवीस सरकार ने की 2215 करोड़ की घोषणा

## महाराष्ट्र में बाढ़ से 8 की मौत, 10 घायल

महानगर संवाददाता
मुंबई

राज्य में मूसलाधार बारिश के कारण लोगों का जनजीवन अस्त -व्यस्त हो गया है। किसानों की फसलों के नुकसान के साथ-साथ कई लोगों की जान गई तो कई लोग घायल हो गए हैं।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भारी बारिश के कारण बीड, अहिल्यानगर समेत कई इलाके बाढ़ से प्रभावित हैं। कई गांवों में पानी घुसने से नागरिक फंसे हुए हैं। प्रशासन की तरफ से राहत और बचाव कार्य जारी है। राज्य में भारी बारिश से आए बाढ़ का जायजा लेने के बाद फडणवीस मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 31 लाख 64 हजार किसानों को 2 हजार 215 करोड़ रुपये की मदद के लिए जीआर जारी



किए जा चुके हैं। इसमें अब तक जिलाधिकारी के पास 1829 करोड़ रुपये इकट्ठा किए जा चुके हैं, बाकि की रकम आने वाले 8 से 10 दिन में जमा किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अहिल्यानगर, जलगाँव, सोलापुर, बीड और परभणी जिले में भारी बारिश हुई है। बाढ़ के कारण 8 लोगों की मौत जबकि 10 लोग घायल हुए हैं।

### मुख्यमंत्री ने दिया पंचनामा का आदेश

भारी के कारण किसानों की फसलों के हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री ने पंचनामा करने का आदेश दिया है। पंचनामा रिपोर्ट आने के तुरंत बाद किसानों को मदद मिलनी शुरू हो जाएगी। सीएम ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिस जिले और तालुका में बाढ़ आई है वहां बचाव कार्य चल रहा है। नई जगहों पर बारिश हो रही है। उन जगहों पर पंचनामा करने और सहायता प्रदान करने का काम लगातार जारी है। इसलिए, अब अगर किसी तालुका से रिपोर्ट आती है, तो हमारी नीति है कि हम उनकी मदद करें। ताकि किसानों को तुरंत मदद मिल सके। साथ ही, जिन जगहों पर मौतें हुई हैं, वहां मदद करने का अधिकार जिलाधिकारी को दिया गया है। साथ ही, बाढ़ से जिन लोगों को नुकसान हुआ है, उन्हें मदद का आश्वासन दिया गया है। फडणवीस ने मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में बाढ़ की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने किस ज़िले में क्या स्थिति है? पालक मंत्री और मंत्री को बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने के लिए कहा है।

### मुख्यमंत्री समेत मंत्री करेंगे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुधवार यानि आज से सभी पालक मंत्री और मंत्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे। मंत्रियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जाकर बाढ़ पीड़ितों से मुलाक़ात कर उनसे हर संभव मदद करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरे में वे खुद शामिल हैं। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अब तक औसतन 102 प्रतिशत बारिश हुई है। बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित जगह पहुंचाने के लिए एनडीआरफ और एसडीआरएफ की 17 टीमें काम कर रही हैं।

## 5 लाख से अधिक खर्च वाली नौ गंभीर बीमारियों का खर्च उठाएगी सरकार

**मुंबई।** आयुष्मान भारत और महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आने वाली राज्य स्वास्थ्य गारंटी सोसाइटी की आरक्षित निधि का उपयोग सरकारी अस्पतालों के सशक्तिकरण के लिए किया जाएगा। साथ ही, जरूरतमंद मरीजों के लिए 5 लाख रुपये से अधिक लागत वाली नौ प्रकार की दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए किया जाएगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी गई। आयुषमान भारत योजना के तहत प्रति व्यक्ति प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज किया जाता है। इसमें कई ऐसी बीमारी है जिसका इलाज इस योजना के तहत नहीं होता, लेकिन सरकार के नए निर्णय के अनुसार अब नौ बीमारी को इस योजना में शामिल कर लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत दुर्लभ बीमारियों जैसे यकृत, अस्थि मज्जा, हृदय, फेफड़े आदि के उपचार के लिए स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध नहीं है, जिनका खर्च 5 लाख रुपये से अधिक है। वे इस योजना का लाभ उठा पाएंगे।

# भगवान परशुराम लोकशाही गार्डन का निर्माण शुरू

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की संकल्पना

महानगर संवाददाता
मुंबई

उत्तर मुंबई को 'उत्तम मुंबई' बनाने के दृष्टिकोण के तहत केंद्रीय मंत्री और उत्तर मुंबई के सांसद पीयूष गोयल की संकल्पना से मालाड चारकोप नाका, अथर्व कॉलेज के सामने 'भगवान परशुराम लोकशाही गार्डन के निर्माण की शुरुआत मंगलवार को हुई।

परशुराम लोकशाही गार्डन बनाने की संकल्पना केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा किया गया है। इस परियोजना का कार्य राज्य सरकार और मुंबई मनपा के सहयोग से किया जा रहा है। पीयूष गोयल इस क्षेत्र में अधिक आधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएँ लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए की गई है।

भगवान परशुराम लोकशाही गार्डन उत्तर मुंबई वासियों के लिए एक आनंद का केंद्र बनकर उभरेगा। इस गार्डन में ओपन थिएटर, बच्चों के



लिए खेल उपकरण, मल्टीपर्पज टर्फ, और खेल का मैदान जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इन सुविधाओं का लाभ बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को मिलेगा। गार्डन लगभग सात एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा है। पहले इस भूमि पर फर्नीचर विक्रेताओं ने अतिक्रमण किया हुआ था और वह व्यवसाय के लिए इस्तेमाल हो रही थी। मनपा पी नार्थ वार्ड द्वारा कार्रवाई कर अतिक्रमण को हटाया गया था। गार्डन की दीवारों को लोकशाही और भगवान परशुराम के विषयों पर भव्य चित्रों से सजाया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग ८ करोड़ रुपये है।

### उत्तर मुंबई में दी जा रही है 121 सेवा सुविधा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उत्तर मुंबई में विभिन्न संस्थाओं, संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से कुल 121 सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें रक्तदान शिविर, नेत्र चिकित्सा शिविर, वृक्षारोपण, सुकन्या समृद्धि योजना पंजीकरण शिविर, गर्भाशय मुख कर्करोग जांच शिविर, वरिष्ठ नागरिक सम्मान, स्वच्छता अभियान, बुद्ध विहार की शेड का भूमिपूजन, सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना, नाली की मरम्मत, सड़क की मरम्मत और कई अन्य कार्य शामिल हैं जो उत्तर मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे हैं।

# पानी छोड़ने से सड़क की हालत बदतर, केस दर्ज

### बिल्डर पर लापरवाही का दर्ज कराया मामला



**मुंबई।** ओशिविरा गार्डन मार्ग पर चल रहे झोपड़पट्टी पुनर्विकास परियोजना में खोदे गए गड्ढे में जमा हुए पानी को पंप कर सड़क पर छोड़ा जा रहा था। जिससे सड़क की हालत बदतर हो गई। मनपा प्रशासन ने लापरवाही बरतने वाले बिल्डर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

मनपा अधिकारियों ने जानकारी दी कि जोगेश्वरी पश्चिम स्थित स्वामी विवेकानंद मार्ग पर ओशिवारा उद्यान के पास की इस सड़क का कांक्रीटीकरण अक्टूबर 2025 में शुरू होने वाला है। सड़क पर गड्ढे पड़ने से 2 अगस्त, 23 अगस्त और 3 सितंबर 2025 को तत्काल मरम्मत की गई थी। पिछले तीन दिनों की भारी बारिश और परियोजना स्थल पर आने वाले भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क पर फिर से गड्ढे बन गए। बारिश थमने के बाद 22 सितंबर को गड्ढों की मरम्मत का काम शुरू था। इसी दौरान पाया गया कि बिल्डर ने पानी निकासी के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की और परियोजना स्थल से बारिश का पानी मोटर पंप से निकालकर सीधे सार्वजनिक सड़क पर छोड़ा। इससे सड़क की स्थिति और बिगड़ गई। इस गंभीर मामले को ध्यान में रखते हुए मनपा ने संबंधित विकासक के खिलाफ ओशिवरा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

## नालासोपारा में सरकारी मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल शुरू करने का रास्ता साफ

**मुंबई।** वसई -विरार मनपा के अंतर्गत मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल शुरू करने के लिए आचोले में जमीन उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। आचोळे की यह भूमि जिला न्यायालय और आवासीय क्षेत्र के लिए आरक्षित थी। इसलिए, इस आरक्षण को बदलने और अस्पताल के लिए भूमि हस्तांतरित करने के लिए मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। वसई-विरार की तेजी से बढ़ती आबादी और नागरिकों की आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, विधायक राजन नाइक ने यह भूमि अस्पताल शुरू करने के लिए मनपा को निःशुल्क देने की मांग की थी। जिसके बाद यह भूमि नियमों और शर्तों के साथ जमीन को मनपा को सौंप दी गई है।

# बाणगंगा से निकाला गया सात ट्रक फूल का कचरा और मृत मछलियां

महानगर संवाददाता
मुंबई

वालकेश्वर स्थित ऐतिहासिक बाणगंगा तालाब एक बार फिर मृत मछलियों और कचरे से प्रदूषित हो गया है। बीते दो दिनों में मुंबई महानगरपालिका ने यहां से सात ट्रक फूलों का कचरा और मृत मछलियां बाहर निकालीं। अधिकारियों के अनुसार, मृत मछलियों की संख्या हजार से अधिक है। बता दें कि बाणगंगा तालाब पर पितृपक्ष के आखिरी दिन बड़ी संख्या में लोग श्राद्ध और पिंडदान करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि श्राद्ध और पिंडदान के दौरान बड़ी मात्रा में भोजन और नैवेद्य अर्पित किया जाता है, जिससे पानी प्रदूषित होता है और मछलियों की सामूहिक मौत होती है। मनपा डी वार्ड बाणगंगा तालाब में दूषित पानी को शुद्ध करने के लिए और स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए तालाब में



ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाने हेतु दो डिवॉटरिंग पंप लगाए हैं। यह समस्या हर साल पितृपक्ष के समय धार्मिक अनुष्ठानों के बाद सामने आती है। डी-वार्ड के सहायक आयुक्त मनीष वालुंज ने बताया, "पिछले दो दिनों से हमारे कर्मचारी लगातार सफाई का काम कर रहे हैं। साथ ही लोगों के लिए कृत्रिम तालाब भी उपलब्ध कराए गए हैं ताकि वे बाणगंगा के पानी का उपयोग न करें। येऊर एनवायरनमेंटल सोसायटी के अध्यक्ष रोहित जोशी ने 17 सितंबर को ही इस बार-बार होने वाली समस्या को लेकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई थी। उनका कहना है कि हर साल पितृपक्ष और सर्वपितृ अमावस्या के बाद तालाब में मछलियों की बड़ी संख्या में मौत होती है और इसका सीधा संबंध धार्मिक कचरे के विसर्जन और पानी में घुले ऑक्सीजन के स्तर की कमी से है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सरकार की ओर से स्पष्ट नीति न होने के कारण यह समस्या हर साल दोहराई जाती है और तालाब का पर्यावरण व विरासत खतरे में पड़ रही है। लोगों का आरोप है की पास में बना गंगा कुंड को पुनर्जीवित करने की मांग मनपा से काई सालों से की जा रही है लेकिन मनपा अधिकारियों का ध्यान उस ओर नहीं जा रहा है गंगा कुंड शुरू हो जाने पर बाणगंगा में होने वाला पिंडदान आदि धार्मिक कार्य बंद हो जायेगा और मच्छलियों की होने वाली दुर्दशा भी खत्म होगी।

# बालवाड़ी शिक्षकों और सहायकों की सेवानिवृत्ति आयु में वृद्धि

### सेवा समाप्ति सीमा 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष की गई

**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने बालवाड़ी और पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं में मानधन पर कार्यरत शिक्षिकाओं और सहायिकाओं की सेवा समाप्ति की आयु सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। इनकी सेवानिवृत्ति की आयु 58 वर्ष थी जिसे अब बढ़ाकर 60 वर्ष कर दिया गया है। इस फैसले से शिक्षकों और सहायिकाओं को राहत मिली है।

मनपा ने शैक्षणिक वर्ष 2007-08 में बालवाड़ी कक्षाएं शुरू की थीं। वर्तमान में 1,139 बालवाड़ियां हैं जिनमें करीब 35 से 40 हजार विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। बालवाड़ियों और प्राथमिक कक्षाओं के संचालन के लिए सेवाभावी संस्थाओं के माध्यम से शिक्षिकाओं और सहायिकाओं की नियुक्ति मानधन पर की जाती है। मनपा इन संस्थाओं को मानधन देती है और वही संस्थाएं आगे शिक्षकों और सहायिकाओं को भुगतान करती हैं। शिक्षकों और सहायिकाओं की सेवा समाप्ति आयु 58 वर्ष तय थी। राज्य सरकार निर्णय के अनुसार 1 नवंबर 2018 से नवनियुक्त आंगनवाड़ी सेविका और सहायिकाओं की सेवा समाप्ति आयु 60 वर्ष कर दी गई थी। साथ ही सहायिका को सेविका के पद पर पदोन्नति मिलने पर भी उनकी सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष ही रहेगी। मनपा प्रशासन ने भी राज्य सरकार के निर्णय को लागू किया और प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। वर्तमान में इन शिक्षकों और सहायिकाओं को 11 महीने का वेतन और 10 छुट्टियों का लाभ मिलता है। नए निर्णय के अनुसार वेतन और छुट्टियों का लाभ जस का तस रहेगा जबकि सेवा समाप्ति आयु 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष कर दी गई है।

# घाटकोपर अवैध होर्डिंग दुर्घटना मामला

- दोषियों के खिलाफ एक महीने के भीतर होगी कार्रवाई
- मंत्रिमंडल की बैठक में कार्रवाई को मिली मंजूरी

महानगर संवाददाता
मुंबई

घाटकोपर में अवैध होर्डिंग गिरने से हुई दुर्घटना वाले मामले में दोषियों के खिलाफ एक महीने के भीतर कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कार्रवाई करने के लिए मंजूरी दे दी है। घाटकोपर में अवैध होर्डिंग गिरने से हुई दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच के लिए गठित न्यायमूर्ति दिलीप भोसले की अध्यक्षता वाली समिति ने अपना रिपोर्ट सौंपा, जिसे स्वीकार करने के बाद मंत्रिमंडल ने दुर्घटना के दोषियों के खिलाफ एक महीने के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बता दें कि 13 मई, 2024 को घाटकोपर में एक पेट्रोल पंप पर तेज हवा और भारी बारिश के कारण एक विशाल होर्डिंग गिर गया था। इस

### उच्च स्तरीय समिति ने सौंपी रिपोर्ट



दुर्घटना में 17 नागरिकों की मौत हो गई और 80 से अधिक नागरिक घायल हो गए। राज्य सरकार ने इस दुर्घटना की जांच के लिए पूर्व न्यायमूर्ति दिलीप भोसले की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। इस समिति ने पहले ही मुख्यमंत्री को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी, उसके बाद समिति द्वारा सुझाए गए उपायों को सत्यापित करने के लिए गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था। समिति की रिपोर्ट आने के बाद अब एक महीने के भीतर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। समिति को मुंबई में लगे होर्डिंग का नियमित निरीक्षण करने का भी सुझाव दिया गया है। सुझाव में समिति ने कुल 21 नियम बनाए हैं, प्रमुख रूप से अवैध होर्डिंग लगाने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक नोडल नियुक्त करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा, ऐसे बोर्डों का आकार अधिकतम 40 फीट होना चाहिए। सिफारिश की गई है कि इन्हें छतों या परिसर की दीवारों पर नहीं लगाया जाना चाहिए।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**होम्योपैथिक सलाहकार के वॉक-इन-इंटरव्यू का स्थगन**

उपरोक्त नियुक्ति के संदर्भ में, इस समाचार पत्र के **06.09.2025** के संस्करण में प्रकाशित अधिसूचना अंतर्गत **"रायपुर मंडल के भाटापारा रेलवे डिस्पेंसरी में अनुबंध के आधार पर 01 (एक) अंशकालिक होम्योपैथिक सलाहकार की 03 माह के लिए परीक्षण के आधार पर"** हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, मंडल रेलवे अस्पताल, रायपुर (छ.ग.) में दि. **25.09.2025** को होने वाले प्रत्यक्ष साक्षात्कार को प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

प्रत्यक्ष साक्षात्कार की अगली तिथि शीघ्र ही प्रकाशित की जाएगी।

**सहायक कार्मिक अधिकारी-II,**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,**
**रायपुर**

PR/R/SR.DPO/MS/172
South East Central Railway @secrail



**वसई - विरार शहर महानगरपालिका**

मुख्य कार्यालय विरार
यशवंत नगर, विरार (प)
ता. वसई, जि. पालघर-४०१३०३.

दुरध्वनी : ०२५०-२५२५१०१/०२/०३/०४/०५/०६
फॅक्स : ०२५० - २५२५१०७
ई-मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. : वविशम/बांध/शअ/७८०/२५-२६
दिनांक : २३/०९/२०२५

**बांधकाम विभाग, मुख्यालय, विरार (पश्चिम)**

**जाहीर ई- निविदा सुचना क्र.**

वसई-विरार शहर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रातील प्रभाग समिती "बी" नालासोपारा (पू) अंतर्गत खालील उल्लेखित कामाचे कोरे निविदा फॉर्म https://Mahatenders.gov.in या अधिकृत संकेतस्थळावर दि. २५/०९/२०२५ पासून उपलब्ध होणार आहेत. ई- टेंडरींग बाबत अधिक माहितीसाठी ई-निविदा कक्ष, वसई विरार शहर महानगरपालिका, मुख्यालय येथे संपर्क साधावा.

१. वसई विरार शहर महानगरपालिका प्रभाग समिती (बी) वॉर्ड क्र. ५२ मधील आंबेडकर नगर येथे समाजमंदीराची पुर्नः बांधणी करणे.

Please visit our official web-site https://mahatenders.gov.in

सही/-
प्र. शहर अभियंता
वसई विरार शहर महानगरपालिका


# विवादों में फंसे महत्वाकांक्षी शौचालय की देखभाल के लिए मनपा ने निकाली निविदा

### कुल 14 शौचालयों में सात दक्षिण मुंबई में बनाए जाएंगे



महानगर संवाददाता
मुंबई

पर्यटकों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे महत्वाकांक्षी शौचालयों का निर्माण विवादों में घिरा हुआ है। मनपा अब इन शौचालयों के रखरखाव के लिए इच्छुक संस्थाओं से निविदाएं आमंत्रित की है। संस्था लायन गेट, ओवल मैदान, फैशन स्ट्रीट, विधान भवन, बाणगंगा, माहिम रेती बंदर पर बनने वाले शौचालयों के रखरखाव और संचालन दस सालों तक करेगी।

बता दें कि 14 स्थानों पर बन रहे शौचालय में दक्षिण मुंबई के सात स्थानों पर चल रहे महत्वाकांक्षी शौचालयों के निर्माण में लायन गेट और ओवल मैदान के शौचालयों के कामों पर राज्य सरकार ने रोक लगा दी है। मनपा ने लायन गेट विधान भवन क्षेत्र, फैशन स्ट्रीट, बाणगंगा पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए 14 वातानुकूलित शौचालय बनाने का निर्णय लिया है। देश-विदेश से पर्यटक मुंबई शहर के पर्यटन स्थलों को देखने आते हैं।

इन पर्यटन स्थलों पर अच्छी शौचालय सुविधाओं की कमी के कारण पर्यटकों, विशेष रूप से महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ता है। पूर्व पालकमंत्री दीपक केसरकर ने पर्यटन स्थलों पर शौचालयों के निर्माण का सुझाव दिया था। मनपा प्रशासन ने पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं के लिए वातानुकूलित शौचालय बनाने का निर्णय लिया था। मुंबई में 14 स्थानों पर ऐसे शौचालय बनाने का काम शुरू है जिनमें से सात शौचालय दक्षिण मुंबई में हैं। शौचालयों के लिए 35 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिला योजना समिति निधि से इस काम के लिए 12 करोड़ रुपये भी प्रदान किए गए थे। पूर्व भाजपा नगरसेवक मकरंद नार्वेकर ने आरोप लगाया था कि फुटपाथ पर शौचालय बनाए जाने के कारण पैदल यात्री नीति का उल्लंघन हुआ है। उसके बाद यह मुद्दा विधानसभा अधिवेशन में भी उठा था। विधायक अमित साटम ने यह मुद्दा उठाया था।


**MAHATRANSCO**
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E-TENDER NOTICE**

**MSETCL invites online bids (E Tender) from registered contractors / agencies on Mahatransco E-Tendering website https://srmetender.mahatransco.in for following works.**

**Tender No:- SE/EHV/O&M/Circle/T/SRM/E-Tender-48/2025-26 RFX No. 7000037693 Subject:-** E-Tender for rate contract for attending on site minor repairs/maintenance works of EHV class power transformers/ICT at various EHV S/s under EHV O&M Circle, Pune. **Tender Amount:-** Rs. 1,00,00,000.00 **EMD:-** Rs. 1,00,000.00, **Tender Fees:-** Rs. 500/-+GST **Download of tender documents:-** from Dtd. 23.09.2025 to Dtd. 08.10.2025 up to 13:00 hrs. **Bid Opening:-** Dtd. 08.10.2025 after 13:05 Hrs (Tech) Dtd. 10.10.2025 after 11:00 Hrs (Price). **For further details visit our website http://mahatransco.in and open above RFX for downloading tender document, schedules, and annexures.**

**Further, please note that, in case, if above tender will be refloated, it will be published on our website viz. www.mahatransco.in**

Sd/-
**Superintending Engineer**
**EHV O&M Circle, Pune**



**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल श्री रफीक अहमद मोहम्मद सामी खान, जो वर्तमान में बी-विंग, फ्लैट संख्या 1004, सुगरा पार्क, रानी सती मार्ग, पठान वाडी, मलाड (पूर्व), मुंबई 400097 में रहते हैं, की ओर से यह सूचना जारी की जाती है.

सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल के दिवंगत पिता श्री खान मोहम्मद सामी, बाणडोंगरी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के पास, कांदिवली (पूर्व), मुंबई – 400 101 स्थित बाणडोंगरी एकता एस. आर.ए. को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि. नामक सोसायटी की बिल्डिंग में 269 वर्गफीट कारपेट एरिया का 19वीं मंजिल पर स्थित फ्लैट क्र. ए/1903 के तौर पर उक्त फ्लटै परिसर (एतद्द्पश्चात उक्त फ्लैट परिसर के तौर पर संदर्भित) के सम्पूर्ण मालिक हैं.

सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल के पिता श्री खान मोहम्मद सामी का निधन 18.05.2020 को मुंबई में हो गया है, और उनकी मां श्रीमती रसीदुन्निसा मोहम्मद सामी खान का निधन 11.03.2025 को मुंबई में हो गया है; अपने पीछे जीवित कानूनी उत्तराधिकारी यानी (1) श्री निसार अहमद मोहम्मद सामी खान (बड़े बेटे), और (2) श्री रफीक अहमद मोहम्मद सामी खान (छोटे बेटे) को छोड़ गए हैं.

श्री निसार अहमद मोहम्मद सामी खान जिन्हें इसके बाद "रिलीज़कर्ता" कहा गया है और श्री रफीक अहमद मोहम्मद सामी खान जिन्हें इसके बाद "रिलीज़ी" कहा गया है, के बीच उपरोक्त फ्लैट परिसर के संबंध में दि. 25.08.2025 को पंजीकृत दस्तावेज के अनुसार रिलीज़ डीड रजिस्टर्ड नंबर MBE18-13046- 2025 के अंतर्गत मूल डीड ऑफ रिलीज क्रियान्वित की गई है.

यदि किसी व्यक्ति या व्यक्तियों, या बैंक या वित्तीय संस्थान को उत्तराधिकार, उपहार, गिरवी, न्यास के जरिए कोई भी आपत्ति अथवा दावा है अथवा किसी भी तरह से अन्य कोई भी दावा है तथा मेरे मुवक्किल के पिता श्री खान मोहम्मद सामी, और माता श्रीमती रसीदुन्निसा मोहम्मद सामी खान के किसी भी कानूनी उत्तराधिकारी के जरिए कोई दावा है तो उनसे एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि वे उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर समर्थनीय दस्तावेजी प्रमाणों के साथ श्री जगदीश त्र्यंबक डोंगरदिवे, एडवोकेट हाई कोर्ट और नोटरी (भारत सरकार), प्लाट क्र. 232, कक्ष क्र. 18, श्री मंगल सीएचएस लि., गोराई 2, बोरीवली (पश्चिम), मुंबई -400 092 स्थित मेरे कार्यालय में लिखित में इसकी जानकारी दें.

हस्ता./-
श्री जगदीश त्र्यंबक डोंगरदिवे
एडवोकेट हाईकोर्ट एवं नोटरी (भारत सरकार)

स्थान : मुंबई
दिनांक : 24.09.2025



Publication क्र. 9478/ २०२५
कामगार न्यायालय यांचे कार्यालय, नवीन प्रशासकीय इमारत, तळ मजला, शासकीय वसाहत, वांद्रे (पूर्व). मुंबई-400 051.
दिनांक : 22/09/2025

**2 रा कामगार न्यायालय, मुंबई**
**न्यायाधीश**
श्री. के. ए. भेंडवडे

अर्ज (नुकसान भरपाई अर्ज) क्र. 280/ ए-39 /2025
श्रीमती पुनम पालीवाल
रहनेवाले 130 ए, नेहरू नगर, आग्रा सिव्हील लाइन्स, आग्रा, उत्तर प्रदेश 280002
विरुद ......अर्जदार
मे. द शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. शिपिंग हाउस, 245, मॅडम कामा रोड, मुंबई 400 021
...सामनेवाला

**सूचना**

इस सुचना के द्वारा अवगत किया जाता है की, उपर दिये गये अर्जदार / आवेदक श्रीमती पुनम पालीवाल रहनेवाले 130 ए, नेहरू नगर, आग्रा सिव्हील लाइन्स, आग्रा, उत्तर प्रदेश 280 002 उनके पति कॅप्टन राजीव कुमार पालीवाल इनका मे. द शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. पता शिपिंग हाउस, 245, मॅडम कामा रोड, मुंबई 400 021 सामनेवाला इनके यहां काम करते समय तारीख 29.11.2024 को दुर्घटनासे निधन हो गया और उनके निधन के पश्चात उपर दिये गये आवेदक कानूनी वारीस है और इस न्यायालय में अर्जी दाखिल किया है मे. द शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. सामनेवाला इस कंपनीद्वारा मृत कामगार के नुकसान भरपाई की रक्कम रु. 61,23,700/- (रु. इकसठ लाख साठ तेवीस हजार सातसौ मात्र) इतनी रक्कम इस न्यायालयमे जमा की है। जमा की गई नुकसान भरपाई की रक्कम पाने के लिए उपर दिये गय आवेदकोने इस न्यायालय मे अर्जी दाखिल कि है।

अत : इस सूचना की तहत अवगत किया जाता है, की इस न्यायालय में जमा की गयी नुकसान भरपाई की रक्कम उपर दिये गये आवेदकोको प्रदान करने पर अगर किसी भी व्यक्ती अथवा व्यक्तीयों को अपत्ति है, या इसे विरोध है तो उसकी सूचना / विरोध यह नोटीस प्रकाशीत होने के बाद 25/09/2025 यह तारीख को और उसके अंदर इस न्यायालय को दि जाए। इस समय के पश्चात प्राप्त हुआ विरोध या सूचना पर विचार नही किया जाऐगा। इससे संबंधित लोक / व्यक्ती ध्यान रखे।

यह नोटीस मे. न्यायालय के आदेश और मुहर से दि गयी है।

सील
हुकूमावरून,
सचिव
कामगार न्यायालय, मुंबई
एबीबी २०/०९/२५



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

(सीवरेज संचालन विभाग)

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा आईडी | 2025_एमसीजीएम_1220879 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | **मुख्य सीवर पूर्वी उपनगर में डिविजन्स के उपयोग हेतु विभिन्न प्रकार के औजारों की आपूर्ति.** |
| निविदा जांच शुल्क | **₹ 1452/- + (18% जीएसटी) = 1714/-** |
| ई-निविदा का शुल्क (अनुमानित लागत) | (आइटम दर निविदा) |
| बोली सुरक्षा जमाराशि/ईएमडी | **₹ 20,000/-** |
| निविदा जारी करने तथा बिक्री की तिथि | 24.09.2025 को 11.00 बजे से |
| बोली सुरक्षा जमाराशि की स्वीकृति तथा लिफाफा ए, बी और लिफाफा सी ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 30.09.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए और बी का खुलना | 01.10.2025 को 16.10 बजे के पश्चात |
| लिफाफा सी का खुलना | लिफाफा ए और बी के मूल्यांकन के पश्चात |
| पत्राचार हेतु पता | **उप मु. अभि. (एस.ओ.) पी एवं एमएस उप. वर्सोवा पम्पिंग प्रीमाइसेस, जे.पी. रोड और रिलीफ रोड का जंक्शन, अंधेरी (प), मुंबई – 400 053** |
| बोली खुलने का स्थान | **ई.ई. मेके. (एम.एस.) ई.एस., पुराना घाटकोपर पम्पिंग स्टेशन, शॉपर्स स्टॉप के पास, घाटकोपर – माहुल रोड, घाटकोपर (पूर्व), मुंबई – 400 089** |
| **महाटेंडर पोर्टल** | **https://mahatenders.gov.in** |

उक्त निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय हैं.

बीएमसी के पास बिना कोई कारण दर्शाए उपरोक्त विषय हेतु प्राप्त किसी भी अथवा सभी आवेदन को निरस्त करने अथवा किसी भी आवेदन को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है.

हस्ता./-
(श्री आर. डी. राजपूत)
ई.ई. मेके. (एम. एस.) ई.एस.

**पीआरओ/1699/विज्ञा./2025-26**

**सप्ताह में एक दिन का सूखा दिन के तौर पर पालन करें.**

# यूएसटीएम पर संकट के बादल

असम के गुवाहाटी में 5 अगस्त 2024 को भारी बारिश के बाद अचानक बाढ़ आ गई थी। पहाड़ी इलाकों से आया पानी जराबात और मालीगाँव जैसे निचले इलाकों में भर गया जिससे सड़कें डूब गईं, ट्रैफिक रुक गया और भारी नुकसान हुआ। उस समय असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मेघालय की यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (यूएसटीएम) पर 'जमीन कब्जाने' का आरोप लगाते हुए इसे 'फ्लड जिहाद' कहा था। इस बयान पर काफी विवाद हुआ। यूएसटीएम के चांसलर महबूब-उल-हक ने तब दावा किया था कि यूनिवर्सिटी पूरी तरह वैध है और मेघालय सरकार से सभी मंजूरी ली गई है। उन्होंने गुवाहाटी की खराब ड्रेनेज व्यवस्था को बाढ़ का असली कारण बताया था लेकिन अब, एक साल बाद, सुप्रीम कोर्ट की नियुक्त सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) की जाँच में यूएसटीएम पर गंभीर गड़बड़ियाँ सामने आई हैं। जाँच में पाया गया कि यूनिवर्सिटी ने बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से जमीन पर कब्जा किया, पहाड़ काटे और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँचाया। इन कामों की वजह से ही गुवाहाटी के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी। यूएसटीएम एक निजी संस्था है जिसकी स्थापना 2008 में एजुकेशन रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन ने की थी। यह मेघालय के री-भोई जिले के 9जी माइल इलाके में, असम की सीमा से लगे जराबात के पास स्थित है। असम सरकार लंबे समय से इस यूनिवर्सिटी पर जंगल काटने और पहाड़ को नुकसान पहुँचाने के आरोप लगाती रही है। असम में रहने वाले एक युवक ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर री-भोई और ईस्ट खासी हिल्स (मेघालय) में हो रहे पर्यावरण नुकसान और उसका असर असम पर पड़ने की शिकायत की थी। मई 2025 में असम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि ब्म्ब् इस मामले की निगरानी और जाँच करे। यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मेघालय (यूएसटीएम) का कैंपस लगभग 100 एकड़ पहाड़ी इलाके में फैला हुआ है। यहाँ अकादमिक इमारतों के साथ-साथ पीए संगमा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, ऑडिटोरियम और अन्य ढाँचे बनाए गए हैं। रिपोर्टों के अनुसार, 2011 से अब तक यूनिवर्सिटी ने कम से कम 5 पहाड़ों को समतल कर दिया ताकि निर्माण के लिए जमीन तैयार हो सके। खास बात यह है कि ज्यादातर कटाई मेघालय की तरफ नहीं बल्कि गुवाहाटी की दिशा वाली ढलानों पर की गई। पहाड़ों और प्राकृतिक अवरोधों को काटने से जो पहले बारिश के पानी की रफ्तार को धीमा करते थे, अब पानी सीधे और तेजी से नीचे की ओर बहने लगा। इसका नतीजा यह हुआ कि मानसून का पानी सीधे उमखराह और बासिष्ठा नदियों में पहुँचने लगा, जो आगे गुवाहाटी में बाढ़ की स्थिति पैदा करता है। भारी जंगल कटाई और खुदाई से मिट्टी ढीली हो गई जिससे बड़े पैमाने पर कटाव और भूस्खलन शुरू हो गए। इसके कारण नदियों में भारी मात्रा में मिट्टी जमा होने लगी। सबसे अहम बात यह भी है कि जिन इलाकों में यह खुदाई और पहाड़ काटे गए, वह 'डिम्ड फॉरेस्ट' क्षेत्र थे, जिन्हें फॉरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट, 1980 के तहत सुरक्षित माना जाता है। यहाँ प्राकृतिक ढलान और पेड़-पौधे बरसात के पानी को नियंत्रित करने के लिए बेहद जरूरी थे। सुप्रीम कोर्ट की कमेटी (सीईसी) की रिपोर्ट में यह भी दर्ज है कि केवल मौजूदा मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ही नहीं, बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई ने भी पहले कई बार जराबात इलाके को बाढ़ का बड़ा कारण बताते हुए सीमा पार हो रही जंगल कटाई पर चिंता जताई थी। सुप्रीम कोर्ट की सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) की जाँच में सामने आया है कि यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मेघालय (यूएसटीएम) ने बड़े पैमाने पर पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक यूनिवर्सिटी ने लगभग 25 हेक्टेयर 'डिम्ड फॉरेस्ट' जमीन पर बिना अनुमति कब्जा कर लिया, जिसमें से 15.71 हेक्टेयर क्षेत्र पर निर्माण हुआ है। इसमें से 13.62 हेक्टेयर यानी 87 प्रतिशत जमीन असल में जंगल थी। इसी तरह, पीए संगमा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के लिए तय 12.13 हेक्टेयर जमीन में से करीब 7.64 हेक्टेयर (63 प्रतिशत) को तोड़ दिया गया। बाकी जमीन को 2021 तक जंगल माना जाता था लेकिन उस पर भी अवैध कब्जा कर लिया गया, जो 1973 के मेघालय फॉरेस्ट रेगुलेशन का सीधा उल्लंघन है। जाँच में यह भी पाया गया है कि 2017 से लगातार बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और खुदाई की गई है। केंद्र सरकार के पर्यावरण मंत्रालय के आदेशों के बावजूद यूनिवर्सिटी ने कभी भी क्षतिपूरक वनीकरण नहीं किया। स्थिति यह है कि यूनिवर्सिटी का करीब 93 प्रतिशत हिस्सा अब नष्ट, खुदाई की गई और अवैध रूप से कब्जाई गई जंगल की जमीन है जिसे सीईसी ने 'भयानक पर्यावरणीय आपदा' बताया है। रिपोर्ट के अनुसार,असम की तरफ ढलानों पर बड़े पैमाने पर मिट्टी काटी गई और कृत्रिम नाले बनाए गए, जिससे पानी का बहाव और तेज हो गया। इसके बावजूद यूनिवर्सिटी ने कभी भी पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) नहीं कराया। इतना ही नहीं, री-भोई जिले में अवैध खनन भी जारी है। कुल मिलाकर, सीईसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 100 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में जंगल और पहाड़ काटने से गुवाहाटी में 2024 की बाढ़ और भी विनाशकारी हो गई, यहाँ तक कि सात किलोमीटर दूर तक के इलाके भी पानी में डूब गए। सुप्रीम कोर्ट की सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) ने यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मेघालय (यूएसटीएम) पर कड़ा कदम उठाते हुए कुल 150.35 करोड़ का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना जंगल की जमीन के अवैध इस्तेमाल, पेड़ कटाई, पर्यावरण क्षतिपूर्ति और बहाली की लागत को ध्यान में रखकर लगाया गया है, जिसकी गणना 2017 से हुई उल्लंघनों के आधार पर की गई है। सीईसी ने आदेश दिया है कि 25 हेक्टेयर क्षेत्र को एक साल के भीतर प्राकृतिक जंगल में बहाल किया जाए और वहां बने सभी अवैध ढाँचे हटाए जाएँ। साथ ही, बराबर क्षेत्रफल की गैर-जंगल जमीन पर क्षतिपूरक वनीकरण करने का भी निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि री-भोई जिले में फिलहाल चल रहे सभी अवैध खनन, पत्थर तोड़ाई और क्रशिंग कार्यों को तुरंत रोका जाए, जब तक कि इस पर व्यापक समीक्षा पूरी न हो जाए। सुप्रीम कोर्ट अब जल्द ही इस पूरे मामले की सुनवाई करेगा।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*गाजा में बाजा बजे,सिसकी भरे हमास*
*ईरानी भी सन्न हैं, करके सत्यानाश*
*करके सत्यानाश, चाटते सबकी जूती*
*गायब अब्दुल्लाह, कतर में भागे हूती*
*कह सुरेश नेत्यन्याहू-सा चाहे राजा*
*लश्क-जैश-मुनीर,बना दे सबको गाजा*

# सऊदी-पाक सुरक्षा समझौते का भारत पर असर

> सऊदी-पाक सुरक्षा समझौते से पाकिस्तानी खुश हैं, जबकि सुरक्षा और कूटनीति विशेषज्ञों के साथ भारतीय इससे परेशान हैं। वहीं सऊदी भी जानता है कि आतंकवाद के कारण पाकिस्तान पर भारत का हमला कभी भी हो सकता है तो उसने भी पाकिस्तान की मदद के बारे में कुछ तो वादे किये होंगे। समझौता कुछ भी कहता हो लेकिन सऊदी पाकिस्तान की बेवकूफी के लिए अपने देश को बर्बाद नहीं कर सकता।



सऊदी अरब और पाकिस्तान ने नाटो देशों की तरह सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके बारे में कहा जा रहा है कि एक देश पर हमला दोनों देशों पर हमला माना जाएगा और दोनों देश मिलकर उसका जवाब देंगे। इस समझौते का पूरा वर्णन अभी हासिल नहीं हुआ है क्योंकि हो सकता है कि इस समझौते में गुप्त प्रावधान भी रखे गए हों। इस समझौते के कारण न केवल सुरक्षा और कूटनीति विशेषज्ञ परेशान हैं बल्कि भारत की आम जनता भी चिंतित है। इस चिंता की वजह यह है कि नाटो देश भी ऐसे ही समझौते से बंधे हुए हैं, इसलिए कोई भी देश उन पर हमला नहीं करता है। क्योंकि सबको पता है कि अगर उसने एक देश पर हमला किया तो उस पर सारे नाटो देश टूट पड़ेंगे। पाकिस्तान की जनता बहुत खुश है क्योंकि उसे लगता है कि अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया तो सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत का मुकाबला करेगा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को इसके लिए पाकिस्तानी जनता बधाई दे रही है, जबकि भारत की जनता चिंतित है क्योंकि उसे लगता है कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है और अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया तो सऊदी अरब की मदद से पाकिस्तान पूरी ताकत से भारत का मुकाबला करने की कोशिश करेगा। भारतीय विदेश विभाग इसको बड़ी संवेदनशीलता से देख रहा है और उसने बयान दिया है कि वो देख रहा है कि इस समझौते का भारत पर क्या असर हो सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो गयी थी, अब भारत को देखना है कि अगर दोबारा ऐसा होता है तो सऊदी अरब पाकिस्तान की कैसी मदद कर सकता है। सऊदी अरब को पाकिस्तान की मदद करने से रोकने के लिए भारत क्या कर सकता है, इस पर भारतीय सरकार और सेना ने विचार करना शुरू कर दिया होगा। वैसे देखा जाए तो यह समझौता भारत को देखते हुए नहीं किया गया है और इसकी पहल भी पाकिस्तान की तरफ से नहीं हुई है। इजराइल द्वारा कतर की राजधानी दोहा पर किया गया हमला इसकी मुख्य वजह है जो हमास नेताओं को निशाना बनाकर किया गया था। इस हमले के कारण पूरे अरब जगत में भय का वातावरण पैदा हो गया है क्योंकि सऊदी अरब सहित ज्यादातर अरब देशों की सुरक्षा की जिम्मेदारी अमेरिका ने संभाल रखी है। इस हमले पर अमेरिका ने चुप्पी साध ली है जिसके कारण सभी अरब देश परेशान हैं। इससे पहले सऊदी पर ईरान समर्थित आतंकवादी संगठन हमला कर चुके हैं। अमेरिका के रवैये से लग रहा है कि वो अब अरब देशों की सुरक्षा देने का इच्छुक नहीं है। सऊदी को लगता है कि अब सिर्फ अमेरिका के भरोसे नहीं रहा जा सकता, उसे दूसरे विकल्पों पर भी विचार करना होगा। पाकिस्तान सऊदी अरब का पुराना सहयोगी है और उसकी सेना का प्रशिक्षण भी पाकिस्तानी सेना द्वारा किया जाता है। पाकिस्तान परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र है इसलिए सऊदी ने पाकिस्तान को अपने विकल्प के रूप में चुना है। वैसे दोनों देशों का कहना है कि उनका समझौता किसी देश को देखकर नहीं किया गया है लेकिन सबको पता है कि पाकिस्तान का दुश्मन कौन है और सऊदी का कौन है। इस समझौते ने नए समीकरण पैदा कर दिए हैं और अमेरिका का महत्व इस क्षेत्र में कम करने का काम किया है। आने वाले समय में दूसरे अरब देश भी इस समझौते से जुड़ सकते हैं। पाकिस्तान कह चुका है कि सभी मुस्लिम देशों को नाटो जैसा समझौता करना चाहिए ताकि वो आने वाले खतरों से निपट सके। अमेरिका अब्राहम समझौते से अरब देशों को इजराइल के साथ जोड़ना चाहता था, अब उसकी संभावना लगभग खत्म हो चुकी है। पाकिस्तान की परमाणु शक्ति सऊदी अरब के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इजराइल पर इस समझौते का क्या असर होगा, ये एक अलग विषय है लेकिन भारत के लिए सऊदी बहुत महत्वपूर्ण है। सऊदी भारत का महत्वपूर्ण सहयोगी है इसलिए हमें ज्यादा चिंता करने की जरूरत है। पिछले दस सालों में सऊदी भारत का रणनीतिक साझेदार बन चुका है। सऊदी कुछ भी कहे लेकिन संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। भारत सऊदी के साथ रिश्तों को आगे बढ़ाते हुए इस समझौते की अनदेखी नहीं कर सकता। डोनाल्ड ट्रंप के फैसलों के कारण सभी देशों में संशय पैदा हो गया है और विश्व राजनीति में एक शून्य नजर आ रहा है। चीन इस शून्य को भरने की कोशिश कर सकता है। वैसे यह समझौता ईरान के लिए भी नई परिस्थितियां लेकर आया है। दोनों देशों के साथ रिश्ते उसके लिए चिंता का विषय हैं। अब भारत को इजराइल के साथ अपने संबंधों में सतर्कता बरतनी होगी और देखना होगा कि उसकी इजराइल के साथ मित्रता दूसरे देशों को गलत संदेश न दे। समस्या यह है कि इजराइल भारत का महत्वपूर्ण रक्षा साझेदार है और इस समझौते के बाद भारत को अपनी सुरक्षा के लिए इजराइल के साथ संबंधों को बढ़ाना होगा। भारतीय कूटनीति की समस्या यह है कि उसे ऐसी परिस्थितियों से निपटना पड़ रहा है जिसके बारे में अभी तक सोचा नहीं गया है। अमेरिका के कारण भारतीय कूटनीति पहले ही एक बड़े खतरे से जूझ रही है और इस समझौते ने नई समस्या पैदा कर दी है। बेशक इस समझौते का तात्कालिक कारण दोहा पर इजराइल का हमला हो लेकिन यह समझौता जल्दबाजी में नहीं हो सकता। पर्दे के पीछे इसकी तैयारियां कई वर्षों से चल रही होंगी। भारत के लिए यह भी चिंता का विषय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बावजूद सऊदी ने पाकिस्तान के साथ यह समझौता कर लिया है। भारत को इस समझौते के होने का कुछ तो एहसास रहा होगा। वैसे देखा जाए तो कूटनीति में सिर्फ समझौता हो जाने से कुछ नहीं होता बल्कि यह भी देखना होता है कि दोनों देश एक दूसरे की क्या मदद कर सकते हैं। अगर भारत-पाकिस्तान पर हमला कर देता है तो सऊदी पाकिस्तान की कैसे मदद कर सकता है, इस बारे में भारत ने तैयारियां शुरू कर दी होंगी। सऊदी भी जानता है कि आतंकवाद के कारण पाकिस्तान पर भारत का हमला कभी भी हो सकता है तो उसने भी पाकिस्तान की मदद के बारे में कुछ तो वादे किये होंगे। देखा जाए तो सऊदी के पास कोई बड़ी सैन्य शक्ति नहीं है लेकिन उसका सुरक्षा बजट पाकिस्तान से कहीं ज्यादा बड़ा है। सऊदी के पास अमेरिका से लिए गए घातक हथियार हैं लेकिन उनको चलाने के लिए प्रशिक्षित सेना नहीं है। यही कारण है कि वो भारी भरकम खर्च के बावजूद अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर है। पाकिस्तान को सऊदी कोई सैन्य सहायता नहीं दे सकता लेकिन अपने हथियार तो दे सकता है। एक तरह से देखा जाए तो सऊदी और पाकिस्तान एक दूसरे के पूरक हैं। पाकिस्तान सऊदी को सेना दे सकता है और सऊदी पाकिस्तान को हथियार दे सकता है।

**- राजेश कुमार पासी**

# टैरिफ चुनौती के बीच आर्थिक रफ्तार



अब जीएसटी सुधारों के तीन बड़े आधार हैं। एक, स्ट्रक्चरल सुधार। इसमें टैक्स ढांचे को और बेहतर किया गया है। दो, टैक्स दरों को तर्कसंगत बनाया गया है, ताकि जरूरी वस्तुएं सस्ती हों तथा तीन, नए रजिस्ट्रेशन, रिफंड को आसान बनाया गया है। इससे इनपुट और आउटपुट टैक्स रेट्स में संतुलन आएगा। जीएसटी के रजिस्ट्रेशन से लेकर पालन प्रतिवेदन की प्रक्रिया भी आसान की गई है। यकीनन इस समय टैरिफ की चुनौती के बीच भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और अब कर सुधारों से अर्थव्यवस्था की गति को पंख लगते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में 19 सितंबर को दुनिया की प्रसिद्ध जापान की ग्लोबल रेटिंग एजेंसी रेटिंग एंड इन्वेस्टमेंट इंफार्मेशन (आरएंडआई) ने कहा कि अमेरिका के द्वारा भारत पर ऊंचे टैरिफ लगाने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था बढने की प्रवृत्ति दिखा रही है। ऐसे में भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को एक पायदान ऊपर करते हुए बीबीबी प्लस किया गया है। इसके पहले भी पिछले दिनों एसएंडपी और मार्निंग स्टार डीबीआरएस जैसी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है। गौरतलब है कि हाल ही में उभरते भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नए कर सुधार देश के हर नागरिक के लिए एक बड़ा उपहार है। इन दिनों हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और इनकम टैक्स में किए गए नए सुधारों और नई व्यवस्थाओं पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि इन आमूल कर सुधारों से न केवल आम आदमी की जिंदगी आसान होगी, वरन देश विकसित राष्ट्र बनने की डगर पर भी तेजी से आगे बढ़ेगा। जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह आम लोगों के जीवन में खुशहाली का डबल धमाका है। इनकम टैक्स में मिली 12 लाख तक की छूट के बाद अब जीएसटी की दरों में की गई कटौती से घरों का बजट सुधरेगा, आम लोगों की बचत बढ़ेगी और मध्यम वर्गीय लोगों की क्रयशक्ति में भी बड़ा इजाफा होगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि नए कर सुधारों से इसी वर्ष 2025-26 के अंत तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई दे सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 9 सितंबर को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में कर दरों में कमी किए जाने से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास मजबूत होगा। साथ ही इससे महंगाई में भी कमी आएगी। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि 10 सितंबर को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर के अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.9 फीसदी कर दिया है। गौरतलब है कि 22 सितंबर से लागू नए ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों के तहत मौजूदा चार टैक्स स्लैब 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी में बदलाव करते हुए इन्हें घटाकर 5 फीसदी और 18 फीसदी स्लैब वाले दो-स्तरीय जीएसटी व्यवस्था के रूप में रणनीतिक पूर्वक आगे बढ़ाया गया है। हालांकि अहितकर वस्तुओं की श्रेणी में आने वाली कुछ वस्तुओं पर 40 फीसदी कर स्लैब लागू किया गया है। अब जीएसटी सुधारों के तीन बड़े आधार हैं। एक, स्ट्रक्चरल सुधार। इसमें टैक्स ढांचे को और बेहतर किया गया है। दो, टैक्स दरों को तर्कसंगत बनाया गया है, ताकि जरूरी वस्तुएं सस्ती हों तथा तीन, नए रजिस्ट्रेशन, रिफंड को आसान बनाया गया है। इससे इनपुट और आउटपुट टैक्स रेट्स में संतुलन आएगा। जीएसटी के रजिस्ट्रेशन से लेकर पालन प्रतिवेदन की प्रक्रिया भी आसान की गई है। कारोबारी अब सिर्फ तीन दिन में जीएसटी पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकेंगे। उन्हें 7 दिनों में रिफंड देने की व्यवस्था होगी। कच्चे माल और तैयार माल की दरों में भिन्नता होने के कारण इनपुट टैक्स रिटर्न में होने वाली दिक्कतों को भी समाप्त कर दिया गया है। उल्लेखनीय की जीएसटी के सुधारों से घरेलू खपत में जोरदार तेजी आएगी। मध्यम वर्ग उत्पादों की खरीदी पर पैसा खर्च करेगा और मांग बढने से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार को भी उम्मीद है कि 48000 करोड़ रुपए के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो जाएगी। निश्चित रूप से आम आदमी व मध्यमवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी और लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा। जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। इतना ही नहीं जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई देगा। अनुमान है कि देश में जीएसटी घटने से करीब 2 लाख करोड़ रुपए की खपत बढ़ेगी और निर्यात को भी नई गति मिलेगी। मांग व उत्पादन बढने से जीडीपी में भी वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। निश्चित रूप से जिस तरह केंद्र सरकार जीएसटी में आमूल बदलाव की डगर पर आगे बढ़ी है, उसी तरह सरकार इनकम टैक्स को आसान और राहतकारी बनाने के लिए भी तेजी से आगे बढ़ी है।

**- डा. जयंती लाल भंडारी**

# कृषि में नवाचार-किसान और खेती को नई क्रांति का प्रसार

परम्परागत तरीके से अलग से कुछ नया सोचना और उस पर अमल करना. लीक से हट कर नयी पद्धति को अपना कर आकर्षक परिणाम का मिल जाना नवाचार का पहला कदम है। किसी भी काम मेँ चाहे वह खेती - बाड़ी ही क्यों ना हो, नवाचार की अपनी एक खास भूमिका रहती है। इसी महत्वपूर्ण भूमिका की वजह से ही नवाचार हमेशा अग्रणी रहा है। यहीं से नव क्रांति की शुरुआत होती है। तकनीक और मशीनीकरण, 20वीं सदी के मध्य में शुरू हुआ, खासकर हरित क्रांति के दौरान। कृषि का इतिहास लगभग 12,000 साल पहले शुरू हुआ जब मानव ने पौधों और जानवरों को पालतू बनाना शुरू किया जिससे खानाबदोश जीवनशैली से स्थायी कृषि जीवनशैली में बदलाव आया। कृषि का विकास नवपाषाण युग (लगभग 10,000 ईसा पूर्व) में हुआ जिसे कृषि क्रांति भी कहा जाता है। माना जाता है कि कृषि का जन्मस्थान उपजाऊ अर्धचंद्राकार क्षेत्र था जो पूर्वी भूमध्यसागरीय तट से लेकर फ़ारस की खाड़ी तक फैला हुआ था। इस क्षेत्र में लोग सन, छोले, दाल, मटर और छिलके वाली जौ जैसी फ़सलें उगाते थे। मिस्र और मेसोपोटामिया के लोगों ने नदी के प्रवाह को नियंत्रित करने और फसलों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सिंचाई प्रणालियों का उपयोग किया। भारत में कृषि का सबसे पुराना साक्ष्य उत्तर-पश्चिम भारत में मेहरगढ़ नामक स्थान पर मिलता है जिसकी तिथि लगभग 7000 ईसा पूर्व है। भारतीय उपमहाद्वीप में लोगों ने जल्द ही जीवन को स्थापित कर लिया और कृषि के लिए औजारों और तकनीकों का विकास किया। मिट्टी में पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए फसल चक्र का उपयोग किया जाने लगा। 1400 ईस्वी में ब्रिटिश कृषि क्रांति ने नई सब्जियाँ उगाने के तरीकों में फसल विज्ञान और कृषि प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाया। 1600-1800 ईस्वी में कृषि के मशीनीकरण से अधिक फसल उत्पादन संभव हुआ। 1960 के दशक में उच्च उपज वाले बीजों (HYV) का प्रयोग शुरू हुआ, जिससे सिंचाई और रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग बढ़ा। कृषि का विकास विश्व के सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन में महत्त्वपूर्ण कारक रहा है। 1960 के दशक में, भारत में हरित क्रांति के दौरान, उच्च पैदावार वाले बीजों, उर्वरकों और सिंचाई तकनीकों का उपयोग करके कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई। पिछले 70 वर्षों में, बीजों, उर्वरकों और फसल सुरक्षा उत्पादों में नवाचार ने कृषि बाजार को नया आकार दिया है और दुनिया भर में अरबों लोगों के जीवन को बदल दिया है। कृषि में मशीनीकरण से भी उत्पादन में वृद्धि हुई है, जिससे काम आसान और समय की बचत हुई है। 1996-97 से कृषि सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर औसतन 1.75% प्रति वर्ष रही है जबकि आवश्यक दर 4 प्रतिशत है। कृषि अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास प्रणाली को नवोन्मेषी मॉडलों के माध्यम से स्पष्ट विकास और व्यावसायिक परिप्रेक्ष्य प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय कृषि नवाचार परियोजना (एनएआईपी) की शुरुआत हुई। कृषि में नवाचार में बीज की गुणवत्ता सुधारना, पौध संरक्षण और मशीनीकरण जैसे तकनीकी परिवर्तन शामिल हैं।

आज का कार्टून




साभार

# रामलीला : हमारी लोक संस्कृति

भगवान श्रीराम भारतीय जन मानस की आत्मा हैं। भगवान श्रीराम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। भगवान श्रीराम व्यक्ति नहीं, विश्वास हैं। श्रीराम को जानने के लिए उनके जीवन चरित्र को समझना अति आवश्यक है। राम का नाम इस भवसागर से पार उतार ले जाता है। श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम हम सबके अंदर बसे हैं. राम नाम ही हमारे जन्म से लेकर मृत्यु तक हमारे साथ रहता है। जब श्रीराम की बात होती है तो श्रीरामकथा और रामलीला की बात जरूर होती है। श्रीरामकथा करने वाले विद्वान आचार्य, साधु, संत महात्मा होते हैं जो स्वयं राममय होकर राम नाम को जीते हैं। जहां तक रामलीला की बात है, भारतीय लोक संस्कृति में रामलीला का बहुत महत्व है। रामलीला का मंचन भारतीय जनमानस में नवऊर्जा और नवप्राण भर देने का काम करती है। भारतीय जनमानस में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं होगा, जिसने रामलीला ना देखी हो। रामलीला का मंचन अपने आप में अद्भुत है। श्रीराम का चरित्र, उनसे जुड़ी घटनाएं, हम सबके लिए आदर्श हैं। रामलीला का एक-एक दिन अलग-अलग शिक्षा देती रहती है। भगवान श्रीराम के चरित्र को रामलीला के माध्यम से मंचित किया जाता है। रामलीला में हर वर्ग का व्यक्ति हिस्सा लेता है और दर्शक भी हर वर्ग का होता है। उसमें बच्चे, युवा सभी आते हैं। रामलीला का महत्व केवल इतना ही नहीं है कि उसमें श्रीराम के चरित्र को दिखाया बताया जाता है बल्कि आप इसे सांस्कृतिक दृष्टि से भी देखें और समझे तो रामलीला के अंदर पूरा भारतीय समाज दिखाई देता है। दूसरी ओर रामलीला में लोकगीतों की एक बहुत लंबी परंपरा छिपी हुई है। रामलीला के लगभग हर एक दृश्य में लोकगीत चलते हैं और उनका गायन भी होता है। कई सारी रामलीलाएं तो संगीत आधारित होती हैं अर्थात चौपाइयों के गायन या फिर लोकगीतों के आधार पर होती हैं। कलाकार अपनी कलाएं, अपनी मुद्राएं बिखेर कर दर्शकों को रसानुभूति कराते हैं। लोकगीत के साथ-साथ लोक नृत्य भी रामलीला का प्रमुख अंग है। रामलीला के अंदर कई दृश्यों में नृत्य की मुद्राएं भी सामने आ जाती हैं। इन सभी बातों के अलावा रामलीला हम सबके रीति-रिवाज, परंपराओं को भी दिखाती है। राजसी वेशभूषा, तपस्वी वेशभूषा, आरती, पूजा पाठ, तीज-त्योहार, सामान्य जन का सहयोग आदि सभी कुछ दिखाया जाता है। भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादाओं से बंधा है और वह सृष्टि के हर एक जीव को अपने साथ लेकर चलते हैं। हर एक जीव से बात करते हैं, जिससे कि लोगों में सृष्टि, संस्कृति, पर्यावरण, प्रकृति के प्रति प्रेम उत्पन्न होता है। रामलीला में समाज का हर एक रूप दिखाई देता है। भगवान श्रीराम की सामाजिक चेतना यह है कि वह राजघराने से निकलकर वनवासी रूप में आते हैं और रावण का वध करके वापस राजा बनते हैं। कठोर व्रत को धारण करते हैं, वनवास के समय किसी भी राजा के राजमहल या सुख-सुविधा का आनंद नहीं लेते हैं। इस पूरी यात्रा में भगवान श्रीराम वानर, भालू, पक्षी, नदी, पहाड़, झरने सभी से मिलते हैं और सभी भगवान राम का सहयोग भी करते हैं। भगवान श्रीराम भी कहीं ना कहीं इनका सहयोग करते हैं। रामलीला में यह सामाजिक चेतना समाज को नवजीवन भरने का संदेश देती है। कैसे भगवान होते हुए भी स्वयं श्रीराम प्रकृति को बचाने का संदेश दे रहे हैं। रीति-रिवाज, परंपराओं को पुनः जीवित करने का काम करते हैं। हर वर्ष रामलीला का होना हमारी संस्कृति का बहुत बड़ा हिस्सा है। रामलीलाओं से समाज को शिक्षा, संस्कृति, रीति-रिवाज, लोक नृत्य, लोक गायन आदि सभी का ज्ञान होता है। समाज अपनी परंपराओं से जुड़ा रहता है। रामलीला केवल मंचन ही नहीं, दृश्य या कोई नाटक ही नहीं, बल्कि समाज रीति-रिवाज, परंपरा, लोकगीत, लोकनृत्य आदि का समावेश है। रामलीला का महत्व दिन प्रतिदिन बढ़ा है, भारतीय समाज की बात करें तो रामलीलाओं में नए युग का प्रादुर्भाव भी हुआ है। तकनीक के साथ रामलीला को जोड़ा गया है। रामलीला भारतीय लोककला और लोकसंस्कृति का बहुत बड़ा कार्य है। रामलीला में सभी पात्र अपने पूरी निष्ठा, भक्ति, प्रेम के साथ काम करते हैं। रामलीला केवल मंच पर दिखने वाला दृश्य ही नहीं बल्कि एक भक्तिपरक, भावात्मक पक्ष है।

**-डॉ नीरज भारद्वाज**

# जिले में लगातार बारिश से किसानों को भारी नुकसान

## किसानों की मेहनत और सपने बारिश की वजह से बर्बाद



**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

इस साल लगातार हो रही बारिश से फसलों को भारी नुकसान हुआ है और किसानों की मेहनत और सपने बारिश की वजह से बर्बाद हो गए हैं, इसलिए अब जिले के किसान सरकार से अच्छी मदद की उम्मीद कर रहे हैं। इस साल मानसून सीजन शुरू होने से पहले ही यानी मई से ही जिले में भारी बारिश हुई है और अब सितंबर के अंत तक जिले में औसतन 925.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। प्रशासन शुरुआती जानकारी दे रहा है कि जिले में औसत से ज़्यादा बारिश हुई है। इस बारिश की वजह से जिले के सभी बांध लगभग 100 प्रतिशत तक भर गए हैं। इस बारिश की वजह से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। लगातार बारिश की वजह से जिले के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। अब तक जिले में मक्का, सोयाबीन, उड़द, मूंग, टमाटर, डोडके, गिलके, कद्दू, पालक, मेथी और अन्य सब्जियों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे सब्जियों की आवक कम हो गई है। हालांकि, जब से सब्जियां फेंकी जाने लगी हैं, जिले में देखा जा रहा है कि किसान सही दाम न मिलने के कारण इन सब्जियों को फेंक रहे हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण जिले में हजारों हेक्टेयर सब्जी और अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है और शुरुआती अनुमान के मुताबिक कुल नुकसान करोड़ों रुपये का है।

## भुजबल ने दिए बारिश से हुए नुकसान का तुरंत सर्वेक्षण करने के आदेश

**येवला।** येवला तालुका में गत रात हुई भारी बारिश के कारण कृषि फसलों को भारी नुकसान हुआ है। राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री छगन भुजबल ने नाशिक जिला कलेक्टर जलज शर्मा को तत्काल सर्वेक्षण कर सरकार को इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। गत रात येवला तालुका के सुरेगांव रोड, देवलेन, देवथान, भूलेगांव, भाईखेड़ा, खामगांव, गवंडगांव आंबेगांव, सोमथान देश और अन्य तालुकाओं में भारी बारिश हुई। इससे मक्का, प्याज, मूंगफली, सोयाबीन, बाजरा समेत कई फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इस संबंध में मंत्री छगन भुजबल ने नाशिक जिलाधिकारी जलज शर्मा और येवला तहसीलदार आबा महाजन से फोन पर संपर्क किया और उन्हें तुरंत निरीक्षण करने और पंचनामा बनाने का आदेश दिया।

## डांग जिले में भारी बारिश से यातायात बाधित



**पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध**

**बोरगांव।** डांग जिले में पिछले दो दिनों से भारी बारिश जारी है, जिससे जिले के कई इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश के कारण वघई-सापुतारा मुख्य मार्ग पर बाज गांव के पास सड़क बह गई है। साथ ही, वघई-अहवा मुख्य मार्ग पर बड़ी संख्या में पेड़ गिर गए हैं, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं और यातायात ठप हो गया है। जिला कलेक्टर शालिनी दुहन स्थिति पर नज़र बनाए हुए हैं और संबंधित विभागों को तुरंत काम शुरू करने के आदेश दिए हैं। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने कार्यस्थलों से बाहर न निकलने की भी हिदायत दी है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। हर साल मानसून के दौरान डांग ज़िले के मनोरम झरनों, नदियों और पहाड़ों पर बड़ी संख्या में पर्यटक उमड़ते हैं। हालाँकि, जारी भारी बारिश के कारण प्रशासन ने पर्यटकों के इन स्थानों पर जाने पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। प्रशासन ने खतरनाक तरीकों से सेल्फी लेने या नदी-नालों में प्रवेश करने से बचने की अपील की है।

## बांधों से छोड़ा गया पानी
## गांवों को प्रशासन द्वारा चेतावनी

**नाशिक।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण जिले के बांधों से नदी तल में पानी छोड़ दिया गया है, जिससे एक बार फिर जिले की लगभग सभी नदियों में बाढ़ आ गई है। नाशिक जिले में रविवार दोपहर और सोमवार शाम से जारी बारिश के कारण, जिले के सभी बांधों से नदी बेसिन में पानी छोड़ा गया है, मंगलवार को जल संसाधन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार।

इस जानकारी के अनुसार, दारना बांध से 2,204, वलदेवी से 4,018, गंगापुर से 6,356, आलंदी से 243, भहुली से 290, भाम से 510, वाघड से 544, पालखेड से 433, नांदूर मध्मेश्वर से 9465, करंजवन से 840, पुणेगांव से 1950, तासगांव से 133, नदी बेसिन में पानी छोड़ा जा रहा है। इसलिए, ये सभी नदी बेसिन एक बार फिर बाढ़ की स्थिति में आ गए हैं और आसपास के गांवों को प्रशासन द्वारा चेतावनी दी गई है।

## बारिश की वापसी ने ठेकेदारों की खोल दी पोल

**अभी खत्म नहीं हुई है गड्ढों की समस्या**

**नाशिक।** शहर में गड्ढों की समस्या गंभीर हो गई है और मंत्री गिरीश महाजन ने हाल ही में सड़कों पर गड्ढों की मरम्मत के काम को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाई है। इस बीच, करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद सड़कों पर गड्ढे जस के तस बने रहने से नागरिकों में गहरा रोष है। इसके अलावा, वापसी की बारिश ने ठेकेदारों के घटिया काम की पोल खोल दी है, तो करोड़ों रुपये का डामर किसने गँवाया? सड़कों की दुर्दशा को लेकर यह सवाल उठ रहा है। बारिश ने नगर निगम के कामों, खासकर नालों की सफाई और सड़क मरम्मत के कामों की पोल खोल दी है और कामों में हुई गड़बड़ियाँ उजागर हुई हैं। बारिश के पानी के जमाव, सड़कों पर गड्ढों और जाम नालियों से नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ी। इससे प्रशासन की नाकामी उजागर हुई है।

सड़कों पर पानी जमा हो रहा है और नगर निगम द्वारा नालियों की ठीक से सफाई न करने के कारण शहर के निचले इलाकों में पानी जमा हो रहा है और सड़कें जलमग्न हो रही हैं। सड़कों की मरम्मत का काम ठीक से न होने के कारण बारिश के पानी से बड़े-बड़े गड्ढे बन रहे हैं।

## पूर्ण आत्मनिर्भर भारत की ओर देश का सफ़र : विधायक पाचपुते

**आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यशाला भाजपा वसंत स्मृति कार्यालय में संपन्न**

**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

महात्मा गांधी ने आज़ादी के दौर में स्वदेशी का नारा दिया था। उसके बाद, राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण भारत पराधीन होता गया। इसके कारण भारत की विदेशी मुद्रा का अवमूल्यन हो रहा था। एक समय ऐसा भी आया जब भारत को सोना गिरवी रखना पड़ा। उस समय दुनिया का भारत के प्रति नज़रिया तिरस्कारपूर्ण था। लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने और उन्होंने लोकल फॉर वोकल और स्वदेशी का नारा दिया। भारत ने सुई, साबुन, टूथपेस्ट से लेकर विमान निर्माण तक, हर क्षेत्र में स्वदेशी उत्पाद बनाए हैं। छोटे-छोटे देश पहले ही आर्थिक रैंकिंग में भारत से आगे निकल गए थे। आज भारत विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर है और आने वाले दिनों में भारत तीसरे स्थान पर आ जाएगा। इसका कारण आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान है। स्वदेशी जागरूकता के कारण, देश में स्वदेशी अभियान सफल रहा है । भाजपा नाशिक महानगर जिला, दक्षिण ग्रामीण, उत्तर ग्रामीण नामक 3 संगठनात्मक जिलों की कार्यशाला नाशिक स्थित भाजपा वसंत स्मृति कार्यालय में संपन्न हुई। इस अवसर पर, विधायक पाचपुते ने आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर, उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से आत्मनिर्भर भारत के विजन में स्वदेशी लोगों को जागृत करने, लोकल के लिए वोकल होने, स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने और स्वदेशी खरीद-बिक्री की पहल को बूथ स्तर तक ले जाने की अपील की।




## लंदन में 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक' के निर्माण की मांग

**विधायक देवयानी फरांदे ने मंत्री आशीष शेलार को दिया ज्ञापन**

**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

नाशिक मध्य निर्वाचन क्षेत्र की विधायक श्रीमती देवयानी फरांदे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया है, जिसमें महाराष्ट्र सरकार से लंदन स्थित स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के आवास को खरीदकर वहाँ "स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक" बनाने की माँग की गई है।फरांदे ने ज्ञापन में कहा है कि, "लंदन स्थित स्वातंत्र्यवीर सावरकर का आवास भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उस संरचना का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व बहुत अधिक है। लंदन में रहने वाले भारतीय नागरिक लगातार इस स्थान पर एक स्मारक बनाने की माँग करते रहे हैं। इसलिए, वैश्विक स्तर पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को उजागर करने के लिए इस संरचना पर एक राष्ट्रीय स्मारक का निर्माण आवश्यक है।"विधायक फरांदे ने मुख्यमंत्री और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री से इस संबंध में तत्काल कदम उठाने और आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।



## येवला नगर पालिका में आयुष्मान भारत कार्ड नि :शुल्क शिविर

**महानगर नेटवर्क**
**येवला**

नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण आयुष्मान भारत कार्ड जारी करने हेतु येओला नगर परिषद में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर 22 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025 तक नगर परिषद में आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान, पात्र नागरिकों को निःशुल्क आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किए जाएँगे। इस योजना के तहत, लाभार्थियों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा कवर मिलता है। इससे बड़ी बीमारियों और इलाज के खर्च में काफी बचत होती है।

इस शिविर में नागरिक अपना आधार कार्ड,मोबाइल लिंक और राशन कार्ड लेकर आएँ और येवला नगर परिषद स्थित राष्ट्रीय नागरिक मिशन प्रकोष्ठ से संपर्क करें। येवला नगर परिषद की ओर से नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस शिविर का लाभ उठाएँ और आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना आयुष्मान भारत कार्ड बनवाएँ। यह अपील मुख्य कार्यकारी अधिकारी तुषार आहेर ने की है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का सौर प्रचार रथ रवाना

**नाशिक क्षेत्र में 25,000 ग्राहकों ने की 58 मेगावाट सौर प्रणाली स्थापित**



**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

महावितरण द्वारा 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पर्व अवधि के दौरान प्रधानमंत्री सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में योजना के बारे में प्रत्यक्ष जागरूकता उत्पन्न करने हेतु महावितरण और प्रीत चैरिटेबल संस्था के सौजन्य से नाशिक जिले में एक सौर प्रचार रथ तैयार किया गया है। "सोलरपे चर्चा" के साथ चल रहे सूर्याघर योजना के इस सौर रथ को आज (मंगलवार, 23 तारीख) विद्युत भवन में नाशिक मंडल के मुख्य अभियंता सुंदर लाटपटे ने हरी झंडी दिखाकर जनजागृति हेतु रवाना किया।

इस रथ के उद्घाटन के अवसर पर नाशिक बोर्ड के अधीक्षण अभियंता राजेश थुल, सहायक महाप्रबंधक चंद्रकांत खाडे, उप मुख्य औद्योगिक संबंध अधिकारी प्रमोद राजेभोसले, कार्यकारी अभियंता चेतन वेडे, जगदीश जाधव, अनिल झकटरे, नंदकिशोर काले, प्रबंधक हेमंत भामरे, जनसंपर्क अधिकारी विकास आढ़े, सहायक कानूनी अधिकारी रंजीत बोम्मी के साथ ही प्रीत चैरिटेबल संस्था के डॉ. शरद बोडके, शशिकांत बोडके सहित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## हिरण की खाल की तस्करी करने वाला गिरोह गिरफ्तार

**हिरण की खाल और अन्य सामग्री जब्त**



**महानगर नेटवर्क**
**मनमाड**

येवला वन विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मनमाड रेलवे स्टेशन पर हिरण की खाल की तस्करी करने वाले एक गिरोह को गिरफ्तार किया गया है। येवला वन विभाग ने यह कार्रवाई की है और इस कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से हिरण की खाल और अन्य सामग्री जब्त की गई है।

संभावना है कि वे अन्य अपराध भी कबूल करेंगे और उनके खिलाफ वन्यजीव तस्करी का मामला दर्ज किया गया है। इस बारे में मिली जानकारी मुंबई से प्राप्त एक गुप्त सूचना के आधार पर, येवला वन रेंज अधिकारी राहुल घुगे के मार्गदर्शन में वन अधिकारियों ने मनमाड रेलवे स्टेशन क्षेत्र में एक जाल बिछाया और शुक्रवार, 19 तारीख को सुबह लगभग 9 बजे, हिरण की खाल के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें शामिल हैं 1) दीपक सुरेश चव्हाण, उम्र 39, निवासी हेनकलवाड़ी, तालुका, धुले 2) प्रवीण रमेश बंसोड़, निवासी वर्धा, तालुका, वर्धा 3) मारुति लक्ष्मण उइके, निवासी धाकुलगाँव, तालुका, धामनगाँव, अमरावती 4) अभिलाल अर्जुन पाटिल, निवासी सदगाँव, तालुका, गिरफ्तार आरोपियों का नाम धुले है और उन्हें भारतीय वन्यजीव अधिनियम 1972 के तहत जंगली जानवरों की तस्करी के वन अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में शिवाजी सहाने, सहायक वन संरक्षक (वनरोपण एवं वन्य जीव संरक्षण), चांदवड़, मनमाड, के मार्गदर्शन में, राहुल घुगे, वन परिक्षेत्र अधिकारी, येओला (प्रा.) और जयप्रकाश शिरसाठ, वनरक्षक, मनमाड, वनरक्षक, विजय डोंडे, अमोल पाटिल, विष्णु राठौड़, संजय बेडवाल, विजय टेकनेर, संतोष दराडे, पंकज नागपुरे, श्रीमती सोनाली वाघ, श्रीमती वंदना खराट, चालक सुनील भुरुक आदि वन अधिकारी शामिल थे। आगे की जाँच जारी है।

## देवलाली में गड्ढे का श्राद्ध कर नागरिकों ने विरोध जताया

**महानगर नेटवर्क**
**देवलाली कैंप**

महीनों से गड्ढों वाली सड़कों की समस्या से जूझ रहे नागरिकों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। देवलाली कैंप क्षेत्र के बेलहटगव्हान रोड पर नागरिकों ने सड़क के गड्ढों का श्राद्ध कर विरोध जताया। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में गड्ढों के कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों ने पहले भी कई बार बयान और विरोध प्रदर्शन किए हैं, लेकिन गड्ढे नहीं भरे गए हैं। इसलिए, पीड़ित ग्रामीणों ने पितृ पक्ष का लाभ उठाया और 'कांव-कांव' करके सड़क का श्राद्ध कर एक अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बेलहटगव्हान सरपंच मोहनीश डोंडे, उपसरपंच आकाश पगेरे, सचिन पालदे, यश कापसे, किरण धुरजाड़, रवि मोरे, अतुल सावले आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। नागरिकों ने गड्ढों का श्राद्ध कर प्रशासन को जगाने की कोशिश की है, और यह विरोध प्रदर्शन क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

## स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए कर्मचारियों की कमी

**कई जगहों पर सड़कों पर अंधेरा और गड्ढे** | **हो रहीं दुर्घटनाएं**

**महानगर नेटवर्क**
**मनमाड़**

मनमाड़ नगर पालिका की सीमा में नगरपालिका के स्वामित्व वाली स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए कर्मचारियों की कमी के कारण कई वार्डों में अंधेरा छाया हुआ है। कई जगहों पर सड़कों पर अंधेरा और गड्ढों पर ध्यान न देने के कारण दुर्घटनाएँ हुई हैं। इस वजह से आवारा जानवर भी अंधेरे में बैठे रहते हैं। इससे भी दुर्घटनाएँ हुई हैं। नगरपालिका के इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग को शिकायत करने के बावजूद, कई इलाकों में स्ट्रीट लाइटें अभी भी बंद हैं। कारण यह है कि जिस ठेकेदार को ठेका दिया गया है, वह खुद यह काम नहीं करता, बल्कि आदमियों से काम करवाता है। हालाँकि, उसके लिए काम करने वाले लोग पहले अपना निजी काम करते हैं, फिर महावितरण द्वारा ठेके पर लिया गया काम करते हैं, फिर जब उन्हें समय मिलता है, तो नगरपालिका के ठेकेदार के लिए काम करते हैं। इस वजह से कई वार्डों में अंधेरा छाया हुआ है। पूर्व नगरसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने इस संबंध में कई शिकायतें की हैं, लेकिन चूंकि नगरपालिका की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है, इसलिए नागरिकों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की है और शहर के नागरिकों द्वारा यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या नगरपालिका बिना काम के ठेकेदारों को खाना खिला रही है। मनमाड शहर लगभग दो लाख की आबादी वाला शहर है शहर का भौगोलिक क्षेत्र भी काफी बढ़ गया है।



**यथासंभव काम करने की कोशिश**

नगर पालिका के दो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं और उनके पद रिक्त हैं। इसके अलावा, हमारे पास एक ठेकेदार, एक संविदा कर्मचारी है, जो यथासंभव काम करने की कोशिश कर रहा है। हम उन जगहों को प्राथमिकता दे रहे हैं जहाँ कार्यक्रम और अन्य विवाह समारोह होते हैं। हम उन क्षेत्रों में काम कर रहे हैं जहाँ यह संभव है। हालाँकि एक व्यक्ति के लिए यह संभव नहीं है, फिर भी हमारे प्रयास जारी हैं। हम मुख्य अधिकारी से बात करेंगे और काम को सुचारू रूप से चलाने के लिए किसी अन्य व्यक्ति या ठेका देने का प्रयास करेंगे।

– **जितेंद्र सोनारे**, (विद्युत अभियंता)

## राष्ट्रीय सामग्री प्रबंधन संस्थान की वार्षिक आम बैठक संपन्न

**मनोज पाटिल लगातार तीसरी बार अध्यक्ष और डॉ. हेमंत ताम्बड़े उपाध्यक्ष चुने गए**

**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

राष्ट्रीय सामग्री प्रबंधन संस्थान की वार्षिक बैठक गंगापुर रोड स्थित बॉन विहान हॉल में खुली मेली के माहौल में हुई। बैठक में संस्था के अध्यक्ष मनोज पाटिल, डॉ. हेमंत ताम्बड़े, राकेश वाघ और मुख्य अतिथि नाशिक उद्योग एवं निर्माता संघ रोजगार सृजन के अध्यक्ष गोविंद बोरसे उपस्थित थे। इस अवसर पर 2025 से 2027 की अवधि के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। मनोज पाटिल तीसरी बार भारतीय सामग्री प्रबंधन संस्थान की नाशिक शाखा के अध्यक्ष चुने गए हैं। डॉ. हेमंत ताम्बड़े उपाध्यक्ष, राकेश वाघ संस्था के मानद सचिव और प्रवीण आवटे कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। दीपक पाटिल और जयंत डिसले को कार्यकारिणी समिति के सदस्य के रूप में चुना गया है। लक्ष्मीकांत दशपुते और मुकुंद कराडखेडकर को राष्ट्रीय परिषद के सदस्य के रूप में चुना गया है। भूषण येवला और अमोल दशपुते को सर्वसम्मति से मनोनीत सदस्य चुना गया है। कार्यक्रम के आरंभ में लक्ष्मीकांत दशपुते ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया। संस्था के अध्यक्ष मनोज पाटिल ने वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की। राकेश वाघ ने पिछले वर्ष के संचित व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जिसका उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। संस्था के अध्यक्ष ने घोषणा की कि संस्था छह माह में अपने स्वयं के परिसर में पदार्पण करेगी और यहां विभिन्न संगोष्ठियाँ एवं शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।



## शरद पूर्णिमा तक 24 घंटे खुला रहेगा सप्तश्रृंगी मंदिर

**महानगर नेटवर्क**
**कलवण**

साढ़े तीन शक्तिपीठों में से आधी शक्तिपीठ सप्तश्रृंगी देवी के नवरात्रि महोत्सव शुरू हैं। इस महोत्सव के अवसर पर सप्तश्रृंगी मंदिर नवरात्रि भर 24 घंटे खुला रहेगा।

सोमवार, 22 अक्टूबर को सुबह 7 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय प्रमुख अभय लाहोटी द्वारा सप्तश्रृंगी देवी का पंचामृत महापूजन किया गया और सुबह 9:30 बजे सप्तश्रृंगी मंदिर में घटस्थापना कर नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हुआ, ऐसा ट्रस्ट प्रबंधन ने बताया। 23 से 30 अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रातः 7 बजे विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पंचामृत महापूजा की जाएगी। 30 को अष्टमी के दिन प्रातः 7 बजे पालकी पूजन एवं नगर प्रदक्षिणा, बुधवार 1 को नवमी के दिन शतचंडी याग होमहवन पूजन, तथा अपराह्न 3 बजे सप्तश्रृंग ग्राम में कीर्ति ध्वजा शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा दोपहर 12 बजे सप्तश्रृंगी देवी के सप्तश्रृंग शिखर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। दशहरा के अवसर पर गुरुवार 2 को शतचंडी याग पूर्णाहुति एवं महापूजा की जाएगी।

## उत्तर महाराष्ट्र के अशोका मेडिकवर अस्पताल में पीओईएम सर्जरी सफल

**महानगर नेटवर्क**
**नाशिक**

अशोका मेडिकवर अस्पताल ने उत्तर महाराष्ट्र में पीओईएम सर्जरी सफलतापूर्वक करके एक नया इतिहास रच दिया है। यह क्षण न केवल अशोका मेडिकवर अस्पताल के लिए, बल्कि पूरे उत्तर महाराष्ट्र के मरीज़ों के लिए आशा की किरण बन गया है। जलगाँव निवासी एक 34 वर्षीय व्यक्ति को लंबे समय से निगलने में कठिनाई, भोजन का ग्रासनली में फँस जाना, बार-बार उल्टी आना, सीने में दर्द और जलन जैसी गंभीर समस्याएँ हो रही थीं। ऐसी बीमारियाँ मरीज़ों के दैनिक जीवन को बहुत कठिन बना देती हैं। उन्हें नाशिक के अशोका मेडिकवर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जाँच के बाद, उन्हें अचलासिया कार्डिया नामक बीमारी का पता चला, जो ग्रासनली की मांसपेशियों में ऐंठन के कारण होती है। अस्पताल की मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी टीम - डॉ. सोहम दोशी, डॉ. संदीप पाटिल, डॉ. अमोल शिंदे और डॉ. दीपक गुप्ता - ने आधुनिक एंडोस्कोपिक तकनीकों का उपयोग करके पीओईएम सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की।



**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, यूनिट नं.11-12, देह बानू कॉम्पलेक्स, बाफना ज्वेलर्स के पास, नाशिक-पुणे रोड, दत्त मंदिर, नाशिक रोड-422101 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित. ● फोन नंबर: 0253-2469848 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# अधिकृत एजेंसी से होगी आउटसोर्स कार्मिकों की भर्ती : योगी सरकार

## रोजगार में पारदर्शिता और सुरक्षा पर जोर

महानगर नेटवर्क

लखनऊ

यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत अब सभी विभागों में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती केवल अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से ही होगी। इसके लिये प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन का आदेश दिया है। यूपी सरकार ने सभी सरकारी विभागों में आउटसोर्स कार्मिकों की भर्ती को लेकर कुछ नियमों को भी तय किए हैं। जिसमें कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं और वेतन को सुनिश्चित करने को कहा गया हैं। यानी अब प्रदेश में आउटसोर्सिंग में सिस्टमेटिक तरीके से होगी और इन कर्मचारियों के वेतन समेत तमाम मुद्दों पर जवाबदेही भी तय हो सकेगी। सीएम योगी ने साफ कर दिया है कि अब आउटसोर्स के सभी कर्मचारियों का ईपीएफ और ईएसआईसी सुविधा देना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही ऐसे कर्मचारियों को समय से वेतन भुगतान की गारंटी देनी होगा और भर्ती प्रक्रिया में अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। आरक्षण व्यवस्था का अनुपालन भी सुनिश्चित करना जरूरी होगा। इससे आउटसोर्स के कर्मचारियों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने हर महीने की 1 से 5 तारीख तक वेतन का भुगतान करना होगा।



### भर्ती प्रक्रिया में मनमानी पर लगेगी रोक

इस व्यवस्था से युवाओं को रोजगार में पारदर्शिता और सुरक्षा मिलेगी। इससे सीधी भर्ती और कर्मचारियों की भर्ती को लेकर होने वाली मनमानी पर रोक सकेगी। वहीं विभागों में मनमानी और भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगेगी। इससे पहले विभिन्न विभागों में आउटसोर्स एजेंसियों के द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों की सुविधाएं ली जाती थीं।

### ब्योरा नहीं देने पर शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश

अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों पर शासन ने सख्ती शुरू कर दी है। निर्देश दिए गए हैं कि अगर 25 सितंबर तक इनकी आवश्यक जानकारी मानव संपदा पोर्टल पर अपडेट नहीं की गई तो कार्मिकों का इस महीने का वेतन रोक दिया जाएगा। प्रदेश के एडेड विद्यालयों के प्रबंधन अपने यहां तैनात शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों के बारे में जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने से बच रहे हैं। कई बार के निर्देश के बाद भी इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इस पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने भी नाराजगी जताई है। वेतन रोकने के निर्देश से विद्यालयों में हड़कंप की स्थिति है। विद्यालयों को अपने शिक्षकों व कर्मचारियों के नाम, पता, उनके शैक्षिक रिकॉर्ड, पारिवारिक सदस्यों का विवरण, नॉमिनी आदि के विवरण उपलब्ध कराने हैं। प्रबंधक बार-बार निर्देश के बाद भी इसका पालन नहीं कर रहे हैं। राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों का पूरा ब्योरा पहले से मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड है।

# चाहें सपा में रहें या बसपा में जाएं, हार तय

## आजम खान की रिहाई पर बोले DCM केशव मौर्य

महानगर नेटवर्क

लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद मंगलवार को सीतापुर जेल से रिहा हो गए। सभी परवानों के जेल पहुंचने के बाद जेल प्रशासन ने प्रक्रिया पूरी करते हुए आजम को रिहाई दी। वहीं सपा नेता के जेल से बाहर आने के बाद यूपी की राजनीति तेजी से गरमा गई है। इस पर सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है। वहीं आजम के सपा और बसपा में जाने पर डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने प्रतिक्रिया दी है।

आज़म खां के जेल से रिहा होने के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में शामिल होने की अटकलों के बीच यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने सोशल मीडिया प्लेट्फॉर्म 'एक्स' पर ट्वीट कर कहा है कि, 'मोहम्मद



आजम खान चाहें सपा में रहें या बसपा में जाएं, सपा-बसपा दोनों की 2027 में हार का मातम तय है।' मौर्य के इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा हो गई है। उनके इस बयान से अब सूबे की सियासत ने तूल पकड़ ली है। वहीं अपर्णा यादव ने कहा कि न तो उनके जेल जाने में बीजेपी की भूमिका है, न छूटने में।

उन्होंने कहा कि आजम की रिहाई का फैसला कोर्ट का है। बीजेपी से किसी व्यक्ति का लेना देना नहीं है। अगर किसी ने कोई जुर्म किया होगा तो उसके लिए न्यायपालिका है। अगर किसी ने ऐसा काम किया होगा तो उसे सजा होगी। अगर उनकी कोई गलती नहीं है तो वह बरी होते हैं।

### अखिलेश यादव ने कहा

सपा प्रमुख अखिलेश ने 23 महीने बाद जेल से रिहा होकर बाहर आए समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को लेकर कहा कि, 'आजम खान जेल से रिहा हो गए हैं, इसके लिए मैं अदालत का आभार प्रकट करता हूं और हम सभी को कोर्ट पर भरोसा था कि वह न्याय जरूर करेगा।' वहीं अखिलेश ने कहा कि, जैसे सरकार बनते ही सीएम योगी ने अपने और डिप्टी सीएम के मुकदमे वापस ले लिए हैं इसी तरह सपा की सरकार आते ही हम उनके खिलाफ चल रहे सभी झूठे मुकदमों को खत्म करने का काम करेंगें।

# जेल से रिहा हुए आजम खान

महानगर नेटवर्क

लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान 23 महीने बाद सीतापुर जेल से मंगलवार की दोपहर रिहा हो गए है। सपा नेता आजम खान 23 महीने बाद सीतापुर जेल से रिहा हुए हैं। वहीं अब सभी की नजरें सपा नेता की राजनीति पर है, माना जा रहा है कि वह 2027 के चुनाव से पहले नई पार्टी या बसपा में शामिल हो सकते हैं। हालांकि अब खुद ही पूर्व मंत्री आजम खान ने 2027 के चुनाव को लेकर अपनी बात रखी है। सपा नेता आजम खान ने 2027 के चुनाव को लेकर कहा कि अभी तो मुझे अपना स्वास्थ्य ठीक करना है और इलाज कराना है। उन्होंने



कहा कि उसके बाद सोचुंगा क्या होगा 2027 में। वहीं उन्होंने कहा कि इस 23 महीने के पहले 3 साल पहले भी इसी कठिन दौर में रह चुके हैं, आदत पड़ चुकी थी अकेले रहने की। जेल से निकलने के बाद अखिलेश यादव से कोई बातचीत पर उन्होंने कहा कि अभी जेल से निकले कितना समय हुआ। वहीं आजम ने कहा कि मुझे कोई शिकायत नहीं है किसी से, इसके साथ ही बसपा से तंजीम फातिमा की मुलाकात पर कहा कि हम झूठे लोग नहीं हैं। बसपा में जाने के अटकलें पर कहा कि जो अटकलें लग रहा है उनसे पूछिए मुझसे क्यों पूछ रहे हो। बसपा में शामिल होने की अटकलों पर आजम खान ने साफ कहा कि "यह केवल वही लोग बता सकते हैं जो अटकलें लगा रहे हैं। मैं जेल में किसी से नहीं मिला। मुझे फोन करने की इजाजत नहीं थी. इसलिए, मैं 5 साल तक पूरी तरह से बाहर के संपर्क में नहीं रहा।" अखिलेश यादव की सरकार आने पर सारे मुकदमे वापसी होने पर आजम खान ने बिना मुंह से कुछ बोलते हुए हाथ हिलाया जैसे उन्हें क्या पता. इसके साथ ही सपा नेता ने कहा कि बहुत सी लोगों की दुआएं हैं, सभी का शुक्रिया।

# वाराणसी में नाविक समाज का विरोध प्रदर्शन

## दशाश्वमेध घाट पर काली पट्टी बांधकर जताया आक्रोश

महानगर नेटवर्क

वाराणसी

वाराणसी में प्रशासन के रवैये से नाराज नाविक समाज ने मंगलवार को दशाश्वमेध घाट पर नावों पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में नाविक एकजुट होकर घाट पर पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान नाविक समाज के लोगों को समझाने के लिए एडीसीपी काशी टी सरवरण रविदास घाट पहुंचे।

नाविक समाज के प्रतिनिधि प्रमोद माझी ने बताया कि 72 दिन बाद नाव संचालन शुरू हुआ था, लेकिन प्रशासन ने बहाना बनाकर उस पर फिर से रोक लगा दी। उनका कहना है कि प्रशासन घाटों पर रोशनी की



कमी का हवाला देता है, जबकि नाव संचालन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ही होता है और उस समय पर्याप्त रोशनी रहती है।

नाविकों ने यह भी कहा कि घाटों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी प्रशासन और नगर निगम की होती है, लेकिन गंगा की स्वच्छता और सफाई वे खुद करते हैं ताकि यात्रियों को किसी तरह की समस्या न हो। इसके बावजूद प्रशासन नाव संचालन में लगातार अड़चनें पैदा कर रहा है। प्रमोद माझी ने आरोप लगाया कि अधिकारियों का कहना है कि 25 सितंबर को निरीक्षण किया जाएगा और उसके बाद आदेश जारी होगा, लेकिन इस तरह समय निकालकर नाविक समाज के साथ अन्याय किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर क्रूज का संचालन लगातार जारी है और उसमें किसी भी तरह की बाधा नहीं डाली जा रही है।

# शादी का कार्ड देने के बहाने घर में घुसे बदमाशों ने की लूट



महानगर नेटवर्क

मैनपुरी

कस्बा के मोहल्ला पथरिया में शादी का कार्ड देने के बहाने आए दो बदमाशों ने शिक्षक की पत्नी को बंधक बनाकर दिनदहाड़े लूटपाट की। बदमाशों ने शादी का कार्ड देने की बात कहकर घर का गेट खुलवाया और चाकू तथा तमंचे दिखाकर महिला को घर के अंदर ले गए। बदमाश 25 हजार की नकदी और डेढ़ लाख के आभूषण लूटकर बदमाश भाग निकले। घटना से इलाके में दहशत फैल गई है। मूल रूप से मौजेपुर निवासी जागीर के नगला कांदर स्थित कंपोजिट विद्यालय में शिक्षक सुबोध यादव पुत्र शिशुपाल सिंह यादव भोगांव के मोहल्ला पथरिया में मकान बनाकर रहते हैं। वह रोज की तरह मंगलवार की सुबह अपनी पत्नी सुलेखा को घर में छोड़कर स्कूल चले गए। मंगलवार की सुबह 10:30 बजे पड़ोस में रह रही उनके भाई की पत्नी मिथलेश पानी लेने घर के अंदर आई तो सुबोध की पत्नी सुलेखा घर में बेहोश पड़ी थी। यह देखते ही उन्होंने शोर मचा दिया। शिक्षक सुबोध को फोन करके बुला लिया गया।

# करंट से युवती की मौत मामले में SDO, जेई सहित 6 संविदाकर्मी हुए बर्खास्त

महानगर नेटवर्क

गोरखपुर

निर्माणाधीन मकान की छत पर हाईटेंशन लाइन के करंट से युवती की मौत के मामले में कार्रवाई की गई है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार की ओर से राप्तीनगर के एसडीओ भानु प्रताप, मेडिकल कॉलेज उपकेंद्र के जेई दुर्गा प्रसाद और मेडिकल कॉलेज उपकेंद्र के तकनीशियन ग्रेड टू जयंत गौतम को निलंबित कर दिया गया। साथ ही मेडिकल कॉलेज उपकेंद्र के छह निविदाकर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया। राप्तीनगर के अधिशासी अभियंता अभिषेक कुमार



के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बिजली निगम के संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों पर आरोप है कि बिजली कर्मियों की साठगांठ से मोगलहा में निर्माणाधीन मकान को बनाने को छत के ऊपर 11 हजार वोल्ट की लाइन गुजरने के बाद भी शटडाउन लेकर लिंटर लगाया गया था। इसके बाद छत पर खड़ी युवती की करंट लगने से मौत हो गई थी।

# निर्माणाधीन मकान की छत ढहने से तीन मजदूरों की मौत, चार घायल

महानगर नेटवर्क

सुल्तानपुर

जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां लंभुआ तहसील में एक निर्माणाधीन मकान की छत अचानक भरभरा कर गिर गई। हादसे में दो सगे मजदूर भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

ये घटना लंभुआ तहसील के धरियामऊ गांव का है। जहां राम तीर्थ धुरिया नाम के शख्स ने मकान



निर्माण का ठेका राम मिलन वर्मा को दे रखा था। सोमवार को उनके मकान में 20×30 एरिया में छत डाली गई। जिसकी जमीन से लगभग 18 फिट की ऊंचाई बताई जा रही है। रात आठ बजे के आसपास जब कार्य पूरा होने के बाद मिक्चर मशीन खोली जा रही थी, तभी छत की शटरिंग एकाएक खुल गई और छत भरभरा कर गिर पड़ी। बताया जा रहा है कि छत पर जहां पांच मजदूर शामिल थे। वहीं मिक्चर मशीन के पास एक दर्जन मजदूर खडे थे। घटना में छत पर खड़े तीन मजदूर घायल हुए। इनमें सुभाष(36), अफसर अली (40), रवि सरोज (26) को तत्काल सीएचसी लाया गया। यहां से गंभीर हालत में रवि को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद एक मजदूर अरुण चौहान (25) को मलबे से निकाल कर रात 10:45 पर लंभुआ सीएचसी पहुंचाया गया है।

# मां ब्रह्मचारिणी के दर्शन के लिए भक्तों का लगा तांता

महानगर नेटवर्क

वाराणसी

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के 'देवी ब्रह्मचारिणी' रूप की पूजा करने का विधान है, जो कोतवाली थाना अंतर्गत दुर्गा घाट पर मां गंगा के तट पर विराजमान हैं। मंगलवार को भारी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। माता के जयकारे से पूरा परिसर गूंज उठा। मां का दर्शन करने के लिए भोर से ही भक्तों की कतार लग गई। श्रद्धालु नारियल, माला फूल और खीर प्रसाद जो मां को अत्यंत प्रिय है, लेकर मां का दर्शन करने के लिए भोर से ही लाइन में लगे



रहे। महंत राजेश्वर सागरकर ने बताया कि भोर में 3 बजे मंदिर खोल कर मां के विग्रह का पंचामृत से स्नान कराया गया। इसके बाद मंगला दर्शन के लिए भक्तों के लिए कपाट खोल दिया गया और मां को श्रीसूत्र मंत्रउच्चारण सुना कर षोडशोचार विधि से पूजन अर्चन किया गया।

# मारपीट में चाकू से हमला, एक घायल

**जौनपुर।** थाना क्षेत्र के जयरामपुर तिराहे पर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर चाकू से वार कर दिया। चाकू के हमले में एक युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजवाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने चाकू से वार करने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के जयरामपुर तिराहे पर भन्नौर पक्की कोट निवासी अनमोल कुमार सिंह जयरामपुर गांव निवासी अपने मित्र लकी सिंह, मंगल सिंह के साथ खड़ा होकर बात कर रहा था। किसी बात को लेकर गांव का ही मुस्ताक गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारने लगा।

# पूजा के लिए फूल तोड़ने निकलीं 3 महिलाओं को पिकअप ने रौंदा, मौत

महानगर नेटवर्क

बहराइच

जिले में सुबह-सुबह सड़क हादसा हो गया। यहां बहराइच-बलरामपुर हाईवे के सोहापारा के पास मंगलवार सुबह तेज रफ्तार डग्गामार अनियंत्रित पिकअप ने दो महिलाओं सहित तीन को रौंद डाला। पिकअप हादसे के बाद पेड़ से टकराकर पलट गई। तीनों घायलों को गंभीरावस्था में मेडिकल कालेज लाए जाने पर चिकित्सकों ने परीक्षण कर तीनों को मृतक घोषित कर दिया। मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

दरगाह थाने के अशोखा के मजरे सोहापारा में मंगलवार सुबह लगभग छह बजे इसी गांव निवासी राजेश द्विवेदी (48) पुत्र अशोक द्विवेदी अपने खेत गए थे। खेत देख वह घर आ रहे थे। वही पार्क से फूल तोड़ सोहापारा निवासनी जयंती देवी (48) पत्नी जगदम्बा, बौंड़ी थाने के



मुरौव्वा गांव निवासनी संतोष देवी (45) पत्नी राम छबीले शुक्ला घर आ रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार डग्गामार पिकअप ने तीनों को रौंद डाला। हादसा देख लोग दौड़े, तब तक पिकअप पेड़ से टकराकर पलट गई। चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को आनन फानन में एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाए जाने पर चिकित्सकों ने परीक्षण कर तीनों को मृत घोषित कर दिया। जिसके चलते मृतकों के परिजनों में हाहाकार मच गया।

# चाचा- भतीजे को पड़ोसी ने मारी गोली, मौत

**प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात के भुआलपुर किला में सोमवार की देर शाम चोर आने का शोर सुनकर दौड़े चाचा व भतीजे पर पड़ोसी ने फायर झोंक दिया। विरोध करने पर परिवार के सदस्यों को तमंचा सटाकर धमकाया। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है। भुआलपुर निवासी 25 वर्षीय सूरज अपने 28 वर्षीय भतीजे राहुल व रोहित के साथ सोमवार की देर शाम अपने घर पर था। रोहित के अनुसार इस बीच घर के पीछे चोर आने का शोर मचा। जिन्हें पकड़ने के लिए गांव के लोग दौड़ पड़े। वे लोग भी अपने घर के पीछे मच रहे शोर को सुनकर दौड़े। चोर खोजने को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से सूरज पक्ष के बीच कहासुनी हो गई। तभी दूसरे पक्ष की ओर से फायरिंग होने लगी। ग्रामीणों के अनुसार करीब पांच राउंड फायरिंग हुई।

# पैरामेडिकल कॉलेज में जल्द बनेगा एकेडमिक भवन

महानगर नेटवर्क

आजमगढ़

राजकीय मेडिकल कॉलेज चक्रपानपुर के परिसर में करीब 17 करोड़ की लागत से पैरामेडिकल कॉलेज के एकेडमिक भवन का निर्माण जल्द शुरू होगा। इसके टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गई है। एक सप्ताह बाद निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। भवन दो मंजिला होगा। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में पांच विषयों में 110 सीटों पर पैरामडिकल के छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। पैरामेडिकल कॉलेज का एकेडमिक भवन नहीं है। जिससे छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने के लिए दूसरे भवन में जाना पड़ता है। समुचित स्थान के अभाव में अव्यवस्था रहती है।

छात्रों को पर्याप्त सुविधाए नहीं मिल पाती



हैं। मेडिकल कॉलेज परिसर में पैरामेडिकल कॉलेज का नया एकेडमिक भवन बन जाने से यहां पर आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। भवन में छात्रों के लिए कक्षा, प्रयोगशाला और आधुनिक पुस्तकालय की सुविधा होगी। जिससे छात्र और दक्ष होंगे। राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में पैरामेडिकल कॉलेज की एकेडमिक बिल्डिंग का निर्माण नर्सिंग कॉलेज के बगल में होगा। जिसके लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शासन से बजट भी कार्यदायी संस्था को मिल गया है। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) जल्द भवन का निर्माण शुरू करेगी। डिप्लोमा के लिए होती है पढ़ाई राजकीय मेडिकल कॉलेज के पैरामेडिकल कॉलेज में पांच विषयों की 110 सीटों पर पढ़ाई होती है। जिसमे डीएमएलटी और डिप्लोमा इन इंश्योर टेक्नीशियन के लिए 25-25 सीटें हैं। इसके साथ ही डिप्लोमा इन ओटी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन फिजियोथैरेपी और डिप्लोमा इन ऑप्टोमेट्री नेत्र विभाग के लिए के लिए 20-20 सीटें हैं। नए भवन में छात्रों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं पैरामेडिकल कॉलेज के एकेडमिक भवन में छात्रों को आधुनिक सुविधाएं मिलेगी।

# UPPSC : आयोग पर प्रतियोगी छात्रों ने किया धरना प्रदर्शन

महानगर नेटवर्क

प्रयागराज

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) पर मंगलवार को प्रतियोगी छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों की मांग है कि पीसीएस और आरओ-एआरओ की प्रारंभिक परीक्षा में आयोग के द्वारा जारी किए गए उत्तर कुंजी में काफी त्रुटियां हैं। काफी समय बीत जाने के बाद भी आयोग संशोधित उत्तर कुंजी जारी नहीं कर रहा है। छात्रों ने कहा कि आयोग की मंशा ठीक नहीं दिख रही है। पूर्व की भांति इस परीक्षा को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे छात्र किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे। कई वर्षों से परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के



साथ आयोग अन्याय कर रहा है। मंगलवार को आयोग के बाहर जुटे हजारों प्रतियोगी छात्रों ने भ्रष्टाचार बंद करो, आयोग की मनमानी नहीं चलेगी, आयोग के अध्यक्ष इस्तीफा दो आदि नारे लगाए। छात्रों का कहना है कि आयोग पूरी तरह से मनमानी पर उतारू है। पीसीएस और आरओ-एआरओ परीक्षा में गलत प्रश्न पूछे गए थे। आयोग की ओर से जारी उत्तर कुंजी में भी त्रुटियां पाई गईं।

आयोग के अध्यक्ष ने विशेषज्ञ पैनल के माध्यम से गड़बड़ी को दूर करके संशोधित उत्तर कुंजी जारी करने का आश्वासन दिया था। काफी समय बीत जाने के बाद भी संशोधित आंसर की जारी नहीं की गई।

# गाजा युद्ध पीड़ितों के नाम पर ठगी गिरोह का भंडाफोड़

## यूरोप के कई देशों से जुड़े हैं तार

महानगर नेटवर्क

लखनऊ

गाजा युद्ध पीड़ितों की मदद के लिए क्राउड फंडिंग करने वाले महाराष्ट्र के तीन युवकों ने यूपी के भी करीब 60 लोगों को ठगा है। उन्होंने महिलाओं, बच्चों को खाना, कपड़े, दवाएं मुहैया कराने के लिए यूपी समेत 20 राज्यों के लोगों से करीब 2 करोड़ रुपये की उगाही की, जिसमें से करीब 15 लाख रुपये क्राउड फंडिंग करने वाले प्लेटफॉर्म को भेजे थे। वहीं बाकी रकम अपने बैंक खातों से निकालने के बाद दूसरे खातों में जमा कराई। एटीएस को जिन खातों में रकम भेजी थी, वे टेरर फंडिंग से जुड़े होने का शक है। यूपी एटीएस ने शनिवार को महाराष्ट्र के भिवंडी निवासी मोहम्मद अयान, अबू सूफियान और थाणे निवासी जैद नोटियार को गाजा पीड़ितों की मदद के नाम पर क्राउड फंडिंग की रकम हड़पने के आरोप में गिरफ्तार किया था। तीनों को सोमवार को राजधानी स्थित एटीएस की अदालत में पेश किया गया, जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। एटीएस ने तीनों को रिमांड पर देने का अदालत से अनुरोध भी किया। सूत्रों के मुताबिक तीनों के खिलाफ कई लोगों ने ठगी करने की शिकायत की थी, जिसके बाद एटीएस को जांच सौंपी गई थी। एटीएस ने तीनों के खिलाफ अगस्त माह में मुकदमा दर्ज किया था। तीनों को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ में पता चला कि यूरोप से एक व्यक्ति उनसे मिलने मुंबई भी आया था।

# अयोध्या विकास प्राधिकरण ने धन्नीपुर मस्जिद का ले आउट प्लान किया खारिज

महानगर नेटवर्क

अयोध्या

जिले के धन्नीपुर में मस्जिद का ले आउट प्लान अयोध्या विकास प्राधिकरण से खारिज (Reject) हो गया है। इसकी यह वजह सामने आई है कि विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए थे। इसका खुलासा एक आरटीआई के जवाब में हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट ने 9 नवंबर, 2019 को अपने अयोध्या फैसले में उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को मस्जिद और अन्य सुविधाओं के निर्माण के लिए पांच एकड़ ज़मीन आवंटित करने का आदेश दिया था। 3 अगस्त, 2020 को, अयोध्या के तत्कालीन डीएम अनुज कुमार झा ने अयोध्या के



पास धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ ज़मीन सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित कर दी। मस्जिद ट्रस्ट ने 23 जून, 2021 को योजना की मंजूरी के लिए आवेदन किया। तब से, मंजूरी पर कोई अपडेट नहीं आया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय पत्रकार ओम प्रकाश सिंह द्वारा 16 सितंबर, 2025 को दायर आरटीआई आवेदन के जवाब में, अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने यह स्वीकार किया कि मस्जिद ट्रस्ट ने आवेदन और जांच शुल्क के रूप में 4 लाख रुपये का भुगतान किया था। एडीए द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, पीडब्ल्यूडी, प्रदूषण नियंत्रण, नागरिक उड्डयन, सिंचाई और राजस्व विभागों के अलावा नगर निगम, जिला मजिस्ट्रेट और अग्निशमन सेवा से एनओसी मांगी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार मस्जिद ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने इस बारे में कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद के लिए ज़मीन का आवंटन अनिवार्य कर दिया और उत्तर प्रदेश सरकार ने हमें ज़मीन आवंटित कर दी है। मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं कि सरकारी विभागों ने अपनी एनओसी क्यों नहीं दी और प्राधिकरण ने मस्जिद के लेआउट प्लान को क्यों खारिज कर दिया।'

# भारत की पहली विदेशी डिफेंस यूनिट शुरू

## राजनाथ बोले- मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड पर कर रहे काम

**महानगर नेटवर्क**
**रबात (मोरक्को)**



भारत ने रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए मोरक्को के बेररेशिद में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड की पहली विदेशी रक्षा निर्माण इकाई का उद्घाटन किया है। यह भारत का रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में पहला ओवरसीज प्लांट है। इस सुविधा को औपचारिक रूप से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मोरक्को दौरे के दौरान शुरू किया। राजनाथ सिंह ने उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत सिर्फ मेक इन इंडिया तक सीमित नहीं है। अब हम मेक विद फ्रेंड्स और मेक फॉर द वर्ल्ड के विजन पर काम कर रहे हैं। इसका उद्देश्य विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर अत्याधुनिक तकनीक का विकास करना और वैश्विक शांति व क्षमता निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संप्रभुता का सम्मान करती है और स्थानीय क्षमता को मजबूत करती है।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को को खासतौर पर व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म्स के उत्पादन पर केंद्रित किया गया है। यह भारत का पहला ओवरसीज डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत के रक्षा निर्यात को नई दिशा देगा और अफ्रीका समेत वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। यह दौरा ऐतिहासिक माना जा रहा है क्योंकि यह पहली बार है जब कोई भारतीय रक्षा मंत्री उत्तरी अफ्रीका के इस देश का दौरा कर रहा है। राजनाथ सिंह की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिलने की उम्मीद है। भारत लंबे समय से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और निर्यात को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की इस नई पहल को इसी रणनीति का अहम हिस्सा बताया जा रहा है। यह फैक्ट्री स्थानीय मांग को पूरा करने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्नत प्लेटफॉर्म मुहैया कराएगी।

विश्लेषकों का कहना है कि भारत का यह कदम केवल उत्पादन क्षमता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की वैश्विक भूमिका को भी रेखांकित करता है।

# सत्येंद्र जैन के खिलाफ ED का बड़ा ऐक्शन

## 7.44 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



जांच के परिणामस्वरूप ईडी ने 31 मार्च 2022 को सत्येंद्र कुमार जैन के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनियों की 4.81 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया था और 27 जुलाई 2022 को अभियोजन शिकायत (पीसी) दर्ज की थी। माननीय न्यायालय ने 29 जुलाई 2022 को पीसी का संज्ञान लिया प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के पूर्व मंत्री और आप नेता सत्येंद्र कुमार जैन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कथित रूप से उनके द्वारा नियंत्रित कंपनियों से जुड़ी 7.44 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की हैं। यह कार्रवाई 15 सितंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई है। ईडी ने 24 अगस्त को सीबीआई के मामले से सत्येंद्र कुमार जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि सत्येंद्र कुमार जैन ने दिल्ली सरकार में मंत्री के रूप में रहते हुए 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 की अवधि के दौरान आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। सीबीआई ने 3 दिसंबर 2018 को सत्येंद्र कुमार जैन, पूनम जैन और अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। जांच के बाद ईडी ने 31 मार्च 2022 को सत्येंद्र कुमार जैन के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनियों की 4.81 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया था और 27 जुलाई 2022 को पीसी दर्ज की थी। कोर्ट ने 29 जुलाई 2022 को पीसी का संज्ञान लिया। अब 15 सितंबर को हुई कार्रवाई के बाद नवीनतम कार्रवाई हुई है, अब कुल कुर्की राशि 12.25 करोड़ रुपए हो गई है - एजेंसी का कहना है कि यह राशि जैन द्वारा कथित रूप से अर्जित की गई संपत्ति के पूरी वैल्यू है।

# पंजाब में बिछाई जाएगी एक और रेल लाइन

## दिल्ली से नई वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का भी प्रस्ताव

**महानगर नेटवर्क**
**चंडीगढ़**



केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने पंजाब को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने पंजाब के राजपुरा और मोहाली को जोड़ने का ऐलान किया है। इससे दोनों शहरों के बीच 63 किमी दूरी कम हो जाएगी। इसके अलावा रेलमंत्री ने फिरोजपुर कैंट-बठिंडा-दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की भी बात कही। केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। राजपुरा-मोहाली न्यू लाइन 18 किमी की है। यह 443 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। यह पूरा एरिया एक तरीके से राजधानी चंडीगढ़ से कटा हुआ था इसलिए 1960 से डिमांड आ रही थी कि इसे सीधे कनेक्ट करो। फिरोजपुर से नयी दिल्ली तक चलने वाली यह प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन फिरोजपुर से बठिंडा, पटियाला, अंबाला होते हुए नयी दिल्ली तक चलेगी। फिरोजपुर से नयी दिल्ली तक 486 किमी का सफर यह ट्रेन 6 घंटे में पूरा करेगी। फिरोजपुर-नयी दिल्ली वंदे भारत हफ्ते में 6 दिन (बुधवार छोड़कर) चलेगी। नई वंदे भारत एक्सप्रेस फिरोजपुर कैंट,फरीदकोट, बठिंडा, धुरी,पटियाला,अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र,पानीपत और नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रुकेगी।

इसके साथ ही राजपुरा से मोहाली नई रेल लाइन की दशकों पुरानी मांग को सरकार ने मंजूरी दे दी है। इससे पूरे मालवा क्षेत्र से चंडीगढ़ के साथ रेल संपर्क और बेहतर होगा। यह रूट चंडीगढ़ को मालवा क्षेत्र- राजपुरा, पटियाला, संगरूर से जोड़ेगा। इससे पहले रेलमंत्री ने सहारनपुर से लखनऊ के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी थी।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच तेज

- नकदी मामले में समिति की मदद करेंगे दो वकील



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच तेज हो गई है। नकदी मामले की जांच कर रही समिति की मदद के लिए दो वकीलों को नामित किया गया है। समिति की सहायता के लिए रोहन सिंह और समीक्षा दुआ को सलाहकार नियुक्त किया गया है। पिछले महीने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए राजनीतिक दलों का नोटिस स्वीकार किया था। 14 मार्च को वर्मा के सरकारी आवास पर नोटों की जली हुई गड्डियां पाई गई थीं। लोकसभा अध्यक्ष ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य की एक समिति गठित की थी।

# '15 साल सेवा के बाद भी जिला जज नहीं बन पा रहे...'

## जजों की नियुक्ति पर कोर्ट ने जताई चिंता

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जिला न्यायपालिका में ठहराव पर गंभीर चिंता जताई और कहा कि कई प्रतिभाशाली उम्मीदवार सिर्फ इसलिए नौकरी छोड़ देते हैं, क्योंकि उन्हें कई वर्षों बाद भी जिला जज पदोन्नति नहीं मिलती। अदालत ने कहा कि यह स्थिति न्याय व्यवस्था के लिए नुकसानदेह है और युवाओं के सपनों को तोड़ती है। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि कई उम्मीदवार 15-16 साल नौकरी करने के बाद भी जिला जज नहीं बन पाते। अदालत ने कहा कि कई ब्रिलियंट उम्मीदवार नौकरी में सिर्फ दो साल बाद ही इस्तीफा दे देते हैं, क्योंकि उन्हें आगे बढ़ने का कोई रास्ता नजर नहीं आता। सुनवाई उस संवैधानिक सवाल पर हो रही है कि क्या वे न्यायिक अधिकारी, जिन्होंने न्यायपालिका में शामिल होने से पहले सात साल तक वकालत की है, बार कोटे की रिक्तियों में जिला जज पद पर नियुक्त हो सकते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत भूषण ने तर्क दिया कि सिविल जजों को भी बार कोटे की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जानी चाहिए। जस्टिस एम एम सुंदरेश ने उदाहरण दिया कि उनके एक लॉ क्लर्क, जिन्हें उन्होंने निचली न्यायपालिका की परीक्षा देने को प्रेरित किया था, बाद में निराश होकर नौकरी छोड़ना चाहते थे। उन्होंने कहा कि यह स्थिति प्रतिभाशाली युवाओं के सपनों को तोड़ रही है और न्यायपालिका में अच्छे उम्मीदवारों की कमी पैदा कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट यह तय कर रहा है कि अनुच्छेद 233 के तहत जिला जजों की नियुक्ति का अधिकार कैसे लागू होगा। अनुच्छेद के अनुसार सात साल तक वकालत करने वाला कोई भी व्यक्ति, जिसे हाईकोर्ट अनुशंसा करे, जिला जज बनाया जा सकता है। सवाल यह है कि क्या बार में किए गए वर्षों का अनुभव और न्यायिक सेवा का अनुभव जोड़ा जा सकता है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले की सुनवाई 24 सितंबर से तीन दिन तक जारी रहेगी।

# अन्नामलाई ने दिनाकरन के NDA में लौटने की जताई उम्मीद

## कहा- वे अपने फैसले पर पुनर्विचार करें

**महानगर नेटवर्क**
**चेन्नई**



तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) के नेता टीटीवी दिनाकरन जल्द ही एनडीए में वापसी करेंगे। 21 सितंबर को दिनाकरन से उनके आवास पर मुलाकात को लेकर सफाई देते हुए अन्नामलाई ने कहा कि उनका मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ देने वाली सभी ताकतों को एकजुट करना है, ताकि 2026 के विधानसभा चुनाव में डीएमके सरकार को सत्ता से हटाया जा सके।

अन्नामलाई ने कहा, मेरी दिनाकरन से मुलाकात पूरी तरह पारदर्शी रही। मैंने पहले ही कहा था कि फोन पर हुई बातचीत के बाद मैं उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलूंगा। मैंने उनसे आग्रह किया है कि वे अपने फैसले पर पुनर्विचार करें और एनडीए में फिर से शामिल हों। दिनाकरन हाल ही में एनडीए से अलग हो गए थे, क्योंकि उन्होंने एआईएडीएमके महासचिव ई. पलानीस्वामी को गठबंधन का नेतृत्व सौंपे जाने का विरोध किया था।

# 'अंसल भाइयों के 60 करोड़ से बने ट्रॉमा सेंटर्स की जांच करें'

- उपहार अग्निकांड पर कोर्ट सख्त



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उपहार सिनेमा अग्निकांड पीड़ित संघ (एवीयूटी) को निर्देश दिया कि वह दिल्ली सरकार द्वारा बताए गए उन ट्रॉमा सेंटर्स का दौरा करे, जिनके निर्माण के लिए अंसल बंधुओं द्वारा जमा कराए गए 60 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया। अदालत ने कहा कि अगर इन केंद्रों में किसी सुविधा की कमी पाई जाती है, तो सुधार के लिए आवश्यक आदेश दिए जा सकते हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, उज्जल भुयान और एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ ने एवीयूटी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता से कहा कि वे किसी प्रतिनिधि को भेजकर इन अस्पतालों की हकीकत जानें। अदालत ने टिप्पणी की कि शायद अब इस विवाद को गरिमामय तरीके से खत्म करना बेहतर होगा, ताकि बार-बार इस त्रासदी को याद कर पीड़ितों को दुखी न किया जाए।

# रेलवे स्टेशन पर नन और 19 बच्चों से 5 घंटे तक हुई पूछताछ

**टाटा नगर।** झारखंड के टाटा नगर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार रात को दक्षिण बिहार एक्सप्रेस से उतरने के तुरंत बाद एक कैथोलिक नन और 19 आदिवासी नाबालिगों से लगभग पांच घंटे तक पूछताछ की गई। इस पूछताछ की वजह यह थी कि बजरंग दल के सदस्यों ने धर्म परिवर्तन के आरोप लगाए थे। हालांकि जांच कर रहे अधिकारियों और चाइल्ड हेल्पलाइन अधिकारियों को अब तक कोई सबूत नहीं मिला। घटना के बाद ईसाई अधिकार समूहों ने आरोप लगाया है कि बजरंग दल के सदस्यों ने नाबालिगों की तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर फैलाए। इस समूह में चार लड़के और 15 लड़कियां थीं। सरायकेला-खरसावां जिले के आदिवासी बहुल गांवों में किशोर जागरूकता परियोजनाओं पर काम करने वाली नन ने आरोप लगाया कि शुक्रवार शाम को जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए खरसावां से जमशेदपुर जाते समय दो लोगों ने उनका और बच्चों का पीछा किया।

# 'वोट चोरी' रोकने के लिए कांग्रेस ने शुरू किया पायलट प्रोजेक्ट

## चार राज्यों की पांच लोकसभा सीट पर तैनात किए जाएंगे बूथ रक्षक

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



राहुल गांधी के 'वोट चोरी' अभियान के अनुरूप, कांग्रेस ने 'बूथ रक्षकों' की नियुक्ति के लिए एक 'पायलट परियोजना' शुरू की है। इसका मकसद जमीनी स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को 'मतदाता सूची में अनियमितताओं' का पता लगाने और रिपोर्ट करने के लिए प्रशिक्षित करना है। कांग्रेस पार्टी ने 'पायलट प्रोजेक्ट' के लिए पांच लोकसभा क्षेत्रों – राजस्थान में जयपुर ग्रामीण और अलवर, छत्तीसगढ़ में जांजगीर-चांपा, मध्य प्रदेश में मुरैना और उत्तर प्रदेश में बांसगांव को चुना है। यहां उसके उम्मीदवार 2024 के चुनावों में अपेक्षाकृत कम अंतर से हारे थे। हर बूथ रक्षक 10 बूथों का प्रभारी होगा और उसे 10 बूथ लेवल एजेंटों की एक टीम सौंपी गई है। कांग्रेस पार्टी ने इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए पांच नेताओं की एक टीम बनाई है। बताया जा रहा है कि इस टीम ने सभी पांचों निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा करके और बूथ स्तर पर स्थानीय नेतृत्व के लिए वोटर लिस्ट की समीक्षा पर ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित करके जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया है।


**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given on behalf of our client that we are investigating the title of the property as described in the schedule here under.

Any person having any right, title, demand or claim of any nature whatsoever in respect to the said property or any part thereof by way of inheritance, sale, exchange, lease, lien, possession, attachment, lis pendens, mortgage, partnership, charge, gift, encumbrance or otherwise howsoever and or whatsoever nature is/are hereby requested to make the same known with copies of all supporting documents to the undersigned within **15 (Fifteen) Days** of publication of this notice, failing which any such claim/claims, if any of such person/organization/firm shall be deemed to have been waived and not binding on my client and my client may proceed on the basis of the title of the said property marketable and free from all encumbrances.

**THE SCHEDULE ABOVE REFERRED TO:**

All those piece and parcel of land bearing Survey no. 3, Hissa no. 1 (as per 7/12 Extract bearing Survey no. 3, Hissa no. 9 (pt) and bearing Survey no. 8, Hissa no. 1), after amalgamation of the properties described in CTS no. 122, 122/1 to 122/5 of Village Valnai, Taluka Borivali, at the junction of Tank Lane and Dominic Colony Road No.1, Malad (West), Mumbai 400064, admeasuring about 630.60 sq. mtrs.

Sd/-
**NAGENDRA B. SHUKLA**
**ADVOCATE HIGH COURT**
Room No. 26, 2nd Floor,
Shrinath Bhavan, 27, Picket Road,
Mumbai-400002,Tel Office: 2206 9054
Place: Mumbai Date: 24.09.2025


# बस स्टैंड पर ही पत्नी का कर डाला कत्ल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक सनसनीखेज कांड सामने आया है, जिसमें एक शख्स ने बस स्टैंड पर ही पत्नी को मार डाला। लोहिताश्व नाम के शख्स ने पत्नी को बस स्टैंड पर ही सरेआम कई बार चाकू से मारा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान उसकी 12 साल की बेटी भी मौके पर थी। पुलिस का कहना है कि लोहिताश्व और रेखा ने तीन महीने पहले ही शादी की थी और वे काफी समय से साथ हैं। रेखा की यह दूसरी शादी है और पहले विवाह से उसकी दो बेटियां हैं। रेखा की एक बेटी उसके मां-बाप के पास यानी अपने ननिहाल में रहती है। वहीं 12 साल की बड़ी बेटी उसके साथ थी। पुलिस का कहना है कि रेखा ने अपने पहले पति से अलग होकर शादी की थी। इसके अलावा लोहिताश्व भी तलाकशुदा था।

# भारत में बड़े राजनेताओं को खरीदने की कोशिश कर रहा है चीन

## किसने दे दी इतनी बड़ी चेतावनी

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



तिब्बत की निर्वासित सरकार के पूर्व प्रमुख डॉक्टर लोबसांग सांगेय ने चीन को लेकर कई सनसनीखेज दावे किए हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने दावा किया है कि चीनी दूतावास के अधिकारी भारत में राजनेताओं को खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही सत्ता परिवर्तन की भी कोशिश चल रही है। हालांकि इसे लेकर चीन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने भारत में नेताओं से चीन के प्रयासों को लेकर सतर्क रहने के लिए कहा है। सांगेय ने कहा कि वह (चीन) नेताओं, बुद्धिजीवियों, कारोबारियों, पत्रकारों और अब तो यूट्यूबर्स को भी खरीदते हैं। ऐसे ही उन्होंने तिब्बत, शिनजियांग और मंगोलिया में घुसपैठ की थी। ऐसा ही वह भारत में करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुए चीनी दूतावास के कार्यक्रम पर नजर डालिए। देखिए कि वहां कौन गया था। आपको नेताओं, कारोबारियों और अन्य लोगों की तस्वीरें मिलेंगी। सभी को नहीं खरीदा गया है, लेकिन चीनी कोशिश करते रहते हैं। इस दौरान उन्होंने भारत के पड़ोसी देशों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नेपाल में एक पार्टी चीन समर्थक है और दूसरी भारत समर्थक है। श्रीलंका, बांग्लादेश और मालदीव में भी चीन ने सत्ताधारी तैयार किए हैं। पाकिस्तान में सभी बड़े राजनीतिक दल चीन का समर्थन करते हैं।

# मूवी टिकट के दाम 200 रुपये से ज्यादा नहीं

## हाईकोर्ट ने लगा दी कर्नाटक सरकार के फैसले पर रोक

**नई दिल्ली।** मूवी टिकट के दाम अधिकतम 200 रुपये तक सीमित करने के कर्नाटक सरकार के फैसले पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। जस्टिस रवि वी होसमानी ने एक अंतरिम आदेश जारी करते हुए मल्टीप्लेक्स के मालिकों को राहत दी है। मल्टीप्लेक्स असोसिएशन ने एक याचिका फाइल कर कर्नाटक सिनेमा रेग्युलेशन रूलस 2025 को चुनौती दी थी। इस नियम में कहा गया था कि फिल्म के टिकट की कीमत 200 रुपये से ज्यादा नहीं बढ़ाई जा सकती। फिल्म प्रड्यूसर्स, मल्टीप्लेकस एसोसिएशन ऑफ इंडिया और पीवीआर आईनॉक्स के शेयरहोल्डर्स ने मिलकर हाईकोर्ट में अपील की थी। याचिका में कहा गया था कि सभी थिएटर में इस तरह से टिकट की कीमतों को सीमित कर देने से नुकसान होगा। याचिका में कहा गया कि सिंगल स्क्रीन थिएटर के मुकाबले मल्टीप्लेक्सेज में सुविधाएं ज्यादा होती हैं। ऐसे में वहां फिल्म दिखाने का खर्च भी ज्यादा आता है।


**PUBLIC NOTICE**

My client, MR. YUSUF ALIBHAI NULWALA has applied to the Shree Villa Coop. Housing Society Ltd, Off Juhu Lane, Opp Navnit Motors, Andheri (West), Mumbai - 400058, (SOCIETY) for regularizing the transfer of the ½ (50%) undivided share of his wife Late MRS. SAKINA YUSUF NULWALA in residential premises being Flat No. 102, A wing, 1st Floor in the SOCIETY, along with proportionate rights in share certificate no. 04 (distinctive nos. 16 to 20) both inclusive.

SAKINA YUSUF NULWALA expired on 10-02-2020. MR. YUSUF ALIBHAI NULWALA claims to have acquired ½ (50%) share by virtue of his being the only surviving heir, legal representative and successor of DECEASED SAKINA as they did not have any children during their married life.

On representation to the said Shree Villa CHS Ltd, on request & in good faith, the society has entered the name of my client as the single holder in the said SHARE CERTIFICATE on 27/03/2020. Now in order to regularize the transfer, my client has signed & executed Affidavit cum Declaration and Indemnity Bond for submission to the SOCIETY.

Any/all persons having any claim in respect of the said ½ (50%) undivided share of deceased **SAKINA** in the said Flat &/or the said shares or any part thereof by way of heirship, succession, sale, exchange, mortgage, charge, guarantee, gift, trust, maintenance, possession, lease, tenancy, lien, license or beneficial right/interest under any trust, right of prescription or pre-emption or under any agreement or other disposition or under any decree, order or award passed by any Court or Authority or otherwise claiming howsoever are hereby requested to make the same known in writing along with copies of relevant supporting documents to the undersigned at her below mentioned office address or by email on nilaems@yahoo.co.in within a period of **14** days from the date of publication hereof.

If no valid claim is received by me within stipulated time, my client shall be deemed to have right and entitlement to get the ½ (50%) share in the said Flat and the share to his name without any reference or regard to such claim or interest and such claims or interest if any shall be considered as waived and/or abandoned and the same shall not bind my client or affect the title of the said Flat in any manner whatsoever.

**Adv. NILANJANA M. SHAH**
**G-31, Ground Floor, Shrinivas Building, Prarthana Samaj Road, Vile Parle (East), Mumbai 400057.**
**Date : 24/09/2025 Place : Mumbai**


## पेज 1 का शेष

# भारत-पाक युद्ध रुकवाया: ट्रंप

### फलस्तीन को देश का दर्जा देने का प्रस्ताव खारिज

ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन को देश का दर्जा देने का प्रस्ताव खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा कि फलस्तीनी देश को मान्यता देना हमास के लिए बहुत बड़ी बात होगी, जो लोग शांति चाहते हैं, उन्हें सबसे पहले बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होना चाहिए। गाजा में युद्ध तुरंत बंद होना चाहिए। सभी 20 बंधकों को बिना किसी देरी के रिहा किया जाए।

### 'हमें गाजा में युद्ध तुरंत रोकना होगा'

ट्रंप ने अपने भाषण में कहा कि वह गाजा में युद्धविराम की 'गहनता' से कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा, 'हमें गाजा में युद्ध तुरंत रोकना होगा। हमें इसे रोकना होगा।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें यह करना होगा। हमें शांति वार्ता करनी होगी। हमें बंधकों को वापस लाना होगा। हम सभी 20 को वापस चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें उन्हें अभी वापस लाना होगा। हम वास्तव में 38 शव भी वापस चाहते हैं।' ट्रंप ने यह भी तर्क दिया कि हमास ने 'शांति स्थापित करने के उचित प्रस्तावों को बार-बार ठुकराया है।' ट्रंप ने पश्चिमी देशों द्वारा फिलिस्तीन को मान्यता देने को हमास के लिए 'इनाम' बताया। ट्रंप का कहना है कि इजरायली बंधकों के परिवार चाहते हैं कि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के शव वापस किए जाएं, बिल्कुल वैसे ही जैसे वे जीवित हों।

# CGHS ने जारी की नई गाइडलाइन्स

**सरकारी कर्मचारियों के लिए गुड न्यूज**

## अब आश्रितों को मिलेगा ये बेनिफिट

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoH&FW) ने केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना (CGHS) और केंद्रीय सेवा (चिकित्सा उपस्थिति) नियम, 1944 (CS(MA) नियम) के अंतर्गत एक बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय कर्मचारियों (सेवारत/पेंशनभोगी) के आश्रित ट्रांसजेंडर बच्चे और भाई-बहन अब उम्र की परवाह किए बिना चिकित्सा लाभ प्राप्त कर सकेंगे। केंद्र सरकार ने हाल ही में एक सर्कुलर जारी करके इस बात की जानकारी दी है। यह निर्णय ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के अनुरूप है। हाल ही में जारी एक सरकारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ट्रांसजेंडर बच्चे या भाई-बहन पूरी तरह से आर्थिक रूप से आश्रित होने चाहिए, जिसकी परिभाषा और आय सीमा स्वास्थ्य मंत्रालय की 2016 की अधिसूचना में पहले ही निर्धारित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त उनके पास ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत मान्य, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी प्रमाण पत्र होना चाहिए।

**ऑनलाइन प्रणाली मजबूत**

सरकार ने इस वर्ष CGHS पोर्टल और मोबाइल ऐप को और बेहतर बनाया, जिससे लाभार्थी आसानी से अस्पतालों की लिस्ट, दवाओं की उपलब्धता और अपने मेडिकल बिलों की स्थिति देख सकें।

**कैशलेस उपचार का विस्तार**

सरकार ने 2025 में रिटायर्ड कर्मचारियों और उनके परिवारों को राहत प्रदान करते हुए, कैशलेस उपचार को और अधिक अस्पतालों तक विस्तारित किया।

**नए अस्पतालों को मान्यता**

मंत्रालय ने पिछले कुछ महीनों में देश भर के कई प्रमुख निजी अस्पतालों और डायग्नोस्टिक केंद्रों को सीजीएचएस पैनल में जोड़ा है। इससे पहुंच बढ़ी है।

**ऑनलाइन रेफरल सिस्टम**

डॉक्टर से रेफरल प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। अब कई जगहों पर ऑनलाइन रेफरल उपलब्ध हैं, जिससे लंबी कतारें खत्म हो गई हैं।


**CHANGE OF NAME**

I HAVE CHANGED MY OLD NAME **ROHISH MANOJ MISHRA** TO NEW NAME **ROHISH MANOJ KUMAR MISHRA** AS PER AFFIDAVIT DATED 22.09.2025.

**CHANGE OF NAME**

My name is wrongly recorded as **FATEMA** on my son's passport. My true and correct name is **FATEMA ABDUL TAYYAB PACHORAWALA** As per the Affidavit No. 46AB 461546 Dtd. 12/09/2025

**CHANGE OF NAME**

My name is wrongly recorded as **ABDULTAIYAB ASGARALI PACHORAWALA** on my son's passport. My true and correct name is **ABDULTAYYAB ASGARALI PACHORAWALA** As per the Affidavit No. 46AB 461547 Dtd. 12/09/2025

# शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन देवी चंद्रघंटा की पूजा



**शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन देवी चंद्रघंटा की पूजा की जाती है, जिनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र होता है। पूजा के दौरान स्नान करें, माता को कुमकुम, अक्षत और पीले फूल अर्पित करें, साथ ही दूध से बनी मिठाई या केसर की खीर का भोग लगाएं। घी का दीपक जलाएं, धूप करें और मां के मंत्रों का पाठ करते हुए आरती करें।**

**पूजा विधि :-** सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत हो जाएं और स्वच्छ वस्त्र धारण करें।
संकल्प करें : व्रत का संकल्प लें और कलश की पूजा करें।
**सामग्री अर्पित करें :** माता को जल, फूल, माला, कुमकुम, सिंदूर, रोली, अक्षत और फल अर्पित करें।
**भोग लगाएं :** मां चंद्रघंटा को केसर की खीर या दूध से बनी मिठाई (जैसे पेड़े, मिसरी, केला) का भोग लगाएं।
**दीपक और धूप जलाएं :** घी का दीपक और धूप जलाएं।
मंत्र जाप करें : मां के मंत्रों का जाप करें, जैसे "ऊँ देवी चंद्रघंटायै नम:"।
**धार्मिक पाठ करें :** दुर्गा चालीसा, दुर्गा सप्तशती और चंद्रघंटा कवच का पाठ करें।
**आरती करें :** मां की आरती करें और अंत में भूल चूक के लिए माफी मांग लें।

### अन्य महत्वपूर्ण बातें

रंग : पूजा में हल्के रंगों के कपड़े पहनना शुभ होता है, जैसे पीला या लाल रंग।

**मन शांत रखें :**
इस दिन इंद्रियों को नियंत्रित करें, मन को शांत रखें और विचलित न हों।

**सुख-समृद्धि :**
यह पूजा साधक को सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य में वृद्धि देती है।

**मां चंद्रघंटा पूजा महत्व**
शास्त्रों के अनुसार मां चंद्रघंटा की पूजा करने से साधक को अलौकिक तेज, वीरता और साहस की प्राप्ति होती है। साथ ही भक्तों को शत्रु भय, मानसिक अशांति और सभी प्रकार की बाधाओं से मुक्ति मिलती है। देवी चंद्रघंटा की कृपा से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक शांति आती है। उनकी उपासना करने से व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास और धैर्य बढ़ता है, जिससे वह अपने जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना कर सकता है। यह भी मान्यता है कि मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक के जीवन में सुख-समृद्धि और उन्नति का संचार होता है।

**पूजा मंत्र:**
पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघंटेति विश्रुता॥

# जरूर करें: हरसिंगार के फूल के ये उपाय

## हर समस्या से मिलेगी निजात

*मान्यताओं के अनुसार जिस घर में हरसिंगार का पौधा पाया जाता है, वहां माता लक्ष्मी का भी वास होता है। इसके अलावा पारिजात के फूलों को खासतौर पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के पूजन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जहां अन्य फूलों को जमीन पर गिरने के बाद प्रयोग नहीं किया जाता, वहीं हरसिंगार को लेकर ये मान्यता है कि केवल उन्हीं फूलों को इस्तेमाल किया जाता है, जो अपने आप पेड़ से टूटकर नीचे गिर जाते हैं।*

**शादी के लिए करें ये उपाय**
अगर शादी-विवाह में अड़चन आ रही है, तो मंगलवार के दिन नारंगी कपड़े में पारिजात के साथ फूलों को हल्दी की गांठ के साथ बांधकर घर के मंदिर में माता गौरी की तस्वीर के पास रख दें। इससे जल्दी ही विवाह के योग बनते हैं। वहीं, मंगलवार के दिन हरसिंगार के फूलों का गुच्छा लाल रंग के कपड़े में लपेटकर, मंदिर में माता लक्ष्मी के पास रखने से नौकरी में तरक्की के योग बनते हैं।

**कर्ज से मुक्ति के उपाय**
यदि कर्ज से परेशान हैं तो इससे मुक्ति पाने के लिए हरसिंगार के पौधे की जड़ का छोटा-सा टुकड़ा लेकर इसे घर में पैसे वाले स्थान पर रख दें। ऐसा करने से व्यक्ति को धन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है।



### वास्तु दोष के उपाय

यदि आप किसी मंदिर के आसपास पारिजात का पौधा लगाते हैं तो इससे आपके घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास नहीं होता और बीमारियां भी दूर रहती हैं। वहीं, घर में उत्तर या पूर्व दिशा में हरसिंगार का पौधा लगाने से वास्तु दोष को दूर रहता है। इस पौधे को देखने मात्र से जीवन में सुकून मिलता है।

# बारिश के मौसम में दूध पीने का सही तरीका क्या है?

दूध सेहत के लिए कितना फायदेमंद है यह बात किसी से छिपी नहीं है। रोजाना इसका सेवन करने से शरीर पर जादुई प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, एक आयुर्वेदिक विशेषज्ञ के मुताबिक, मानसून सीजन में दूध का ज्यादा से ज्यादा लाभ पाने के लिए इसके सेवन का एक सही तरीका है।
आयुर्वेदिक विशेषज्ञों के अनुसार बताया गया है कि दूध का सेवन करने का सही तरीका जो आप दैनिक जीवन में प्रयोग कर सकते हैं। आइये जानते हैं।
ठंडे या चिल्ड मिल्क के बजाय हमेशा गर्म दूध का सेवन करने की सलाह दी जाती है। गर्म दूध डाइजेशन सुधारने में मदद करता है, पोषक तत्वों के अवशोषण में सुधार करता है और शरीर के समग्र स्वास्थ्य क बढ़ावा देता है।



**दूध कैसे उबालें?**
जब दूध में चौथाई मात्रा में पानी मिलाकर उबाला जाता है, तो यह दूध को ताकत और पोषण देने के साथ-साथ कई विकारों को दूर करने का काम करता है। इसके अलावा मसालेदार दूध का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। जैसे कि आप इलायची, दालचीनी, हल्दी या अदरक जैसे आयुर्वेदिक मसाले मिलाकर दूध के पाचन गुणों को बढ़ा सकते हैं।
ये मसाले न केवल स्वाद बढ़ाते हैं बल्कि अधिक फायदे भी देते हैं।

**दूध पीने का सही समय क्या है?**
भारी या अनहेल्दी फूड्स के साथ दूध को मिक्स करने के बजाय इसे नाश्ते के दौरान ले या फिर अलग से एक डाइट के रूप में सेवन करने की सलाह दी जाती है। इससे शरीर दूध को ठीक से पचाने पर ध्यान केंद्रित कर पाता है।

**5 तरह के दूध जिनसे बचना चाहिए-** बिना उबाला हुआ दूध, नमक के साथ दूध, अनाज के साथ दूध, फर्मेंटेड लिक्विड के साथ दूध, फलों के साथ दूध नहीं लेना चाहिए।

# लॉन्ग ड्राइव पर जाने के पहले इन बातों का रखें ध्यान



*अपनी कार से किसी ट्रिप पर जाना आरामदायक माना जाता है। आप अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी रुक सकते हैं। लेकिन जब बात लॉन्ग ड्राइव की आती है तो यह थोड़ा मुश्किलों भरा हो सकता है। कई बार रास्ते में गाड़ी खराब हो जाने का डर रहता है तो कई बार घर पर कुछ छूट जाने की परेशानी। ऐसे में हम बता रहे हैं कि अगर आप बरसात के मौसम में लॉन्ग ड्राइव पर जाने की सोच रहे हैं तो आपको कुछ बातों को ध्यान में रखना बहुत जरूरी है। अगर आप इन बातों को फॉलो करें तो यात्रा आरामदायक और मौज मस्ती से भरी बीतेगी।*

**कार की सर्विसिंग**
अपनी कार से लॉन्ग ड्राइव पर जाने का प्लान बना रहे हैं तो पहले गाड़ी की सर्विसिंग भी कराना बहुत जरूरी होता है। अगर आप बिना सर्विसिंग के गाड़ी को लेकर रोड पर निकल गए और रास्ते में गाड़ी खराब हो गई तो आपकी यात्रा परेशानियों से भरी हो सकती है। इसलिए बाहर जाने से पहले गाड़ी की सर्विसिंग जरूर करवा लें। खासतौर पर गाड़ी की लाइट्स, ब्रेक, एयर बैग, टायर आदि चेक करना बिल्कुल ना भूलें।



**चेक करें टूल्स किट**
बाहर निकलने से पहले चेक करें कि टूल्स किट गाड़ी में रखा है या नहीं। यही नहीं, यह भी देखें कि बॉक्स में सारे टूल्स हैं या नहीं। याद रखें कि अगर कार पंचर हो जाई तो आपको किन चीजों की जरूरत पड़ सकती है। कई बार हाइवे पर दूर दूर तक कोई पंचर या कार रिपेयर की दुकान नहीं होती और ऐसे हालात में आप बड़ी परेशानी में पड़ सकते हैं। बेहतर होगा कि आप अपने सफर में एक एक्स्ट्रा टायर कैरी करें। साथ में कुछ लीटर ऑयल भी साथ कैरी करें।

**सारे काजगाज कर लें चेक**
अगर आप लॉन्ग ट्रिप पर जा रहे हैं तो ड्राइविंग लाइसेंस के अलावा आधार कार्ड, बीमा, प्रदूषण से संबंधित सारे कागजात के फोटो कॉपी भी साथ में रखें। एक कॉपी घर पर जरूर रखें। जिससे अगर ये खो गए तो एक कॉपी घर पर मौजूद रहेगी।



**साथ रखें ड्राइवर**
अगर आप लॉन्ग ट्रिप पर जा रहे हैं तो साथ में दोस्त या परिवार के ऐसे सदस्य को साथ ले जाएं जिसे ड्राइविंग आती है। इस तरह अगर आपकी तबियत खराब हुई या कुछ परेशानी हुई तो आपकी मदद के लिए कोई साथ में रहेगा।

**ओवर लोडिंग से बचें**
बरसात के मौसम में कोशिश करें कि आपकी डिक्की ओवर लोडेड ना हो। ऐसा करने से अगर आपको कार छोड़कर दूर जाना पड़े तो आपको सामान छोड़ने में चिंता ना हो। महंगी चीजें साथ कैरी करने से बचें।

# हाथों की रूखी त्वचा को यूं बनाएं सॉफ्ट



अक्सर लोग चेहरे की खूबसूरती के लिए कई तरह के उपाय आजमाते हैं, लेकिन शरीर के अन्य अंगों पर ध्यान देना भूल जाते हैं। रोजमर्रा के कामों में सबसे ज्यादा हम हाथों का उपयोग करते हैं। खाना बनाना, बर्तन धोना, घर की साफ-सफाई आदि। लगातार पानी के संपर्क में रहने से हाथों की त्वचा खुरदुरी और रूखी हो जाती है। हाथों की त्वचा पर ध्यान न देने से इसकी खूबसूरती फीकी पड़ जाती है। ऐसे में आप हथेलियों को सॉफ्ट बनाने के लिए कुछ घरेलू चीजों का उपयोग कर सकते इनका इस्तेमाल कर आप होममेड स्क्रब बना सकते हैं, तो आइए जानते हैं

### बनाने की विधि

**चीनी और जैतून तेल का स्क्रब**
इस स्क्रब को बनाने के लिए एक बाउल में 2 बड़े चम्मच चीनी लें, इसमें 1 बड़ा चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। अब इसे अच्छे से मिक्स कर लें। इस मिश्रण से अपने हाथों पर धीरे-धीरे मसाज करें। कुछ मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद साफ पानी से धो लें।



**ओटमील और शहद का स्क्रब**
इसे बनाने के लिए एक कटोरे में 2 बड़े चम्मच पिसे हुए ओट्स लें। इसमें 1 बड़ा चम्मच शहद मिलाएं। इस पेस्ट को अच्छी तरह मिक्स कर लें, अब इसे अपने हाथों पर लगाएं। कुछ देर बाद गुनगुने पानी से धो लें।



**कॉफी और नारियल तेल**
कॉफी और नारियल तेल के इस्तेमाल से आप अपनी हाथों को नई चमक दे सकते हैं। इससे स्क्रब बनाने के लिए एक बाउल में 2 बड़े चम्मच कॉफी लें, इसमें नारियल तेल मिलाएं। इसके अलावा इस मिश्रण में लिए एक चम्मच ब्राउन शुगर भी मिलाएं। अब इससे अपने हाथों पर मसाज करें। कुछ समय बाद पानी से धो लें और मॉइश्चराइज कर लें।



**दही और बादाम का स्क्रब**
एक बाउल में 2 बड़े चम्मच दही लें। इसमें 1 बड़ा चम्मच बारीक पिसे हुए बादाम मिलाएं। इस मिश्रण में एक चम्मच शहद भी मिलाएं। अब इस स्क्रब को अपने हाथों पर लगाएं। कुछ देर बाद गुनगुने पानी से धो लें और थपथपा कर सुखा लें। अब हाथों को माइश्चराइज करना न भूलें। बादाम का तेल या शिया बटर से मॉइस्चराइज कर सकते हैं।



# अकेलापन आपको अंदर ही अंदर कर सकता है बीमार



अकेलापन एक ऐसी मानसिक स्थिति है जहां आपके आसपास आपके अलावा कोई और नहीं होता। जिस वजह से लोगों में तनाव, अवसाद जैसी समस्याएं देखने को मिलती है। लंबे समय तक ये स्थिति बनी रहे, तो इससे दिमाग के साथ सेहत पर भी बहुत बुरा असर पड़ता है। लंबे समय तक अकेले या उदास रहने से कॉर्टिसोल लेवल बढ़ सकता है और इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकती है। जो कई सारी समस्याओं को वजह बनता है।
अकेलापन सुनकर आपको शायद लगे कि सुकून भरा होता होगा, जहां किसी की बात को सुनने और सहने की जरूरत नहीं होती, लेकिन इसे डील करना उतना ही मुश्किल होता है। तनाव और एंग्जाइटी में तो अकेलापन और ज्यादा हावी हो जाता है। इसके अलावा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर मौजूद 'फियर ऑफ मिसिंग आउट' (एफओएमओ) अकेलेपन की भावना को और बढ़ा सकता है।

## ऐसे करें दूर

**अपने शौक पर फोकस करें**
उन चीज़ों को करने में अपना ध्यान लगाएं, जिसे करके आपको खुशी मिलती है फिर चाहे वो डांस हो, कुकिंग, ट्रैवलिंग या एक्सरसाइज। अच्छा होगा कि आप इससे जुड़ा कोई ग्रूप ज्वॉइन करें, जहां आपको और भी लोग मिलेंगे बातचीत करने के लिए। इन एक्टिविटीज से आपको अच्छा फील होगा। आप बिजी रहेंगे जिससे अकेलापन का एहसास नहीं होगा।

**सेल्फ केयर की मदद लें**
अकेलेपन को दूर करने में सेल्फ केयर भी बहुत मददगार साबित हो सकता है। सेल्फ केयर को हो सके कुछ लोग आपका ऑब्सेशन समझ लें, लेकिन ये आप खुद के लिए कर रही हैं, तो दूसरे क्या सोचेंगे इस पर समय व्यर्थ न करें। खुद को पैंपर करें, डाइट पर फोकस करें, रोजाना वर्कआउट करें। स्किन केयर, हेयर केयर इन सारी चीज़ों में खुद को मशगूल रखें। आपको हेल्थ और स्किन पर तो फर्क दिखेगा ही साथ ही मेंटली भी खुश रहेंगे। रात को अच्छी नींद लेने की कोशिश करें। अकेलेपन की समस्या दूर करने के लिए जागरूक होना जरूरी है। अपनी इस स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टर्स की मदद लेने में बिल्कुल भी न शर्माएं।

# आंवला सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद फल

स्वाद में कसैलापन लिए हुए आंवला एक ऐसा फल है, जिसे खाने से हम सेहत के साथ ही त्वचा और बालों को भी हेल्दी रख सकते हैं। आंवले में कई सारे न्यूट्रिशन होते हैं, जैसे- विटामिन सी, आयरन, पोटैशियम, कैल्शियम, फ्लेवोनॉयड्स आदि। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट भी होते हैं, जो आपके शरीर को फ्री रेडिकल्स की वजह से होने वाले डैमेजिंग से बचाते हैं। इसे आप ऐसे कच्चा खाने के अलावा अचार, चटनी, मुरब्बे के रूप में भी खा सकते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा फायदा इसे सुबह खाली पेट खाने से होता है। आइए जानते हैं इसके बारे में

**1) बढ़ती है इम्युनिटी**
सुबह खाली पेट आंवला खाने से शरीर में मौजूद गंदगी आसानी से बाहर निकल जाती है। इसमें विटामिन सी की मात्रा होती है, जो एक एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करती है, जिससे इम्यूनिटी बढ़ाती है। इसके सेवन से इन्फेक्शन होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है।



**2) पाचन तंत्र रहता है सही**
आंवले में फाइबर की भी अच्छी-खासी मात्रा मौजूद होती है। जिससे पाचन सही रहता है, कब्ज की समस्या नहीं होती। खाली पेट इसका सेवन करने से से आपको नेचुरल लैक्सेटिव वाले गुण मिलते हैं जिसके कारण शरीर में जमा होने वाले सारे टॉक्सिंस बाहर निकल जाते हैं।

**3) डायबिटीज में सहायक**
आंवले का खाली पेट सेवन करना डायबिटीज मरीजों के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। इसमें क्रोमियम की मात्रा पाई जाती है, जो ऊपर-नीचे होने वाले ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखती है। रोजाना आंवले का सेवन करना इन्सुलिन संसेटिविटी को बढ़ाता है। आंवला में पॉलीफेनोल्स होते हैं जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से आपको बचाते हैं और डायबिटीज को मैनेज करना आसान बनाते हैं।

**4) स्किन और बालों के लिए फायदेमंद**
अगर आपके बालों की क्वॉलिटी लगातार खराब हो रही है। टूटना- झड़ना भी जारी है, तो इन सभी परेशानियों को दूर करने के लिए आंवले का सेवन करें। इसके अलावा अगर आपकी चेहरे पर रौनक नहीं है। दाग-धब्बों ने भी कर रखा है बहुत ज्यादा परेशान, तो इसे दूर करने के लिए भी खाली पेट आंवले का सेवन करें। आंवले का विटामिन सी तत्व स्किन को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने में लाभदायक है।

# खाना खज़ाना: अलसी का पराठा

वजन कम करने की दौड़ आजकल तेजी से बढ़ गई है। जिसे देखो तरह तरह के डाइट प्लान अपनाकर मोटापा कम करने की कवायद में जुटा है। ऐसे में अलसी का पराठा खाकर आप ना केवल वजन कम कर सकते हैं बल्कि एक नए स्वाद से भी परिचित हो सकते हैं। जी हां अलसी के बीज यानी चिया सीड्स को आयुर्वेद में मोटापा घटाने और कोलेस्ट्रोल को नियंत्रण में रखने के लिए कारगर बताया गया है। अलसी के बीज फाइबर से भरपूर होने के कारण आपके वजन को भी कंट्रोल करेंगे और कब्ज से भी राहत दिलाएंगे। इसके साथ साथ अलसी के बीज आपके दिल की भी हिफाजत करेंगे। चलिए आज अलसी का पराठा बनाने की रेसिपी जानते हैं। ये बेहद कम समय में और आसानी से बन जाने वाली रेसिपी है, जो आपकी सेहत के लिए खास है।





**आवश्यक सामग्री**
अलसी के बीजों का पाउडर - 1 कप, गेंहू का आटा - 2 कप, गुड़ - आधा कप कसा हुआ, दूध - दो चम्मच, तेल - एक चम्मच, देसी घी - थोड़ा सा, नमक - स्वाद के अनुसार लीजिए

**बनाने की विधि**
बाजार से आपको अलसी के बीज मिल जाएंगे। इन बीजों को कढ़ाई में डालकर अच्छी तरह भून लीजिए। जब ये ठंडे हो जाएं तो मिक्सी में पीस लीजिए और बारीक पाउडर तैयार कर लीजिए। इस पाउडर को एक डोंगे या परात में डालकर इसमें कद्दूकस किया हुआ गुड़ और थोड़ा सा दूध डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। इस तरह आपकी अलसी के पराठे की स्टफिंग तैयार हो गई है। अब दूसरे बर्तन में गेंहू का आटा, नमक और जरा सा तेल मिलाकर अच्छी तरह गूंथ लें और ढककर रख दें। अब गेंहू के आटे की लोई बनाकर अलसी की स्टफिंग भरें और इसे अच्छी तरह बेल लीजिए। पैन पर जरा सा देसी घी लगाकर इस पराठे को अच्छी तरह सेंक लीजिए। दोनों तरफ से अलट पलट कर सेंकिए जब तक कि ये हल्का सुनहरा ना हो जाए। अब पैन से उतार लीजिए और चटनी या सॉस के साथ परोसिए।

# फाइनल के टिकट के लिए भारत-बांग्लादेश के बीच जंग आज

**भारत का बांग्लादेश पर पलड़ा भारी**



**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच एशिया कप 2025 का सुपर-4 मैच 24 सितंबर को खेला जाना है। यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा। मौजूदा टूर्नामेंट में यह पहली बार होगा जब भारत और बांग्लादेश की टीम आपस में टकराएगी। वहीं, इस मैच में जो भी टीम हारेगी वह उसकी सुपर-4 में पहली बार होगी। बता दें कि टीम इंडिया ने अभी तक टूर्नामेंट में अपने चारों मैच में जीत हासिल की है, जबकि बांग्लादेश की टीम ने केवल एक मैच में हार झेली है। ऐसे में दोनों टीमों के लिए सुपर-4 का ये मैच काफी अहम होने वाला है, क्योंकि जो भी टीम ये मैच जीतेगी वह एशिया कप 2025 फाइनल के लिए एक कदम आगे बढ़ लेगी।

भारत और बांग्लादेश की टीमें दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आपस में भिड़ने को तैयार है। ऐसे में एशिया कप 2025 के सुपर-4 मैच की फैंस लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव ऐप और बेवसाइट पर देख सकते हैं। इसके अलावा फैन कोर्ड ऐप पर भी भारत-बांग्लादेश मैच का लुत्फ उठा सकते हैं।

भारत और बांग्लादेश के बीच एशिया कप 2025 का सुपर-4 मैच टीवी पर लाइव टेलीकास्ट भारत में सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देखा जा सकता है। दुबई का मौसम काफी गर्म है और तापमान 36 डिग्री से 38 सेलसियस तक रहेगा। भारत-बांग्लादेश मैच के दौरान बारिश होने की कोई संभावना नहीं है। भारत और बांग्लादेश के बीच एशिया कप 2025 का सुपर-4 मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम 24 सितंबर को खेला जाना है। यह मैच रात 8 बजे से शुरू होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच एशिया कप 2025 सुपर-4 मैच का टॉस 7:30 बजे उछलेगा।

अगर बात करें टी20 क्रिकेट में भारत और बांग्लादेश के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड की तो दोनों टीमों की कुल 17 बार भिड़ंत हो चुकी है, जिसमें से केवल एक ही बार बांग्लादेश को जीत मिली। ऐसे में बांग्लादेश पर भारत का पलड़ा भारी है।



# श्रेयस अय्यर ने छोड़ी टीम इंडिया ए की कप्तानी

## अचानक इस विकेटकीपर बल्लेबाज को मिली कमान

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की ए टीमों के बीच वनडे सीरीज चल रही है. इस सीरीज में भारतीय टीम का कप्तान श्रेयस अय्यर को बनाया गया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे मैच से पहले श्रेयस अय्यर ने कप्तानी छोड़ दी है. मैनेजमेंट ने अय्यर के कप्तानी छोड़ने को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है. वहीं अय्यर की तरफ से भी इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है. लेकिन अय्यर के अचानक कप्तानी छोड़ने की वजह कोई निजी कारण हो सकता है.

### विकेटकीपर बल्लेबाज को मिली कप्तानी

श्रेयस अय्यर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे मैच से पहले अचानक ही कप्तानी छोड़ दी है. अय्यर ने मैच से कुछ घंटे पहले ही ये फैसला लिया और

### वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में मिलेगा मौका

एशिया कप 2025 के बाद भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी. सेलेक्टर्स इस सीरीज में श्रेयस अय्यर को मिडिल ऑर्डर में मौका दे सकते हैं. अय्यर के एशिया कप स्क्वाड में शामिल न होने पर भी सोशल मीडिया पर खूब बवाल मचा था. वहीं सेलेक्टर्स से भी अय्यर को टीम में न शामिल करने पर सवाल पूछे गए थे. लेकिन चीफ सेलेक्टर अजीत आगरकर ने उस समय कहा था कि अय्यर को न चुनने की कोई वजह नहीं है, लेकिन हम कुछ नहीं कर सकते, अय्यर को अभी इंतजार करना होगा. वहीं जब ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया गया, तब श्रेयस अय्यर को टीम की कमान सौंपी गई.

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को नया कप्तान बनाया गया. ध्रुव जुरेल इससे पहले टीम में उपकप्तान की भूमिका में थे.



टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, श्रेयस अय्यर ने अचानक ही खेल से ब्रेक ले लिया और वे मुंबई लौट गए. श्रेयस अय्यर ने जाने से पहले सेलेक्टर्स को इसके बारे में जानकारी दी और बताया कि 4-डे मैच नहीं खेल सकते.

## भारतीय टीम पर जुर्माना, धीमी ओवरगति की मिली सजा



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवरगति के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर मंगलवार को मैच फीस का दस प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

मेजबान भारत को स्मृति मंधाना के 125 रन के बावजूद 43 रन से पराजय का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने यह सीरीज 2-1 से जीती। आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल की मैच रैफरी जीएस लक्ष्मी ने भारतीय टीम पर जुर्माना लगाया जो निर्धारित समय पर लक्ष्य से दो ओवर पीछे थी। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'धीमी ओवर के अपराध के संबंध में खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिये आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिये मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा।' भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सजा स्वीकार कर ली जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

# व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे थे पाकिस्तानी गेंदबाज

**अभिषेक शर्मा का खुलासा**



**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 के सुपर-4 राउंड में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मुकाबले में दर्शकों ने क्रिकेट का असली रोमांच देखा। भारत ने इस मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज की, लेकिन खेल का असली आकर्षण रन बनाने के साथ-साथ खिलाड़ियों के बीच हुई तनातनी भी रही। भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने खुलासा किया कि पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों ने उन्हें बार-बार उकसाने के लिए व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे थे। मैच की शुरुआत में ही तनाव बढ़ गया था। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज लगातार भारतीय बल्लेबाजों को शब्दों के जरिए विचलित करने की कोशिश कर रहे थे। खासतौर पर शुरुआती स्पेल के दौरान शुभमन गिल और शाहीन अफरीदी के बीच हुई बहस ने माहौल गरमा दिया। इसके बाद हारिस रऊफ भी अभिषेक शर्मा से भिड़ गए, जिसके चलते अंपायरों को दखल देना पड़ा। मैच के बाद अभिषेक शर्मा ने स्पोर्ट्स शो में बातचीत करते हुए साफ किया कि उन्हें विपक्षी टीम का व्यवहार कतई पसंद नहीं आया। उनके मुताबिक, पाकिस्तान के गेंदबाज हर गेंद के बाद व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे थे, जो खेल की भावना के खिलाफ है। अभिषेक ने कहा कि उन्होंने और गिल ने तय किया कि बहस करने के बजाय रन बनाकर ही जवाब दिया जाए। भारतीय टीम की जीत में गिल और अभिषेक की शतकीय साझेदारी सबसे अहम रही। दोनों बल्लेबाजों ने न केवल टीम को शुरुआती दबाव से निकाला बल्कि पाकिस्तानी आक्रमण को भी ध्वस्त कर दिया। अभिषेक ने कहा कि गिल के साथ उनकी समझ काफी पुरानी है और यही तालमेल मैच में काम आया।

# हर टीम के पास भारत को हराने की काबिलियत

## बांग्लादेश कोच सिमंस का सुपर-4 मैच से पहले बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** भारत को हराना असंभव नहीं है, यह दावा बांग्लादेश के हेड कोच फिल सिमंस ने किया है। उन्होंने एशिया कप सुपर-4 में भारत से होने वाले मुकाबले से पहले बड़ा बयान दिया। श्रीलंका पर मिली जीत से आत्मविश्वास से भरी बांग्लादेश टीम अब मौजूदा विश्व चैंपियन से भिड़ने को तैयार है। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर और मौजूदा कोच फिल सिमंस ने साफ कहा कि भारत अजेय नहीं है। उन्होंने कहा, 'हर टीम के पास भारत को हराने की क्षमता है। यह मायने नहीं रखता कि उन्होंने पिछले चार मैचों में क्या हासिल किया। सब कुछ इस बात पर टिका है कि बुधवार को साढ़े तीन घंटे के खेल में कौन बेहतर प्रदर्शन करता है।' सिमंस ने माना कि भारत से जुड़े मैचों का माहौल हमेशा खास होता है। उन्होंने कहा, 'भारत दुनिया की नंबर-1 टी20 टीम है। ऐसे मैचों में उत्साह अलग होता है। मैं चाहता हूं कि मेरे खिलाड़ी इस पल का लुत्फ उठाएं और चुनौती को एंजॉय करें।'

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की पिच को लेकर सिमंस ने बल्लेबाज़ों के लिए इसे बेहतरीन बताया। उनके मुताबिक यहां टॉस का असर नगण्य होगा। उन्होंने कहा, 'मैंने 40 ओवरों में विकेट में कोई खास फर्क नहीं देखा। यहां बल्लेबाज़ों के लिए पिच शानदार है और गेंदबाज़ों को सही लाइन-लेंथ पर गेंद डालनी पड़ती है।' सितंबर की गर्मी में दुबई और अबुधाबी में लगातार क्रिकेट खेलना आसान नहीं है। सिमंस के मुताबिक खिलाड़ी फिट हैं, लेकिन लगातार टी20 क्रिकेट खेलना किसी भी टीम के लिए शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'यह उतना आसान नहीं जितना बाहर से दिखता है।'



### भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले बांग्लादेश को लगा झटका

**दुबई।** बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास को भारत के खिलाफ सुपर-4 मुकाबले से पहले चोट लगने की आशंका है, क्योंकि 22 सितंबर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर के बाईं ओर बेचैनी महसूस हुई और टीम के फिजियो बायजदि उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया। बीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया, 'हम आज लिटन की जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं।

# दिनेश कार्तिक को मिली कप्तानी

## बोले- मेरे लिए यह सम्मान की बात है

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के मेंटर दिनेश कार्तिक एक बार फिर क्रिकेट मैदान पर वापसी करने जा रहे हैं। उन्हें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। यह टूर्नामेंट 7 से 9 नवंबर तक खेला जाएगा, जिसमें दुनिया भर के नामी क्रिकेटर भाग लेंगे। खास बात यह है कि कार्तिक इस टूर्नामेंट में भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ मैदान पर नजर आएंगे। कार्तिक का हाल का सफर भी बेहद शानदार रहा है।



IPL 2024 में बतौर मेंटर उनकी रणनीति और अनुभव की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने इतिहास में पहली बार खिताब जीता था। अब उनके कंधों पर हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया को नेतृत्व देने की जिम्मेदारी होगी। इस छोटे फॉर्मेट में उनके तजुर्बे और आक्रामक बल्लेबाजी शैली से टीम को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है।

कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद कार्तिक ने कहा, 'हांगकांग सिक्सेस में भारतीय टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका समृद्ध इतिहास और वैश्विक पहचान है। मैं उन खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरने के लिए उत्सुक हूं, जिनका रिकॉर्ड बेहद शानदार है। हमारा लक्ष्य निडर और मनोरंजक क्रिकेट खेलना और प्रशंसकों को रोमांचित करना होगा।' कार्तिक के करियर की बात करें तो उन्होंने 2004 में टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया था और 2022 में आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला था। उन्होंने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वहीं, आईपीएल में उनका सफर और भी लंबा रहा है। अब तक वह 257 मैच खेल चुके हैं और 3577 रन बना चुके हैं। इस दौरान उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइटराइडर्स, गुजरात लायंस और आरसीबी जैसी टीमों का हिस्सा बनकर खेला है।



# पंत का वेस्टइंडीज के खिलाफ चुना जाना मुश्किल

**करुण को दोबारा मिलेगा मौका? नीतीश पर भी होगी नजर**

**नई दिल्ली।** एशिया कप के बाद भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसके लिए अगले कुछ ही दिनों में भारतीय टीम का एलान हो सकता है। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का इस सीरीज के लिए चुना जाना मुश्किल है क्योंकि वह अब भी चोट से पूरी तरह नहीं उबर सके हैं। टीम के चयन के लिए इस सप्ताह अजीत अगरकर की अध्यक्ष वाली चयन समिति की बैठक होनी है।

बुधवार या गुरुवार को हो सकती है बैठक

पंत इस सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे ये लगभग तय है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि इंग्लैंड दौरे के लिए चुने गए अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर को दूसरी बार मौका मिलेगा या नहीं? नायर की आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई थी, लेकिन वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके थे। चयन समिति की बैठक बुधवार या गुरुवार को आनलाइन होगी। यह भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच दूसरे अनौपचारिक टेस्ट का दूसरा या तीसरा दिन भी होगा।

प्लेइंग-11 में चयन के लिए करुण के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी नीतीश रेड्डी होंगे जो अब फिट हैं और भारत ए टीम में भी हैं। पहले मैच में उन्हें अंतिम एकादश में नहीं चुना गया लेकिन दूसरे मैच में खेल सकते हैं। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट दो से छह अक्तूबर तक अहमदाबाद में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट दिल्ली में 10 से 14 अक्तूबर को होगा। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल पर आखिरी टेस्ट में अर्धशतक जमाने वाले करुण ने सभी पारियों में अच्छी शुरुआत की। वह खराब फॉर्म में नहीं थे लेकिन ज्यादा रन नहीं बना सके। इसके बाद उनकी अंगुली में चोट लग गई और वह दलीप ट्रॉफी नहीं खेल सके।

### विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं जुरेल

भारत ए टीम के चयन के समय ही उन्हें फिट घोषित किया गया। यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, बी साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल का चयन तय है, जबकि ध्रुव जुरेल विकेटकीपर होंगे क्योंकि ऋषभ पंत अभी तक फिट नहीं हुए हैं। अब देखना यह है कि भारत अतिरिक्त बल्लेबाज को उतारता है या रेड्डी की तरह बल्लेबाजी ऑलराउंडर के साथ जाता है।

**बुमराह को दिया जा सकता है ब्रेक**

सभी के फिट होने पर तीन विशेषज्ञ स्पिनर रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वॉशिंगटन सुंदर होंगे। तेज गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज का खेलना तय है जबकि जसप्रीत बुमराह को ब्रेक दिया जा सकता है। चयन समिति के प्रमुख अगरकर इस समय दुबई में हैं और कप्तान गिल तथा कोच गौतम गंभीर से बातचीत के लिए रुक गए हैं।

# फखर को लेकर पाकिस्तान का रोना जारी

## शाहिद अफरीदी ने उगला जहर, अंपायरों को लेकर दिया विवादित बयान

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 सुपर-4 में भारत के खिलाफ फखर जमां को आउट देने के अंपायर के फैसले को लेकर पाकिस्तान में हंगामा मचा हुआ है। पाकिस्तानी अब तक यही मानते हैं कि अगर जमां आउट नहीं हुए होते तो पाकिस्तान वह मैच जीत जाता। हार्दिक पंड्या की गेंद पर विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच आउट दिए गए जमां के विकेट को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट में भारी नाराजगी है। यह फैसला तीसरे अंपायर ने रिप्ले देखने के बाद सुनाया, लेकिन पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर्स और मैनेजमेंट का मानना है कि यह गलत निर्णय था। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने इस विवाद पर कहा कि अंपायर का फैसला पक्षपाती था। उन्होंने पाकिस्तान के समां टीवी पर अंपायरों पर सवाल उठाते हुए कहा, 'उन्हें आईपीएल में भी अंपायरिंग करनी है।' अफरीदी का मानना है कि अंपायर ने भारत के पक्ष में फैसला इसलिए दिया क्योंकि वह आईपीएल में भी अंपायरिंग करना चाहते हैं।



पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद यूसुफ ने भी अफरीदी का समर्थन किया और कहा, 'उन्होंने कई एंगल से रिप्ले चेक ही नहीं किए। फखर ने तीन चौके लगाए थे और बुमराह को आसानी से खेल लिया था। उनका विकेट भारत के लिए अहम था।'

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी तीसरे अंपायर के फैसले को गलत ठहराया। उन्होंने कहा, 'फखर आउट नहीं थे। जब 26 कैमरे उपलब्ध हैं तो तीसरे अंपायर ने केवल दो एंगल ही क्यों देखे? अगर फखर टिके रहते तो मैच का रुख बदल सकता था।'

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान टीम मैनेजर नवेद अकरम चीमा ने मैच रेफरी और अंपायरों को ईमेल लिखकर इस निर्णय पर आपत्ति दर्ज कराई। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान मैनेजमेंट का कहना है, 'टीवी अंपायर ने सभी एंगल्स को जांचा ही नहीं। सबूत इतने स्पष्ट नहीं थे कि फखर को आउट दिया जा सके।' फखर जमान 15 गेंदों पर नौ रन बनाकर आउट हुए और पवेलियन लौटते समय निराश नजर आए। उन्होंने डगआउट जाते वक्त कोच माइक हेसन से भी बातचीत की, जो अंपायर के फैसले से नाखुश दिखे।

**तेंदुलकर बनाम द्रविड़**

## अर्जुन का पलड़ा भारी, समित का विकेट लेकर बने सुर्खियों का सितारा


**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी ने मैदान पर एक ऐसा नजारा पेश किया, जिसने हर फैन का दिल जीत लिया। जब सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के बेटे आमने-सामने आए, तो रोमांच का अनोखा संगम देखने को मिला। इस बार बाजी अर्जुन तेंदुलकर के हाथ लगी, जिन्होंने समित द्रविड़ का विकेट चटकाकर मैच को ऐतिहासिक बना दिया। गोवा की ओर से खेलते हुए अर्जुन तेंदुलकर ने के. थिमप्पा मेमोरियल टूर्नामेंट में कमाल किया। कर्नाटक के लिए बल्लेबाजी करने उतरे समित द्रविड़ ने 26 गेंदों पर 9 रन बनाए, जिनमें दो आकर्षक चौके शामिल थे। लेकिन उनकी पारी का अंत अर्जुन की गेंद पर हुआ, जब कौशल बाकले ने शानदार कैच लपका।

# बिग बैश लीग में इतिहास रचने को तैयार रविचंद्रन अश्विन

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन टी20 क्रिकेट में नया इतिहास रचने के कगार पर हैं। अश्विन बिग बैश लीग (BBL) में खेलने वाले पहले सक्रिय भारतीय पुरुष क्रिकेटर बन सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया की चार टीमें- सिडनी थंडर, होबार्ट हरिकेन्स, सिडनी सिक्सर्स और एडिलेड स्ट्राइकर्स, अश्विन को साइन करने की दौड़ में शामिल हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, सिडनी थंडर और होबार्ट हरिकेन्स अश्विन को साइन करने की सबसे प्रबल दावेदार टीमें हैं। माना जा रहा है कि दोनों टीमों में से किसी एक के साथ डील जल्द फाइनल हो सकती है। यदि यह डील पूरी होती है, तो यह BBL के लिए एक बड़ा कदम होगा, क्योंकि अब तक कोई भी भारतीय टीम से रिटायर हुआ पुरुष क्रिकेटर बिग बैश लीग में नहीं खेला है। बिग बैश लीग का 2025-26 सीजन 14 दिसंबर 2025 से शुरू होगा और फाइनल 25 जनवरी 2026 को खेला जाएगा। BBL के नियमों के अनुसार, हर टीम अपने प्लेइंग XI में तीन विदेशी खिलाड़ियों को शामिल कर सकती है। इसके अलावा, टीमें चार तक विदेशी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी भी साइन कर सकती हैं, जिससे कुल विदेशी खिलाड़ियों की संख्या सात तक हो सकती है। इस लचीलापन के चलते अश्विन को किसी टीम में रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में शामिल किया जा सकता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के नियमों के अनुसार, केवल राष्ट्रीय टीम और आईपीएल से रिटायर हो चुके भारतीय खिलाड़ी ही विदेशी लीग में खेल सकते हैं।



# Kantara 2 में ऋतिक रोशन की होगी स्पेशल एंट्री?




साल 2025 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों की लिस्ट में शामिल कन्नड़ सिनेमा के पॉपुलर एक्टर ऋषभ शेट्टी स्टारर मच अवेटेड फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' का फैंस लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो जल्द ही खत्म होने वाला है. दरअसल, फिल्म अब रिलीज के लिए तैयार है. इसके सिनेमाघरों में दस्तक देने में अब बस कुछ दिन ही और बचे हैं. इससे पहले मेकर्स ने इसका ट्रेलर जारी किया है. वहीं 'कांतारा: चैप्टर 1' का इंतजार कर रहे हिंदी दर्शकों को भी बड़ा सरप्राइज मिला है. कांतारा: चैप्टर 1 का हिंदी ट्रेलर बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने लॉन्च कर दिया है, लेकिन ऋतिक के ट्रेलर लॉन्च करते ही सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया और फैंस ने सवालों की झड़ी लगा दी.

### ट्रेलर देख यूजर्स ने किया बड़ा दावा

दरअसल, ऋषभ शेट्टी स्टारर 'कांतारा: चैप्टर 1' का हिंदी ट्रेलर बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए रिलीज किया. जैसे ही उन्होंने यह ट्रेलर रिलीज किया, फैंस के बीच एक्साइटमेंट का डोज डबल हो गया और वह यह कयास लगा रहे हैं कि कहीं ऋतिक रोशन खुद भी इस फिल्म का हिस्सा तो नहीं हैं? कई यूजर्स ने सीधे कमेंट सेक्शन में उनसे पूछना शुरू कर दिया कि क्या वह भी फिल्म में कोई रोल निभा रहे हैं? इस फैन ने लिखा, 'ऋतिक ने इसे क्यों शेयर किया है?' तो वहीं एक यूजर ने तो यह तक दावा कर दिया कि, ऋतिक ट्रेलर के आखिरी सीन में नजर आ रहे हैं.

### 'कांतारा: चैप्टर 1' को मिला बड़ा सपोर्ट

दरअसल, फिल्म में ऋतिक हैं या नहीं यह कह पाना बहुत मुश्किल हैं, लेकिन मेकर्स ने पहले ही यह साफ कर दिया था कि फिल्म का ट्रेलर अलग-अलग भाषाओं में बड़े सुपरस्टार्स द्वारा लॉन्च किया जाएगा, जिसके चलते हिंदी में ये जिम्मा ऋतिक रोशन ने उठाया, वहीं तेलुगु में प्रभास, तमिल में शिवकार्तिकेयन और मलयालम में पृथ्वीराज सुकुमारन ने इसे लॉन्च किया. इस तरह अलग-अलग भाषाओं के बड़े सितारों का सपोर्ट इसे मिला.



# शाहरुख खान को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का सम्मान

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने आखिरकार वह मुकाम हासिल कर लिया है, जिसका इंतजार उनके चाहने वाले पिछले कई दशकों से कर रहे थे। हिंदी सिनेमा के बादशाह को फिल्म 'जवान' के लिए 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का सम्मान मिला है। यह शाहरुख खान के 33 साल लंबे करियर का पहला नेशनल अवॉर्ड है, जो उनके सफर में एक ऐतिहासिक पड़ाव साबित हुआ है। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को यह पुरस्कार प्रदान किया। दोनों कलाकारों को रजत कमल, सर्टिफिकेट के साथ 1-1 लाख रुपये की नकद राशि भी दी गई। शाहरुख खान के लिए ये अवॉर्ड सिर्फ ट्रॉफी नहीं, बल्कि उनके करियर का गोल्डन माइलस्टोन है। तीन दशक से ज्यादा वक्त तक पर्दे पर राज करने के बाद, अब उन्हें देश का सबसे बड़ा फिल्मी सम्मान मिला है। शाहरुख खान के साथ-साथ रानी मुखर्जी और विक्रांत मैसी को भी रजत कमल से सम्मानित किया गया है। शाहरुख खान फिलहाल अपनी अगली फिल्म 'किंग' की शूटिंग में बिजी चल रहे हैं। वह अपने बिजी शेड्यूल में से टाइम निकालकर खुद अपना बेस्ट एक्टर का प्रतिष्ठित अवॉर्ड लेने आए और अवॉर्ड लेने के तुरंत बाद शूटिंग पर लौट गए। इस फिल्म में उनके साथ अभिषेक बच्चन, दीपिका पादुकोण और सुहाना खान नजर आएंगे। ये फिल्म अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी एक बार फिर धमाल मचाने आ रहे हैं। मेकर्स ने 'मस्ती 4' का टीजर रिलीज कर दिया है और साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। अच्छी बात ये है कि दर्शकों को ज्यादा इंतज़ार नहीं करना पड़ेगा क्योंकि ये फिल्म इसी साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। टीजर में झलक मिली है कि इस बार कहानी सिर्फ मर्दों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि महिलाएं भी एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर में नजर आएंगी। यानी कॉमेडी और ट्विस्ट का डबल डोज़ मिलेगा। बताया जा रहा है कि 'मस्ती 4' की स्टोरी भी पहले पार्ट की तरह सिचुएशनल और थ्रिल कॉमेडी पर आधारित होगी। फिल्म में इस बार एलनाज नौरोजी, रूही सिंह, नतालिया जानोसेक और श्रेया शर्मा भी अहम रोल में नजर आएंगी। वहीं अरशद वारसी, जेनेलिया डी'सूजा, नरगिस फाखरी, तुषार कपूर और शाद रंधावा जैसे कई पॉपुलर चेहरे भी कास्ट का हिस्सा हैं। 'मस्ती 4' की शूटिंग यूके में सिर्फ 40 दिनों में पूरी की गई है और फिलहाल यह पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। फिल्म 21 नवंबर 2025 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

# रितेश देशमुख के साथ नजर आएंगी 'बिग बॉस 19' फेम नतालिया



# 'मुझे आप पर गर्व है...'

## अंकिता ने पति विक्की को इमरान के साथ बॉलीवुड डेब्यू के लिए दी बधाई



टेलीविजन अभिनेत्री अंकिता लोखंडे अपने पति विक्की जैन पर बहुत गर्व महसूस कर रही हैं। विक्की ने बॉलीवुड फिल्म 'हक' में सह-निर्माता के रूप में काम किया हैं। इस फिल्म में यामी गौतम और इमरान हाशमी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

अंकिता ने संदीप सिंह के लिए भी लिखा नोट

अंकिता ने अपने दोस्त संदीप सिंह के लिए भी खास संदेश लिखा, 'तुम मेरे चुने हुए परिवार हो। मेरी पहली फिल्म एक अभिनेत्री के रूप में तुम्हारे साथ थी और अब विक्की के इस सफर में भी तुम साथ हो। तुम हमेशा मेरे लिए खास हो।'

### अंकिता का पोस्ट

अंकिता ने इंस्टाग्राम पर विक्की के लिए एक प्यारा संदेश लिखा। उन्होंने लिखा, 'मुझे तुम पर बहुत गर्व है @realvikasjainn। तुम्हारा हर कदम और हर सफलता मुझे बहुत खुशी देती है। 'हक' फिल्म के सह-निर्माता के रूप में तुम्हारी मेहनत और लगन साफ दिखती है।' इसके साथ ही अंकिता ने फिल्म की पूरी टीम को भी बधाई दी और लिखा, 'विनीत सर, यामी, इमरान हाशमी, वर्तिका सिंह, संदीप, विशाल, जूही और पूरी टीम को धन्यवाद। आप सभी को शुभ-कामनाएं। यह फिल्म लोगों के दिलों को छूएगी। मैं इसे 7 नवंबर को सिनेमाघरों में देखने के लिए उत्साहित हूं।'

### फिल्म 'हक'

फिल्म हक मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम के सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले से प्रेरित है। यह 1970 और 1980 के दशक की भारत की एक महत्वपूर्ण कानूनी लड़ाई को दिखाती है।

### अंकिता और विक्की के बारे में

अंकिता और विक्की ने तीन साल तक डेटिंग करने के बाद दिसंबर 2021 में शादी की थी। दोनों को टीवी इंडस्ट्री का सबसे पसंदीदा जोड़ा माना जाता है। दोनों 'बिग बॉस 17' में भी एक साथ नजर आए थे, जहां उनके रिश्ते की कई बार परीक्षा हुई, लेकिन उन्होंने हर मुश्किल को पार किया।

# 'ये कहां से हीरोइन लगती है'

## जब डायरेक्टर ने आशा पारेख को किया था जलील, जुबली गर्ल बन रचा इतिहास

आशा पारेख हिंदी सिनेमा के वह नाम हैं, जिन्होंने अपने दौर में एक से बढ़कर एक फिल्मों के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। एक समय पर बॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार के तौर पर सिनेमा पर राज करने वालीं आशा को एक डायरेक्टर ने बहुत जलील किया था और ये कहते हुए उन्हें से फिल्म से बाहर कर दिया था कि वह स्टार मैटेरियल यानी कहीं से भी हीरोइन जैसी नहीं लगती हैं।

### आशा पारेख को किया गया था जलील

दरअसल आईएमडीबी की रिपोर्ट 16 साल की उम्र में बतौर लीड एक्ट्रेस आशा पारेख फिल्म गूंज उठी शहनाई (1959) से कदम रखने वाली थीं। इस मूवी का निर्देशन विजय भट्ट ने किया। विजय ने आशा को ये कहते हुए फिल्म से आउट कर दिया कि वह किसी भी एंगल से स्टार नहीं दिखती हैं और इस तरह से अभिनेत्री का डेब्यू टल गया। लेकिन आशा पारेख की किस्मत में कुछ और ही लिखा था। इस वाक्ये के 8 दिन बाद आशा पारेख को फेमस फिल्ममेकर नासिर हुसैन की फिल्म दिल देकर देखो लगी, जिसमें वह शम्मी कपूर के साथ नजर आईं। इस मूवी के जरिए आशा ने बतौर लीड एक्ट्रेस बॉलीवुड में कदम रखा। आलम ये रहा है कि दिल देकर देखो सफल साबित हुई और आशा पारेख रातोंरात स्टार बन गईं। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 60 से लेकर 70 के दशक में बैक टू बैक सफल फिल्में देकर आशा पारेख को जुबली गर्ल का टैग मिला और वही हिंदी सिनेमा की लेडी सुपरस्टार बन गईं। इस तरह से अपनी सफलता से आशा ने निर्देशक विजय भट्ट को मुंहतोड़ जवाब दिया।



**इन फिल्मों की वजह से बनीं सिल्वर जुबली**

आशा पारेख की ज्यादातर फिल्में 25 हफ्तों तक सिनेमाघरों में चलीं। जिसकी वजह से इंडस्ट्री के कई फिल्ममेकर्स ने उन्हें जुबली गर्ल बुलाना शुरू कर दिया।

**गौर किया जाए आशा की कल्ट फिल्मों की तरफ तो उनके नाम इस प्रकार हैं-**

मेरा गांव मेरा देश, तीसरी मंजिल, कारवां, कटी पतंग, दो बदन, आया सावन झूमके,कालिया, जब प्यार किसी से होता है

इन फिल्मों में आशा पारेख ने धर्मेंद्र, देवानंद, जितेंद्र, शम्मी कपूर, राजेश खन्ना और अमिताभ बच्चन जैसे कलाकारों के साथ काम किया।

# बैलेंस लाइफ जीती थीं शेफाली: पराग त्यागी

शेफाली जरीवाला के निधन से सबको बड़ा झटका लगा था। एक्ट्रेस ने कम उम्र में ही दुनिया को अलविदा कह दिया। शेफाली का जब निधन हुआ तब ऐसी खबरें आ रही थीं कि खाली पेट एंटी एजिंग की दवाई लेने की वजह से एक्ट्रेस का निधन हो गया। अब पराग ने इन अफवाहों पर अपना रिएक्शन दिया है और बताया कि ये सब गलत है। उन्होंने एक पॉडकास्ट में कहा, 'ये आधी जानकारी है। मैं पूछना चाहता हूं कौनसी एंटी मेडिसन? शेफाली हर दिन मल्टीविटामिन नहीं ले सकती थी क्योंकि वह भूल जाती थीं तो इसलिए वह महीने में एक दिन आईवी ड्रिप के जरिए वे सब लेती थीं।



इसमें मल्टीविटामिन, विटामिन सी, कॉलेजन और ग्लूताथियोन शामिल हैं जो बेस्ट एंटीऑक्सीडेंट्स हैं।'ऐसा भी कहा जा रहा था कि शेफाली ने उस पूरे दिन वर्त रखा था। इस पर पराग ने कहा, 'शेफाली ने फास्ट रखा था, लेकिन पूजा के बाद उन्होंने खाना खा लिया था और फिर सो गई थीं। इसके बाद उन्होंने बाद में भी खाना खाया था। ऐसा नहीं था कि उन्होंने पूरे दिन नहीं खाया।'पराग ने आगे बताया कि शेफाली अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखती थीं, लेकिन कभी खुद पर कठोर नहीं बनीं। वह संडे को आइस्ट्रीम खाती थीं या चाइनीज को भी। वह बैलेंस लाइफ जीती थीं।पराग ने फिर लोगों से गलत जानकारी फैलाने से मना किया है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कहां से ये फास्टिंग वाली स्टोरी आई। लोग बस ऐसे ही फैला देते हैं बात। मैं लोगों से रिक्वेस्ट करूंगा कि कुछ भी बोलने से पहलें सच जरूर जान लें।

# बॉलीवुड अभिनेता मुश्ताक खान ने दी बधाई



बॉलीवुड के वरिष्ठ अभिनेता मुश्ताक खान ने डियर गवर्नमेंट लॉटरी के गणेश चतुर्थी बम्पर प्राइज के 3 करोड़ रुपये के पुरस्कार विजेता के स्टॉकिस्ट और विक्रेता को सम्मानित किया. डियर गवर्नमेंट लॉटरी के कम्पैन मे वेलकम ऐक्टर मुश्ताक खान फीचर भी हुए थे और इसको मोहसिन खान ने डायरेक्ट किया था जो लोगों को आकर्षित करने में सफल रहा. बता दें कि डियर लॉटरी अकेली ऐसी सरकारी लॉटरी है जो मात्र 6 रूपए मे लोगों को करोड़पति बनाती है और अब तक ये लॉटरी खरीद कर कई लोग करोड़पति बन चुके हैं. अभिनेता मुश्ताक खान ने कहा कि बॉलीवुड ऐक्टर होने के नाते मुझे ऐसे लोगों से मिलना, उन्हें बधाईयाँ देना बहुत अच्छा लगता है जिनकी लॉटरी जीतने से जिन्दगी और किस्मत बदली हो. लॉटरी का टिकट लेना और लखपति, करोड़पति बनने का सपना हर आम आदमी देखता है और जब यह ख्वाब पूरा होता है तो उसके चेहरे पर जो खुशी झिलमिलाती है वह मुझे सुकून देती है. हम लोग सिनेमा मे भी सपने ही दिखाते हैं. कई फ़िल्मों मे तो लॉटरी का टिकट एक महत्वपूर्ण किरदार की तरह होता है. मुश्ताक खान ने लॉटरी सेलर सद्गुरु कृपा लॉटरी सेंटर (गावदेवी चौक, मझगांव, मुंबई डॉकयार्ड रोड) और स्टॉकिस्ट गणेश एंटरप्राइजेज दादर स्टेशन को बहुत-बहुत बधाई दी. सिक्किम स्टेट लॉटरीज़ की डियर गणेश चतुर्थी बंपर लॉटरी का प्रथम पुरस्कार 3 करोड़ रूपए था जिसमें से विक्रेता सद्गुरु लॉटरी ने 25 लाख रुपये का विक्रेता पुरस्कार जीता और स्टॉकिस्ट गणेश एंटरप्राइजेज, दादर ने 10 लाख रुपये का स्टॉकिस्ट पुरस्कार जीता।



# जान्हवी कपूर ने मां श्रीदेवी की साड़ी पहन लूटी महफिल

भारत की तरफ से ऑस्कर में भेजी गई फिल्म होमबाउंड के प्रीमियर से जान्हवी कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में जान्हवी अपनी दिवंगत मां श्रीदेवी की साड़ी पहने नजर आ रही हैं। भारत की तरफ से ऑस्कर में भेजी गई फिल्म 'होमबाउंड' के प्रीमियर में एक्ट्रेस जान्हवी कपूर अपनी मां श्रीदेवी की साड़ी पहने नजर आईं। श्रीदेवी को अपनी मां वाले ही अंदाज में इस एथनिक वियर को कैरी करते देख फौरन ही लोगों के जेहन में दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की यादें ताजा हो गईं। जान्हवी ने इस इवेंट में रेड कार्पेट पर वॉक किया और बॉयफ्रेंड शिखर परहिया के परिवार के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

मुंबई में 'होमबाउंड' की स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया था जिसमें बॉलीवुड के कई मशहूर चेहरे शरीक हुए। करण जौहर से लेकर फराह खान तक इस इवेंट का हिस्सा बने और इस इवेंट में जब जान्हवी की एंट्री हुई तो हर कोई उन्हें देखता रह गया। जान्हवी कपूर ने वही साड़ी, उसी अंदाज में पहनी हुई थी जो कभी उनकी मां श्रीदेवी विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की साड़ी में पहने नजर आई थीं। इस इवेंट से श्रीदेवी की तस्वीरें खूब वायरल हुई थीं। रॉयल ब्लू कलर की इस एलीगेंट साड़ी को जान्हवी कपूर ने ब्लैक ब्लाउज और डीसेंट जूलरी के साथ कैरी किया। एक दिलकश चोकर इस लुक की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा था। नीरज घेवान के निर्देशन में बनी इस फिल्म की स्क्रीनिंग में जान्हवी कपूर के अलावा फिल्म के लीड एक्टर ईशान खट्टर और विशाल जेठवा के अलावा विकी कौशल भी शरीक हुए। विकी कौशल के भाई सनी कौशल और करण जौहर व फराह खान भी इवेंट में नजर आए। कैमरा के सामने करण जौहर ने मस्ती करते हुए फराह खान ने उनके हाउसहेल्प दिलीप की तारीफ की।बात आउटफिट की करें तो जान्हवी कपूर की अपनी मां की साड़ी में ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं।



# परिणीति चोपड़ा ने फ्लॉन्ट किया अपना बेबी बंप

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा प्रेग्नेंसी की खुशखबरी देने के बाद पहली बार पब्लिकली अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आईं। लंबे समय से स्पॉटलाइट से दूर रहीं परिणीति ने अपने फैंस को सरप्राइज देते हुए आठ महीने बाद अपना यूट्यूब चैनल दोबारा लॉन्च किया है। लॉन्चिंग वीडियो में उनका प्रेग्नेंसी ग्लो और प्यारा सा बेबी बंप साफ नजर आ रहा है, जिसे देखकर फैन्स बेहद एक्साइटेड हैं। वीडियो में परिणीति मजेदार अंदाज़ में व्लॉगिंग करती, पॉडकास्ट आज़माती और कुकिंग की कोशिश करती दिखीं।

उन्होंने हंसी-ठिठोली करते हुए यह भी कहा कि व्लॉगिंग करना उतना आसान नहीं है, जितना बाहर से देखने पर लगता है। उनकी एनर्जी और मासूमियत ने वीडियो को और भी रिलेटेबल बना दिया। इससे पहले भी परिणीति अपनी प्रेग्नेंसी जर्नी से जुड़े छोटे-छोटे पल सोशल मीडिया पर शेयर करती रही हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने बताया कि इन दिनों उन्हें किस तरह की क्रेविंग्स हो रही हैं। उन्होंने टमाटर सूप और चीज़ टोस्ट की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था—"कभी-कभी डिनर में सिर्फ टमाटर सूप और चीज़ टोस्ट चाहिए होता है और कोई मुझे रोक नहीं सकता।" इस पोस्ट को पढ़कर फैन्स ने ढेरों प्यारे कमेंट्स किए और उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। स्पष्ट है कि परिणीति अपनी प्रेग्नेंसी फेज़ को खूब इंजॉय कर रही हैं और अपने फैन्स को भी हर अपडेट से जोड़े रखना चाहती हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि वह आगे अपने यूट्यूब चैनल पर किस तरह का नया कंटेंट लेकर आती हैं।



